वर्ष 73 अंक 228 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 17 मई, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

# रविवारीय दैनिक जागरण



**राजनीतिक : 07**
नीट पेपर लीकः सड़कों पर उतरी कांग्रेस....



**विविधः 09**
पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन में पांडुलिपियों का ...



**नजरिया : 04**
पीएम की अपीलों में कठिन समय की....



**स्पोर्ट्स : 11**
अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज....

## ऑफ बीट

### महिला ने 5 दिनों में दिया 4 बच्चों को जन्म



*उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) अस्पताल में एक महिला ने 4 बच्चों को जन्म दिया है। हैरानी की बात तो यह है कि इन चारों बच्चों को महिला ने 5 दिन में जन्म दिया है। इस मामले से देश के साथ पूरी मेडिकल इंडस्ट्री भी हैरान है। इस केस की एक और खास बात यह है कि सभी चार बच्चों की डिलीवरी सामान्य हुई है, जबकि ऐसे मामलों में आमतौर पर सिजेरियन ऑपरेशन की जरूरत पड़ती है। 31 साल की अमीना ने मात्र पांच दिनों में चार बच्चों को जन्म दिया, जिसमें 2 बेटे हैं और दो बेटियां हैं। अमीना ओबरी गांव की रहने वाली हैं और उनके पति मोहम्मद आलिम एक किराना स्टोर चलाते हैं। अमीना को प्रेगनेंसी के दूसरे महीने में ही पता चला की उनके पेट में चार बच्चे हैं। दूसरे महीने में डॉक्टरों की सलाह पर जब अल्ट्रासाउंड करवाया गया तभी सब को पता चला की गर्भ में एक या दो नहीं बल्कि चार बच्चे पल रहे हैं। डॉक्टरों ने बताया था कि यह सभी बच्चे अलग-अलग थैली में थे, जिससे प्रेगनेंसी में ओर भी ज्यादा रिस्क हो गया।*

## आईपीएल में आज

**पंजाब बनाम बेंगलुरु**
समय : रात 3.30 बजे से

**दिल्ली बनाम राजस्थान**
समय : रात 7.30 बजे से

प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणामः कोलकाता ने गुजरात को 29 रन से हराया।**

# 'सुपर अलनीनो' का डर, भीषण गर्मी और सूखा पड़ने की आशंका

## अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नोआ' का दावा- अल-नीनो की आशंका 82 प्रतिशत बढ़ी, आईएमडी चीफ ने भी जताई चिंता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जलवायु परिवर्तन को लेकर एक नई चेतावनी की चर्चा दुनिया भर में हो रही है। इस बात की संभावना है कि यह अब तक का सबसे मजबूत अल नीनो होगा। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है। नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा।





**अल-नीनो क्या होता है**
अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असमान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश होती है।

**अल-नीनो की संभावना सर्दियों में 96 प्रतिशत बढ़ी:** नोआ के नए अपडेट के मुताबिक इस साल मई से जुलाई के दौरान सुपर अल नीनो डेवलप होने की 82 प्रतिशत संभावना है। इसके सर्दियों (दिसंबर 2026 से फरवरी 2027) तक जारी रहने की 96 प्रतिशत आशंका है। जबकि, इसके 'स्ट्रॉन्ग' या 'वेरी स्ट्रॉन्ग' रहने की करीब 67 प्रतिशत आशंका है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका अब ज्यादा हो गई है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होती है। इंडोनेशिया, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में नमी खत्म होने से सूखा पड़ता है और जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है। मध्य प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का तापमान बढ़ने से भारी बारिश और चक्रवात की स्थिति बनती है। बता दें कि अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा।

### मध्य प्रदेश में सामान्य से कम होगी बारिश

मध्य प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। हालांकि लद्दाख, राजस्थान के कुछ हिस्से, तेलंगाना, साथ ही उत्तर भारत के कुछ हिस्से में इसका असर कम होगा। उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति बनने का सबसे ज्यादा खतरा है, जिससे सूखे और कृषि नुकसान की आशंका बढ़ सकती है।

## नीदरलैंड की धरती से पीएम मोदी ने दुनिया को चेताया

# यह दशक दुनिया के लिए आपदाओं का: प्रधानमंत्री

### पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

**द हेग, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान दुनिया को भविष्य को लेकर सजग भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि पहले कोविड आया, फिर युद्ध होने शुरू हो गए और अब आज का एनर्जी क्राइसिस है। ये दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बन रहा है।

अगर ये स्थितियां तेजी से नहीं बदली गई तो बीते अनेक दशकों की उपलब्धियों पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बहुत बड़ी आबादी फिर से गरीबी के दलदल में चली जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसी वैश्विक परिस्थितियों में आज दुनिया रेजिलिएंट सप्लाई चेन की बात कर रही है, तब भारत और नीदरलैंड मिलकर एक भरोसेमंद, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार सप्लाई चेन बनाने में जुटे हैं। पीएम मोदी ने कहा है कि आज भारत बहुत तेजी से बदल रहा है। भारत के लोगों के सपने और उम्मीदें अब बहुत बड़ी हो गई हैं। इसलिए देश भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।



चोल काल के ऐतिहासिक ताम्रपत्र को देखते पीएम मोदी।

### नीदरलैंड ने लौटाए 11वीं सदी के ताम्रपत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रॉयल पैलेस में नीदरलैंड के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी ने बताया कि 11वीं शताब्दी के चोल राजवंश के तांबे के पत्र (कॉपर प्लेट्स) अब नीदरलैंड्स से वापस भारत लाए जाएंगे। ये चोल कॉपर प्लेट्स कुल 24 प्लेटों का एक सेट है, जिसमें 21 बड़ी और 3 छोटी प्लेटें हैं। इन पर दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषाओं में से एक तमिल भाषा में लेख लिखे हुए हैं।

**नीदरलैंड भारत का बड़ा निवेशकः** नीदरलैंड की राजधानी हेग में आयोजित सीईओ राउंड टेबल ऑन इकोनॉमिक टाइज बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति का मजबूत रोडमैप पेश किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज 300 से अधिक डच कंपनियां भारत की विकास यात्रा का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। इसी विश्वास के कारण नीदरलैंड आज यूरोप से भारत का सबसे बड़ा निवेशक बन गया है।

## 'यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म' का शुभारंभ, देश भर की अदालतों में होगा लागू

# न्यायपालिका भी 24 घंटे कार्य करेः सीजेआई

**जागरण, भोपाल।** जिस तरह मां नर्मदा, छोटी-छोटी नदियों से मिलकर विशाल स्वरूप प्राप्त करती हैं। उसी प्रकार नई तकनीक के माध्यम से कोर्ट, पुलिस, जेल, फॉरेंसिक और मेडिको लीगल की शाखाएं यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर आमजन को त्वरित न्याय दिलाने में सहायक होंगी। लोगों को त्वरित न्याय देने के लिये न्यायपालिका को भी अस्पतालों की तरह 24 बाय 7 कार्य करना होगा।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जबलपुर में हाईकोर्ट के कार्यक्रम फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन- एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। मुख्य न्यायाधीश ने डिजिटल सेवाओं के विकास के लिए इस नवाचार के लिए मध्यप्रदेश की सराहना करते हुए कहा कि यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म की यह व्यवस्था देश के सभी न्यायालयों में लागू की जाए। कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य सचिव अनुराग जैन भी उपस्थित थे। सीजेआई ने वाक एवं श्रवण बाधित नागरिकों की सहायता के लिए मोबाइल एप्लीकेशन संकेत वाणी भी लॉन्च किया। मध्यप्रदेश ज्यूडीशियल एकेडमी द्वारा निर्मित ज्योति जर्नल 2.0 सॉफ्टवेयर भी लांच किया।



सीजेआई सूर्यकांत शर्मा ने जबलपुर में फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन का रिमोट से शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भी मौजूद थे।

### नवाचार से बढ़ेगी न्याय की गतिः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि डिजिटली सशक्त होने से न्याय प्रक्रिया पारदर्शी होंगी, इससे आमजन को न्याय तेज गति से प्राप्त होगा। इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म कागजी फाइलों की लंबी प्रक्रिया और जटिलता को समाप्त कर, फाइलों के त्वरित निपटारे और बेहतर प्रबंधन का मार्ग प्रशस्त करेगा। राज्य सरकार ने टेक्नोलॉजी को सुशासन से जोड़कर सायबर तहसीलों की स्थापना हो चुकी है। मंत्रीपरिषद की कार्यवाही डिजिटल की जा चुकी है। मप्र उच्च न्यायालय ने अपने नवाचारों के माध्यम से व्यवस्थाओं को आसान बनाया है। सीएम ने अन्य नवाचारों को भी बताया।





# नीट पेपर लीकः पुणे की लेक्चरर मांढरे गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शनिवार को पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मांढरे को गिरफ्तार किया है। मांढरे को दिल्ली में सीबीआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एजेंसी का दावा है कि मांढरे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा थी। मांढरे को पता था कि एग्जाम में कौन से सवाल आएंगे। उसने एग्जाम से पहले अपने पुणे स्थित घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। वहां छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के सवाल बताए, नोटबुक में लिखवाए और किताबों में मार्क करवाए। आरोप है कि मांढरे ने पुणे की ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे के जरिए नीट अभ्यर्थियों को जुटाया था। लीक पेपर देने के बदले छात्रों से लाखों रुपए लिए।



### सीबीआई रिमांड पर आरोपी मनीषा और कुलकर्णी

पेपर लीक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपी मनीषा मंधारे व सेवानिवृत्त प्रोफेसर कुलकर्णी को 10 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट से निकलते वक्त बेहोश होकर आरोपी लेक्चरर नीचे गिर गईं।

## आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू का ऐलान

# तीसरे पर 30 और चौथे बच्चे पर मिलेंगे 40 हजार रुपये

**अमरावती/विजयवाड़ा, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में घटती जनसंख्या को बढ़ाने के लिए तीसरे और चौथे बच्चे के जन्म पर प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया है। शुक्रवार को श्रीकाकुलम जिले के नरसन्नपेटा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि सरकार ने यह फैसला ले लिया है। नायडू ने कहा कि सरकार शनिवार को तीसरे बच्चे के जन्म पर 30,000 रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40,000 रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। यह घोषणा राज्य की घटती जनसंख्या के रुझान को पलटने के प्रयासों के तहत की गई है।



### क्या बोले चंद्रबाबू नायडू?

श्रीकाकुलम जिले के नरसन्नपेटा में एक जनसभा में नायडू ने कहा कि मैंने एक नया फैसला लिया है। हम तीसरे बच्चे के जन्म के तुरंत बाद 30,000 रुपये और चौथे बच्चे के लिए 40,000 रुपये देंगे। क्या यह सही फैसला नहीं है? नायडू ने 'स्वर्ण आंध्र-स्वच्छ आंध्र' स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

**दावा** नेटफ्लिक्स पर 24 घंटे में 20 करोड़ व्यूज मिले, सर्वर क्रैश

# पाक में धुरंधर 2 नंबर-1 ट्रेंडिंग फिल्म बनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 के पाकिस्तान में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के बाद प्लेटफॉर्म का सर्वर क्रैश हो गया और यह वहां नंबर-1 ट्रेंडिंग मूवी बन गई। ऐसा दावा पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी ने किया। हालांकि, सर्वर क्रैश होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फारूकी ने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया।

वीडियो में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोग 15 मई रात 12 बजे फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे और रिलीज होते ही बड़ी संख्या में लोगों ने एकसाथ फिल्म देखने की कोशिश की। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म को लेकर प्रोपेगेंडा होने की आलोचना के बावजूद पाकिस्तान में लोग इसे देखने के लिए उत्सुक थे। उनके मुताबिक, दर्शक यह जानना चाहते थे कि फिल्म कैसे बनाई गई है।

### 15 मई को स्ट्रीम हुई फिल्म ने तोड़े सारे रिकॉर्ड



एक और वीडियो में फारूकी ने दावा किया कि धुरंधर 2 पाकिस्तान में नेटफ्लिक्स पर नंबर-1 पर ट्रेंड कर रही है। माविया के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान में करीब 20 करोड़ व्यूज आए हैं और यह देश की सबसे बड़ी ट्रेंडिंग फिल्म बन गई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में इससे पहले किसी फिल्म ने रिलीज के सिर्फ 24 घंटे में नंबर-1 पोजिशन हासिल नहीं की। धुरंधर 2 पाकिस्तान में 15 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई। यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर नेटफ्लिक्स पर धुरंधरः द रिवेंज (रॉ एंड अनदेखा) टाइटल से रिलीज हुई। फिल्म का 3 घंटे 52 मिनट का अनकट वर्जन नेटफ्लिक्स पाक पर उपलब्ध है।

### 4 जून को भारत में होगी ओटीटी रिलीज

भारत में धुरंधर 2 के डिजिटल राइट्स जियो-हॉटस्टार के पास हैं, जहां यह 4 जून को रिलीज होगी। फिल्म की ओटीटी रिलीज की जानकारी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दी। पोस्ट में लिखा गया, 'आंधी बनके जो आ रहा है उसे धुरंधर कहते हैं। देखिए धुरंधरः द रिवेंज, रॉ एंड अनदेखा। ग्रैंड डिजिटल प्रीमियर 4 जून शाम 7 बजे, स्ट्रीमिंग शुरू 5 जून से सिर्फ जियो-हॉटस्टार पर।' बता दें कि धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करते हुए भारत में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने का रिकॉर्ड बनाया। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारत में करीब 1145 करोड़ नेट कलेक्शन किया।

केकेआर ने पहली बार गुजरात टाइटंस को ईडन गार्डन्स में हराया (पेज : 11)



## प्रफुल्ल सिंह चन्देल शासन की ओर से करेंगे उच्चतम न्यायालय में पैरवी



**रीवा।** सेवा निवृत्त डीएसपी जेबीएस चन्देल सिंगरौली निवासी हाल मुकाम शिल्पी सिटी चोरहटा के छोटे पुत्र प्रफुल्ल सिंह चंदेल का चयन उच्चतम न्यायालय दिल्ली में शासन के पक्ष में पैरवी रखने वाले वकीलों की सूची में 34 वें नंबर पर जारी किया गया। ज्ञातव्य है कि प्रफुल्ल विगत 6 वर्षों से दिल्ली न्यायालय में अभ्यास कर रहे हैं। विधि एवं विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रम. 1570/21-ब (दो)/ 2026 को जारी किया गया, जिसमें चयनित होकर प्रफुल्ल ने रीवा जिले सहित सीधी का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि उनके परिजनों सहित मित्र व साथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खुले नाले में फंसी गौवंश, निकालने में करनी पड़ी काफी मशक्कत



**रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 25 में बीती रात एक गाय खुले नाले में जा गिरी, यूं तो नाले के ऊपर प्लास्टर किया हुआ है, किन्तु कई जगह से यह प्लास्टर टूटा हुआ है, जिससे गाय नाले में जा गिरी। जब यहां के रहवासियों को इसकी जानकारी हुई तो लोगों की भीड़ जुट गई, गाय ऐसे हिस्से में फंस गई जहां नाले के ऊपर प्लास्टर किया हुआ था, लोगों ने गाय को टूटे प्लास्टर वाले हिस्से में बुलाने का प्रयास किया, लेकिन गाय आगे ही बढ़ती गई, लोगों ने आगे जाकर गाय को वापस मुड़ने के लिए हांकना शुरू किया, लेकिन गाय टस से मस नहीं हुई, खुले नाले से गाय को बाहर निकालने में लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ी। ज्ञातव्य है कि शहर के अधिकतर खतरनाक नाले ऊपर से खुले पड़े हैं, जिनमें आए मवेशी व लोग गिरते, पड़ते रहते हैं, किन्तु इन खतरों को ढंकने की जहमत नहीं उठाई जा रही। जबकि गत वर्ष वार्डों में लगाए गए जनसमस्या निवारण शिविरों में खुले नाले-नालियों से होने वाली दुर्घटनाओं की शिकायतें भी सामने आई थी, जिस पर तत्कालीन निगमायुक्त द्वारा खुले नाले-नालियों को ढंकने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु जिम्मेदारों ने अन्य आदेशों की भांति उक्त आदेश को भी ताक पर धर दिया।

## कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम की बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**रीवा।** कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के पीछे लगभग 06.82 लाख रुपये की लागत से बनने बाली बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विगत शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 07 की पार्षद अर्चना शिवदत्त पाण्डेय द्वारा किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद अर्चना पांडेय ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिये। इस मौके पर वार्ड 07 के पूर्व पार्षद एडवोकेट शिवदत्त पाण्डेय, मेसर्स मां प्रज्ञा कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि विपिन शुक्ला, नगर निगम के उपयंत्री निखिल रजक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई शनि जयंती, शनिदेव को लगाया भोग



**जागरण, रीवा।** शहर भर में शनि जयंती पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शनि जयंती के अवसर पर सुबह से ही शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, भगवान शनिदेव को काले तिल व तेल से स्नान करवाकर दीपदान किया गया। मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया। शहर के समान तिराहा पर स्थित शनि मंदिर में भगवान शनिदेव को तिल, तेल से स्नान करवाकर पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं का तिल, तेल चढ़ाने का क्रम चलता रहा। यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, भगवान शनिदेव को भोग लगाने के पश्चात उपसिथत श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

## पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य के लिए किया व्रत

### सुबह से शहर के देवालयों में उमड़ी महिलाओं की भीड़



**जागरण, रीवा।** ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर शनिवार को वट सावित्री व्रत महिलाओं द्वारा भगवान गणेश, शिव-पार्वती की पूजन अर्चन कर किया गया। सुबह से ही शहर के मंदिरों में व्रतधारी महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी। पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 12 मिनट से 8 बजकर 24 मिनट तक रहा। हालांकि पूजन के लिए लिए अन्य मुहूर्त भी थे, लेकिन सुबह के समय पूजन करने वालों की खासी भीड़ लगी रही। महिलाओं ने भगवान गणेश, शिव पार्वती की पूजन अर्चन के साथ ही वट वृक्ष की पूजन कर श्रृंगार सामग्री अर्पित की, इसके पश्चात कच्चा सूत लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा कर अखंड सौभाग्य के साथ ही पति की लंबी आयु के साथ ही सुख, समृद्धि की कामना की। अंत में वट सावित्री व्रत कथ ाका श्रवण कर प्रसाद का भोग लगाकर उपस्थित लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दिन व्रतधारी महिलाएं पूजन करने के पूर्व जल भी ग्रहण नहीं करती, पूजन करने के पश्चात गलाए गए चने और वट वृक्ष के फल के सेवन पश्चात ही जल ग्रहण करती हैं। महिलाओं ने वट वृक्ष पर दीप, धूप, जल, अक्षत फल व फल अर्पित किए। व्रतधारी महिलाओं ने एक समय फलाहार अथवा भोजन ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया।

## भाजपा सरकार ने वो काम किया जिसे लोग असंभव मानते थे

**भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में उप मुख्मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा**

### दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ शुभारंभ



**जागरण, रीवा**

शनिवार 16 मई से समदड़िया गोल्ड पैलेस में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया। महाअभियान में सांसद-विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर प्रदेश जिला स्तरीय पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष और महामंत्री अपेक्षित किए गए हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा सरकारी योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनी का कार्यक्रम स्थल पर उद्घाटन किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमने प्रदेश को बीमारू राज्य के कलंक से बहार लाकर विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा किया है। श्री शुक्ल ने कांग्रेस कार्यकाल की खस्ताहाल सड़कों व बिजली अव्यवस्था को बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश का चौमुखी विकास हुआ है। श्री शुक्ल ने कहा कि आज हमारी सरकार ने वह काम किया है जिनको लोग असंभव मानते थे। आज प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में एक शक्तिशाली वैभवशाली और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। 03 में प्रदेश की जनता ने बंटाधार युग को समाप्त करने के लिए हमारी सरकार को चुना था तभी से प्रदेश में विकास के नए युग की शुरुआत हुई, हमने विकास के साथ जन सरोकारों को भी पूरा करने का काम किया है। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था और विंध्य को सबसे पिछड़ा क्षेत्र के रूप में पहचान जाता था। हमने सड़क बिजली पानी चिकित्सा शिक्षा हर क्षेत्र में अद्भुत पूर्व काम किया है, हम सत्ता के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा के तौर पर जाने जाते हैं। आज हर क्षेत्र में प्रदेश विकास की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। बंटाढार युग के समापन के बाद नए विकास के युग का सूत्रपात 2003 में हुआ था जिससे प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान की प्रस्तावना भाजपा रीवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल कार्यकर्ताओं की क्षमता को बढ़ाने के लिए नहीं है, बल्कि यह पार्टी की विचारधारा और समर्पण की भावना को और अधिक सशक्त होगी बनाने के लिए है। सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने हमारा विचार परिवार विविध क्षेत्रों में काम कर रहा है जिसकी बदौलत आज हम बट वृक्ष की तरह खड़े हैं। भाजपा का कार्यकर्ता विचारधारा से प्रेरित है।

### प्रशिक्षण से समाज में संवेदनशील और पार्टी का सक्षम कार्यकर्ता तैयार होता है: विजय दुबे

प्रशिक्षण महाअभियान में संभाग प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि महाअभियान का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सिद्धांत को साकार करना है, जिसकी वैचारिक प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्राप्त होती है। भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने कहा कि विचारधारा के प्रति निष्ठा हमारे संगठन की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता का भाजपा पर निरंतर भरोसा बढ़ा है। हम सभी कार्यकर्ताओं को जनता के इस भरोसे को इसी तरह बनाए रखने के लिए लगातार कार्य करना है। सतना पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी व डॉ सपना वर्मा ने भी सत्र को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में सांसद जनार्दन मिश्रा, वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह, विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, महाबली गौतम, राम सिंह, अंजू मिश्रा, रमेश गर्ग, राजगोपाल चारी, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विंध्य विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, विधायक नागेंद्र सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, दिव्य राज सिंह, नरेंद्र प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, पूर्व विधायक पन्नाबाई प्रजापति, श्याम लाल द्विवेदी, प्रदेश पैनलिस्ट मीडिया बृजेश पांडेय, अनिल पटेल, योगेंद्र शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रशिक्षण प्रशिक्षण शिविर के संयोजक प्रबोध व्यास ने संचालन किया सह संयोजक विवेक गौतम व अशोक सिंह गहरवार, सुमन शुक्ला सहित अपेक्षित सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## देश भर के सभी राष्ट्रीय उद्यानों में किया जाय ई-व्हीकल का उपयोग

### पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिया सुझाव



**जागरण, रीवा।** पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख ईंधन की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु ई-व्हीकल के उपयोग को बढ़ावा देने के संबंध में सुझाव दिया है कि देश भर के सभी राष्ट्रीय उद्यानों में ई-व्हीकल का उपयोग किया जाय। पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने यह जानकारी होटल रीवा राजविलास में पत्रकारों चर्चा करते हुए दी। पूर्व मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गये पत्र में कहा है कि पूरे देशवासी वर्तमान कठिन परिस्थितियों में आपके नेतृत्व, दूरदृष्टि एवं राष्ट्रहित में लिए जा रहे निर्णयों की सराहना कर रहे हैं। जिस प्रकार आपने देश को मजबूती से संभालने का बीड़ा उठाया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। आपने अपने काफिले में जो कटौती की है, उस पर पुनर्विचार किया जाए। आप देश की आशा, विश्वास एवं शक्ति हैं। आपकी सुरक्षा हम सबके लिए सर्वोपरि है। हम बाबा विश्वनाथ एवं बाबा महामृत्युंजय से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षित रहने की निरंतर प्रार्थना करते हैं। पूर्व मंत्री ने पत्र में आगे लिखा है कि आपने ईंधन की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु ई-व्हीकल के उपयोग को बढ़ावा देने की जो प्रेरणा दी है, वह अत्यंत सराहनीय है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं राजस्थान में स्थित विंध्याचल एवं अरावली पर्वत श्रृंखलाओं के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय उद्यानों में ई-व्हीकल आधारित पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाए। इन राष्ट्रीय उद्यानों में देश-विदेश से भारी संख्या में पर्यटक बाघ एवं अन्य वन्यजीवों को देखने तथा प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते हैं। यदि प्रत्येक राष्ट्रीय उद्यान में कम से कम 2 या 3 प्रवेश द्वार ऐसे निर्धारित किए जाएँ जहाँ केवल ई-व्हीकल को अनुमति मिले, तो इससे हजारों गैलन ईंधन की बचत होगी तथा ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

## बीच सड़क पर खड़ा कर देते हैं ऑटो, रिक्शा



**रीवा।** ढेकहा तिराहे में ऑटो व रिक्शा चालक बीच सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यहां बार-बार जाम लगता है। शनिवार को भी ढेकहा तिराहे के मोड़ में आधा दर्जन ऑटो सड़क पर ही खड़े थे, पीछे आ रही बस के चालक ने कई बार बस निकालने हॉर्न बजाकर ऑटो, रिक्शा हटाने को कहा, किन्तु बस चालक की बात सुनकर भी अनसुनी कर रहे थे। तिराहे पर एक पुलिस कर्मी मौजूद रहता है, जिनका जिम्मा ढेकहा तिराहे से लेकर बीड़ा मोड़ तक का है, उधर व्यवस्था सुधारने जाते हैं तो इधर आने वाले वाहन चालक अपनी मनमानी करते हैं और तिराहे पर रहते हैं तो बीड़ा मोड़ पर वाहन चालक मनमानी करने से बाज नहीं आते। ऐसे में यहां दिनभर में दर्जनों बार जाम लगता है।

## घंटी और शंख बजाकर जनप्रतिनिधियों को जगाएंगे

### डिप्टी सीएम आवास के बाहर 19 को प्रदर्शन करेगी एनएसयूआई



**जागरण, रीवा।** नीट 2026 परीक्षा में सामने आए पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं हर वर्ष नीट परीक्षा में अपने सुनहरे भविष्य का सपना लेकर शामिल होते हैं। छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं तथा माता-पिता अपनी जीवनभर की कमाई, कर्ज और उम्मीदें बच्चों की शिक्षा पर लगा देते हैं, लेकिन बार-बार हो रहे पेपर लीक ने छात्रों के विश्वास, मेहनत और भविष्य पर गंभीर चोट पहुंचाई है। पंकज उपाध्याय ने कहा कि एनएसयूआई की प्रमुख मांग है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को तत्काल भंग किया जाए तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने मांग की कि प्रभावित छात्रों के लिए निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता भी प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त प्रभावित परिवारों को आर्थिक मुआवजा और वित्तीय सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा परीक्षा आयोजित की जाती है तो केंद्र सरकार सभी छात्रों और उनके परिवारों के लिए निःशुल्क परिवहन, ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि किसी भी छात्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बड़े नेताओं को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। हर बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी प्रेस वार्ता कर अपनी गलती स्वीकार कर बच निकलती है, लेकिन इस बार छात्र चुप नहीं बैठेंगे। पंकज उपाध्याय ने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़ा कानून बनाया जाना चाहिए, ताकि छात्रों का भविष्य खराब करने वालों को कठोर सजा मिल सके। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की गई। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मुद्दा नहीं है, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता का प्रश्न है। अब छात्र चुप नहीं बैठेंगे और न्याय मिलने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा। एनएसयूआई रीवा द्वारा 19 मई को भाजपा जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के विरोध में डिप्टी सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा।

## नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जूलूस

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने भाजपा नेताओं पर लगाया आरोप




**जागरण, रीवा।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने विवेकानंद पार्क से शिल्पी प्लाजा तक मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन जिलाध्यक्ष इंजी.राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा (बाबा) एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू की अगुवाई में किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी.राजेन्द्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक हो जाने से सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। लाखों-लाख विद्यार्थियों की आशाओं पर पानी फिर गया हैं। केन्द्र के शिक्षा मंत्री केवल खेद प्रकट कर इस प्रकरण से पल्ला झाड़ रहे हैं। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि भाजपा शासनकाल में परीक्षाओं का पेपर लीक होना आम बात हो गयी है। परीक्षा का पेपर लीक होने से सभी परीक्षार्थी अवसाद की स्थिति मे हैं और उनके द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। कहा कि पिछले वर्षों में भी पेपर लीक हुए लेकिन दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही का खुलासा अभी तक नही हो पाया है। उन्होंने पेपर लीक मामले में भाजपा के नेताओं का हाथ होने का भी आरोप लगाया। इंजी. श्री शर्मा ने कहा कि यदि व्यवस्था पर सुधार नहीं किया गया तो छात्रों के हित मे कांग्रेस पार्टी कठोर-कठोर से कदम उठाएगी। रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि पेपर लीक होना जिम्मेदारी लेते हुए नैतिकता के नाते केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र हित में कांग्रेस पार्टी सदैव खड़ी रही है और भविष्य में खड़ी रहेगी। मशाल जुलूस में इंजी. राजेन्द्र शर्मा व महापौर अजय मिश्रा बाबा सहित शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, कांग्रेस महासचिव कविता पाण्डेय, विद्यावती पटेल, बबिता साकेत, डॉ एसपीएस तिवारी, गोविन्ददास तिवारी, शिव प्रसाद प्रधान, गिरीश सिंह, लखनलाल खण्डेलवाल, लल्लन खान, सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, रमेश पटेल, शिवेन्द्र सिंह बघेल, मुस्तहाक खान, अनूप सिंह चंदेल, पंकज उपाध्याय, रोहन जॉन, जीपी त्रिपाठी, प्रवीण पाण्डेय, प्रदीप अवस्थी, सौरभ मिश्रा, डॉ विमल दुबे, राजेन्द्र सिंह रिमारी, तारा त्रिपाठी, सत्या द्विवेदी, ममता तिवारी, प्रभा सोहगौरा, प्रतिभा सिंह, प्राची शुक्ला, विजय लक्ष्मी मिश्रा, ममता सिंह, लक्ष्मी सिंह, रामकीर्ति शर्मा, मोहम्मद रफीक अंसारी, जितेन्द्र सिंह, संजय तिवारी, अखिलेश द्विवेदी काकू, अकरम अंसारी, अमृतलाल मिश्रा, नवीन सिंह, के पी सिंह, चंचल द्विवेदी सहित सैकड़ों की तादाद मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने रानी तालाब परिसर का किया भ्रमण



### झलबदरी तालाब का भी किया अवलोकन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रानी तालाब परिसर में भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनों से संवाद किया। उन्होंने रानी तालाब परिसर की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने माँ कालिका के दर्शन किए तथा प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन उपस्थित रहे।

## कृषक कल्याण वर्ष के तहत कृषि रथों को दिखाई गई हरी झंडी

### 25 मई तक चलेगा व्यापक जनजागरुकता अभियान




**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में जिले में कृषि एवं संबद्ध विभागों के माध्यम से व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय एवं समस्त विकासखंड मुख्यालयों से कृषि रथों के संचालन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, पूर्व विधायक त्यौंथर श्यामलाल द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में एवं उप संचालक कृषि यू.पी. बागरी, प्राचार्य एईटीसी कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.जे. सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. केवल सिंह बघेल, डॉ. स्मिता सिंह और डॉ. किंजल्क सिंह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.पी.सिंह, रामजी पाण्डेय, अन्य कृषि विस्तार अधिकारी, आत्मा परियोजना के तकनीकी अधिकारी और क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह महत्वाकांअभियान जिले के प्रत्येक विकासखंड के अंतर्गत निर्धारित सभी ग्राम पंचायतों में पहुँचेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि तकनीकों का धरातल पर प्रचार-प्रसार करना है। प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर तीन चरणों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, डेयरी, कुक्कुट पालन, रेशम पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं और नवीन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के दौरान किसानों को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन तथा खरीफ पूर्व खेत समतलीकरण जैसे समसामयिक और बेहद उपयोगी विषयों पर विस्तार से जागरूक किया जाएगा।

## भोजशाला निर्णय-धर्म सनातन की विजय

### हिन्दू धर्म परिषद ने किया स्वागत, बांटी मिठाइयां



**जागरण, रीवा।** हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि भोजशाला में हाई कोर्ट का जो निर्णय हुआ है वह हिन्दू धर्म और सनातन की विजय है, इस ऐतिहासिक निर्णय से धार भोजशाला में ज्ञान की देवी मां सरस्वती मंदिर के भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। श्री राम मंदिर के बाद यहां वाग्देवी के मंदिर का निर्माण कराने का सपना जरूर पूर्ण होगा। हाईकोर्ट के निर्णय का श्री डिगवानी सहित अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा, संयोजक सुमित मांजवानी, सह संयोजक उमेश कुशवाहा, मार्गदर्शक डॉ. सी.बी.शुक्ला, डॉ. के.के.परौहा, डी.पी.सिंह परिहार, डॉ. ज्योति सिंह, अवधेश श्रीवास्तव अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, कलम परिवार के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणि, कार्यकारी अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह ने हार्दिक स्वागत करते हुये हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर मिठाइयां बाटकर सबका मुंह मीठा कराया गया।


आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध

कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रेक्चर

नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

## लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई : 5 हजार की रिश्वत लेते पटवारी ट्रैप

### सीमांकन के लिए मांगे थे 15 हजार रुपए



**जागरण, रीवा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त संगठन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त संभाग रीवा की टीम ने शुक्रवार को ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी पटवारी मनोज पांडे को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। आरोपी मनोज पांडे पिता पी.एन. पांडे 52 वर्ष निराला नगर रीवा का निवासी है और पटवारी हल्का खजुहा कला जिला रीवा में पदस्थ है। शिकायतकर्ता कमलेश पटेल पिता राम जियावन पटेल निवासी ग्राम खजुआ कला ने गत 13 मई को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके पिता के नाम ग्राम खजुआ कला में भूमि है। गांव के रामाधार पटेल एवं अन्य लोगों द्वारा तहसील गुढ़ में सीमांकन के लिए आवेदन लगाया गया था, जिसमें उनकी जमीन भी सरहदी क्षेत्र में शामिल थी। आरोप है कि जमीन की सीमा बरकरार रखने के एवज में हल्का पटवारी मनोज पांडे द्वारा 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी पहले ही 10 हजार रुपए रिश्वत ले चुका था और शेष 5 हजार रुपए की मांग कर रहा था। इसके बाद लोकायुक्त रीवा की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की और आरोपी को राजीव मार्ग निराला नगर स्थित स्थान पर 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार के नेतृत्व में कार्रवाई :** पूरी कार्रवाई उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई। ट्रैप दल में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया, स्वतंत्र शासकीय गवाह एवं 12 सदस्यीय टीम शामिल रही। लोकायुक्त संगठन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना लोकायुक्त रीवा को दें।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

## बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सड़क पर किया चकाजाम

### आश्वासन के बाद माने ग्रामीण



**जागरण, रीवा।** अजगरहा में ग्रामीणों ने बार-बार बिजली गुल होने और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। नाराज लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जिसके बाद यातायात बाधित हो गया। जानकारी के बाद बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे जिनके आश्वासन के बाद ग्रामीण मानने को तैयार हुए। मिली जानकारी के मुताबिक भीषण गर्मी में बिजली और पानी के संकट के कारण आक्रोशित लोग सड़क पर जाम लगाकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की, जिसके बाद अधिकारियों को मौके पर बुलाकर समाधान की मांग की गई। अजगरहा और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही इस तरह की बिजली संबंधी समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते चार दिनों से लगातार बिजली की समस्या बनी हुई है लो-वोल्टेज के कारण पंखे और कूलर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे भीषण उमस और गर्मी में बुजुर्गों व बच्चों का बुरा हाल है। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की कतारें लग गईं, जिसके बाद स्थानीय पुलिस विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने व फॉल्ट सुधारने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का सीधा आरोप था कि लगातार उनके द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी जाती रही लेकिन सुधार के कोई प्रयास नहीं किए गए जिससे परेशान होकर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। नाराज लोगों का कहना था कि अगर तय समय में सुधार नहीं हुआ तो आगे उग्र प्रदर्शन करने का बाध्य होगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किसान झुलसा

### खेत से ट्रैक्टर निकाल रहा था किसान, दुबहाई खुर्द गांव की घटना

**जागरण, रीवा।** दुबहाई खुर्द के बघेला गांव में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कृषि कार्य के दौरान खेत से ट्रैक्टर निकाल रहा एक किसान हाईटेंशन लाइन के चुम्बकीय खिंचाव की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय कुमार पटेल पिता हीरालाल पटेल, हीरामणि शुक्ला के ट्यूबवेल के पास खेत से ट्रैक्टर निकाल रहे थे। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के अत्यधिक नीचे एवं ढीले तारों के कारण अचानक करंट प्रवाहित हो गया, जिससे विजय कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। घटना देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों एवं ग्रामीणों ने तत्काल घायल को गंभीर अवस्था में रीवा स्थित नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से हाईटेंशन लाइन के तार जमीन के काफी नजदीक और ढीले लटक रहे हैं, जिसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पीड़ित परिवार एवं स्थानीय ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में झूल रहे हाईटेंशन तारों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## डकैती सहित गंभीर वारदात मामले में फरार आरोपी पकड़ाए



**रीवा।** मनगवां पुलिस ने तीन गंभीर वारदात के बाद फरार दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने डकैती सहित कई गंभीर धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। पुलिस ने घटना के बाद लगातार फरार चल रहे आरोपी सुखेद्र उर्फ पाली निवासी बेलवा पैकान को पकड़ा जो एक के बाद एक लगातार तीन गंभीर अपराध करने के बाद से फरार था, पकड़े गए आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इसके साथ ही डकैती मामले में आरोपी के साथी पर भी 3000 रुपए के इनाम उद्घोषित किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

## हाइवे में नकाबपोश बदमाशों ने झपट्टा मारकर बाइक सवार दंपित का छीना पर्स

### नकदी और मोबाइल ले गए बदमाश, लौर थाना क्षेत्र के पलिया के पास हुई वारदात



**जागरण, रीवा।** लौर थाना क्षेत्र के पलिया के पास हाइवे में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बाइक सवार दंपति को अपना शिकार बनाया। आरोपियों ने झपट्टा मारकर पति के साथ बाइक में बैठी महिला का पर्स छीना और मौके से फरार हो गए। पर्स में महिला 12 हजार रुपए नकद, मोबाइल सहित दस्तावेज लिए हुई थी। घटना शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे के आसपास की है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत लौर थाना में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। घटना के संबंध में लौर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पलिया हाइवे पर दिनदहाड़े बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि अशोक विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ बाइक से मऊगंज से मनगवां होते हुए रीवा आ रहा था, जैसे ही वो पलिया हाइवे पर पहुंचा, बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने उनकी बाइक के बगल से बाइक लगाई और पत्नी का पर्स छीन लिया। जब तक उन्होंने शोर शराबा किया, वारदात को अंजाम देते हुए आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध बाइक सवारों की तलाश में जुटी हुई है। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना ने क्षेत्र में भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी, लूट और राहजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखाई नहीं दे रहा। लोगों ने हाइवे पर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## दो बाइकों में जोरदार टक्कर: युवक की मौत, महिला सहित दो घायल

### नईगढ़ी के सुमेदा में हुआ सड़क हादसा



**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुमेदा गांव के पास शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो बाइकों के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे कटरा-मऊगंज मुख्य मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हुई। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक घटना में प्रिंस विश्वकर्मा 23 वर्ष निवासी ग्राम भीर की मौत हो गई। वहीं उसकी भाभी संगीता विश्वकर्मा 35 वर्ष घायल हुई है। बताया गया दोनों मऊगंज की ओर जा रहे थे, जैसे ही वो सुमेदा गांव के पास पहुंचे, सामने से आई बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक सवार विपिन पटेल 24 वर्ष निवासी बड़ोखर जिला सीधी रिश्तेदारी में भलुहा गांव जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान वहां से गुजर रहे दीपक गोस्वामी निवासी सोनौरी तहसील त्योंथर ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी और 112 एंबुलेंस व एक ऑटो चालक की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आर.के. पाठक ने परीक्षण के बाद प्रिंस विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। वहीं संगीता विश्वकर्मा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरे बाइक चालक विपिन पटेल का उपचार नईगढ़ी अस्पताल में जारी है।

## रतहरा शराब दुकान संचालक की मनमानी से रिंग रोड में लगता है जाम



**रीवा।** रिंग रोड स्थित रतहरा शराब दुकान संचालक की मनामनी का खामियाजा स्थानीय लोगों, दुकानदारों व वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। दुकान के सामने वाहन पार्किंग नहीं होने से सड़क पर वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है, जिससे रोजाना ही जाम की स्थिति बनती है और आमजन को परेशान होना पड़ता है। बाईपास मार्ग बंद होने से इसी मार्ग से बड़े वाहन भी गुजरते हैं और शराब दुकान के चलते लगने वाले जाम का शिकार हा जाते हैं, हालात यह बनते हैं कि रतहरा से लेकर सिरमौर चौक तक जाम की समस्या से लोगो को परेशान होना पड़ता है।

## हनुमान मंदिर बऊली धाम से देवतहा तक सड़क बनाने की मांग



**जागरण, रीवा।** मनिकवार के आस्था के केन्द्र श्री हनुमान मंदिर बऊली धाम होकर देवतहा तक शीघ्र सड़क बनाने अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस परिषद एवं सरपंच महापरिषद अध्यक्ष पं. राजकुमार सिंह तिवारी ने मुख्यमंत्री को रीवा संभाग आयुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बऊली धाम हनुमान मंदिर होते हुए देवतहा तक सड़क का अभाव होने से श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस दौरान बड़ी संख्या में परिषद के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## एसजीएमएच के अस्थाई कर्मचारियों ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल के के समस्त अस्थाई कर्मचारियों ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को गत दिवस ज्ञापन सौंपकर भारतीय श्रम संहिता के वैधानिक प्रावधान एवं श्रम विभाग के नियमों का हवाला देकर बताया कि किसी भी स्थाई एवं अस्थाई कर्मचारी का चरित्र समस्त कर्मचारी द्वारा कार्य में प्रवेश के दौरान प्रथम बार करवाया जाता है। साथ ही श्रम संहिता एवं श्रम कार्यालय किसी भी कर्मचारी के छमाही व सालाना चरित्र प्रमाण-पत्र लेने की अधिकारिक पुष्टि नहीं करता साथ ही आपके अधीनस्त समस्त अस्थाई कर्मचारी अति लघु वेमनमान पर अपना जीवन यापन करते हैं। जिस कारण समस्त कर्मचारी बार-बार चरित्र प्रमाण-पत्र देने में असमर्थ हैं, अत्यधिक कर्मचारी काफी दूर दराज से कार्य व रोजगार के लिए शहर में स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं जिस कारण इस कार्य के लिए एक साथ कर्मचारियों का चरित्र प्रमाण-पत्र हेतु जाना कार्य को बड़े स्तर पर प्रभावित करेगा। कर्मचारियों ने मांग रखी कि श्रम कार्यालय के अधिकारिक नियमों का पालन कर समस्त अस्थाई कर्मचारियों को अकारण चरित्र प्रमाण-पत्र के निर्माण के लिए बाध्य न किया जाए।

## बिछिया थाने में देश के पहले संकेत संवाद मध्यस्थता केंद्र का हुआ ई-लोकार्पण

## मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने किया शुभारंभ

### सीएम डॉ. मोहन यादव सहित सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट के न्यायमूर्तिगण रहे मौजूद



**जागरण, रीवा।** मूक बधिर पक्षकारों के विवादों को मीडिएशन के माध्यम से निराकृत करने हेतु बिछिया थाना में देश का पहला संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र का ई-लोकार्पण शनिवार को मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति सूर्यकांत के द्वारा किया गया। यह केंद्र मूक-बधिर पक्षकारों के लिए विवादों का मीडिएशन के जरिए समाधान करेगा। सांकेतिक भाषा के मध्यस्थों की मदद से उनकी बात सुनी जाएगी और समझौते कराए जाएंगे। रीवा का बिछिया थाना इस तरह का विशेष मध्यस्थता केंद्र पाने वाला देश का पहला थाना बन गया है। इस ऐतिहासिक ई-लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, न्यायमूर्ति जे.के. महेश्वरी न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति प्रसन्न भालचंद वराले, न्यायमूर्ति मनमोहन, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह एवं न्यायमूर्ति आलोक अराधे सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय विधि एवं राज्य न्याय मंत्री, न्यायमूर्ति संजीव सचदेव मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं न्यायाधिपतिगण म.प्र. उच्च न्यायालय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### बिछिया थाने में हुआ भव्य कार्यक्रम

देश के पहले संकेत संवाद मध्यस्थता केंद्र के ई-लोकार्पण अवसर पर बिछिया थाना परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के सचिव समीर कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक गुरुकरण सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं आरती सिंह एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा तथा सांकेतिक भाषा के मध्यस्थ प्रीतेश कुमार पाण्डेय, अमित कुमार चतुर्वेदी, इंटरप्रेटर कृष्णकुमार शर्मा तथा अन्य मूक बधिर व्यक्ति उपस्थित रहे।

**इंदौर में दिया गया है प्रशिक्षण :** जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि संवाद मध्यस्थता केंद्र खुल जाने से मूक बधिरों के मामलों को सुलझाने में मदद मिलेगी। इसके लिए इंदौर में प्रदेश भर के 28 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण में रीवा जिले से तीन लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसमें रीवा से सांकेतिक भाषा के मध्यस्थ प्रीतेश कुमार पाण्डेय, अमित कुमार चतुर्वेदी, इंटरप्रेटर कृष्ण कुमार शर्मा रहे हैं। इनके माध्यम से मूक बधिरों की समस्याओं को पूरी तरह से समझा जा सकेगा और उन्हे न्याय प्रदान करने में सहूलियत होगी।

## गिद्ध गणना : 22 से खोजेंगे आवास, घोंसले, पेड़ पर बैठे भी गिनेंगे

### तीन दिन तक होगी ग्रीष्मकालीन गिनती, पूर्वा फॉल क्षेत्र में ज्यादा संख्या



**जागरण,रीवा।** वन विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 22 से 24 मई तक कराई जा रही है। जिसमें वन विभाग का अमला गिद्ध आवास खोजेंगे। गुरुवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर वन विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में गिद्ध की प्रजाति विलुप्त होती जा रही है। इसको देखते हुए वन विभाग के द्वारा गिद्ध संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे है। हर साल शीतकालीन और ग्रीष्म कालीन गिद्ध गणना कराई जा रही है। शीत कालीन गिद्ध गणना 20 से 22 फरवरी तक की गई थी। अब 22 से 24 मई तक ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना की जा रही है। गिद्ध गणना का कार्य गिद्ध आंकलन एवं संरक्षण के लिए विकसित उन्नत डिजिटल मोबाइल एप गरुण के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही प्रचलित प्रपत्रों के माध्यम से भी फील्ड स्टाफ द्वारा निर्धारित तिथियों में डाटा प्रविष्टि का कार्य किया जाएगा।

### सुबह पांच बजे पहुंचेगा अमला

गिद्ध गणना के लिए प्रशिक्षित मैदानी अमला सुबह पांच बजे चिन्हित गिद्ध आवास स्थलों में पहुंचेंगे और यहां गिद्ध आवास देखेंगे और वृक्षों, चट्टानों पर बैठे गिद्ध को गणना में शामिल किया जाएगा। उड़ते हुए गिद्ध गणना में नहीं शामिल किए जाएंगे। प्रशिक्षित अमले के द्वारा बाइनाकुलर (दूरबीन) से गिद्धों की पहचान की जाएगी और मोबाइल एप में फोटो केप्चर कर अपलोड करते हुए गिद्धों की संख्या, आवास की संख्या, गिद्धों की प्रजाति और गिद्ध मेल, फीमेल, वयस्क, अवयस्क दर्ज किए जाएंगे।

### शीतकालीन गणना में मिले थे 555 गिद्ध

20 से 22 फरवरी के मध्य शीतकालीन गिद्ध गणना में जिले भर में कुल 555 गिद्ध दर्ज किए गए थे। इस दौरान वृक्षों पर गिद्धों के घोंसले भी चिन्हित किए गए थे। बताया गया कि पूर्वा फॉल सेमरिया रेंज में संख्या सर्वाधिक रही थी। एक बार फिर गणना शुरु की जा रही है। भारत में गिद्धों की कुल 9 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से अधिकांश लुप्तप्राय श्रेणी में आती हैं। मध्यप्रदेश में गिद्धों की 9 में से 7 प्रजातियां पाई जाती हैं। मध्य प्रदेश वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 की गणना में गिद्धों की कुल संख्या 12981 दर्ज की गई थी। इस वृद्धि के साथ ही मध्य प्रदेश भारत में सबसे अधिक गिद्धों वाला राज्य बन गया है। 9 प्रजातियों में से प्रदेश में 7 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें 4 स्थानीय जैसे भारतीय गिद्ध, सफेद पीठ वाले गिद्ध और 3 प्रवासी प्रजातियां जैसे हिमालयन ग्रिफॉन शामिल हैं।

### दर्दनाशक दवाओं से विलुप्त हो गए गिद्ध

गिद्धों की आबादी में गिरावट से पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस गिरावट का प्रमुख कारण पशु चिकित्सा में उपयोग की जाने वाली गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेट्री दवा डाइक्लोफेनेक माना गया है। उपचारित पशुओं के मृत शरीर का सेवन करने पर गिद्धों में किडनी एवं आंत संबंधी गंभीर रोग उत्पन्न हो जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। गिद्ध अत्यंत प्रभावी मुर्दाखोर पक्षी हैं, मुर्दाखोर पक्षी हैं, जो पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये पशुओं के शवों का तीव्र एवं कुशलता से भक्षण कर उनसे फैलने वाली बीमारियों के प्रसार को रोकने में सहायक होते हैं। इस प्रकार पारिस्थितिकी तंत्र (ईको-सिस्टम) में गिद्धों का विशेष महत्व है।

> गिद्धों की ग्रीष्मकालीन गणना आगामी 22 से 24 मई तक की जाएगी, जिसको लेकर दिशा-निर्देश मिले हैं, आगामी दिनों में प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा।
> **हितेश खंडेलवाल, उप वनमंडलाधिकारी रीवा**

ताक़त जितनी बड़ी चीज हो, किंतु वह दया और प्रेम से बढ़कर नहीं है।
- रामधारी सिंह 'दिनकर'



# पीएम की अपीलों में कठिन समय की आहट!

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपीलों, जैसे ईंधन की बचत, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग, विदेश यात्राओं में संयम, सोने की खरीद टालने और अनावश्यक खर्चों से बचने को सामान्य सरकारी सलाह मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

● जयसिंह रावत ●

राजनीति में शब्द अक्सर संकेत होते हैं और शासन व्यवस्था में सार्वजनिक अपीलें कई बार आने वाले निर्णयों की प्रस्तावना बनती हैं। यदि इन संकेतों को वैश्विक परिस्थितियों, ऊर्जा संकट, युद्धों, बढ़ती महंगाई और भारत की आंतरिक आर्थिक चुनौतियों के साथ जोड़कर देखा जाए तो स्पष्ट दिखाई देता है कि देश एक कठिन आर्थिक दौर की तैयारी कर रहा है।

**वैश्विक संकट और तेल बाजार की अनिश्चितता :** दुनिया इस समय असाधारण अस्थिरता से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, विशेषकर ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता, केवल क्षेत्रीय संकट नहीं है। विश्व के तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो तेल की कीमतों में अचानक भारी वृद्धि होना स्वाभाविक है। भारत जैसे देश, जो अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करते हैं, सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।



## ईंधन मूल्य और महंगाई का बढ़ता दबाव

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था को अपेक्षाकृत स्थिर बनाए रखा है, पेट्रोल और डीजल की वास्तविक अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया। लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यदि वैश्विक संकट लंबा खिंचता है तो सरकार के सामने ईंधन की कीमतें बढ़ाने के अलावा कोई बड़ा विकल्प नहीं बचेगा। इसका सीधा प्रभाव परिवहन, कृषि, उद्योग और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं के महंगे होने का नाम नहीं है। यह धीरे-धीरे आम आदमी की क्रय शक्ति को कमजोर करती है। वेतन उतनी तेजी से नहीं बढ़ते जितनी तेजी से खर्च बढ़ते हैं। मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे पहले दबाव महसूस करते हैं। रसोई गैस, बिजली, स्कूल फीस, दवाइयां, किराया और यात्रा–सब कुछ महंगा होने लगता है। ऐसे समय में सरकारों को कई बार अलोकप्रिय निर्णय लेने पड़ते हैं।

## सोना, विदेशी मुद्रा और व्यापार घाटे की चिंता

प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद कम करने की अपील भी केवल सांकेतिक नहीं है। भारत में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और निवेश का माध्यम माना जाता है। लेकिन सोना बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ता है। यदि तेल और सोने दोनों का आयात महंगा होता है तो देश का व्यापार घाटा बढ़ सकता है। इससे रुपये पर दबाव आएगा और रुपया कमजोर होने पर आयात और महंगे हो जाएंगे। यह एक दुष्चक्र बन सकता है।

## संभावित कठोर आर्थिक कदम

संभव है कि आने वाले समय में सरकार कुछ कठोर आर्थिक कदम उठाए। इनमें ईंधन पर सब्सिडी कम करना, सरकारी खर्चों में कटौती, कुछ योजनाओं की समीक्षा, करों में बदलाव, आयात नियंत्रण, सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश में तेजी और सरकारी विभागों में मितव्ययिता जैसे कदम शामिल हो सकते हैं। यह भी संभव है कि सरकार सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहनों और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नए नियम लागू करे। यदि आर्थिक दबाव बढ़ता है तो परिवारों को खर्चों की प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। अनावश्यक यात्राएं, विलासिता की वस्तुएं, अत्यधिक ईंधन उपयोग और दिखावे पर आधारित खर्च कम करने पड़ सकते हैं।

## लोकलुभावन राजनीति

सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की राजनीति अभी भी मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं की प्रतिस्पर्धा में फंसी हुई है। चुनावों में मुफ्त बिजली, नकद सहायता, बेरोजगारी भत्ता और अनेक प्रकार की रियायतों की घोषणाएं लगातार बढ़ रही हैं। अल्पकाल में ये योजनाएं जनता को राहत देती हैं, लेकिन दीर्घकाल में सरकारी वित्तीय स्थिति पर भारी बोझ डालती हैं। राज्यों की आर्थिक हालत पहले से दबाव में है। कई राज्य भारी कर्ज के सहारे चल रहे हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह विकास और मितव्ययिता के बीच संतुलन कैसे बनाए।

## कृषि क्षेत्र पर संभावित प्रभाव

कृषि क्षेत्र भी इस संकट से अछूता नहीं रहेगा। डीजल महंगा होने से सिंचाई और परिवहन लागत बढ़ेगी। उर्वरकों की कीमतें बढ़ सकती हैं। यदि मानसून कमजोर रहता है तो खाद्य महंगाई और बढ़ सकती है। इसका असर सीधे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा। किसानों की आय और उपभोक्ताओं की थाली दोनों प्रभावित होंगी। इतिहास बताता है कि बड़े आर्थिक संकट केवल सरकारी फैसलों से नहीं, बल्कि जनता के सहयोग से संभाले जाते हैं। आर्थिक आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

**संकट में छिपे अवसर :** भारत की एक बड़ी ताकत उसका विशाल घरेलू बाजार, युवा जनसंख्या और मजबूत सेवा क्षेत्र है। यदि सरकार सही समय पर संतुलित निर्णय लेती है और जनता संयम दिखाती है तो यह संकट अवसर भी बन सकता है। घरेलू विनिर्माण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, सार्वजनिक परिवहन, वैकल्पिक ऊर्जा और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने का यही समय है। आने वाले समय मे महंगाई, ईंधन मूल्य वृद्धि, रोजगार की अनिश्चितता और सरकारी सख्ती का असर आम लोगों को महसूस हो सकता है। प्रधानमंत्री के हालिया संदेश आने वाले कठिन समय की चेतावनी भी हो सकते हैं। इतिहास में वही राष्ट्र कठिन समय से मजबूत होकर निकलते हैं जो संकट को समय रहते पहचान लेते हैं।

# सनातन धर्म : एक कठोर राजनीति

## एक हिंदू धर्म जो भोजन की 'शुद्धता' के माध्यम से खुद को परिभाषित करता है

● देवदत्त पटनायक ●

सनातन धर्म समकालीन भारतीय राजनीतिक विमर्श का सबसे लोकप्रिय लेकिन सबसे कम समझा जाने वाला शब्द है। शाब्दिक अनुवाद में इसका अर्थ है 'अनंत काल से चल आ रहा धर्म'। फिर भी, इसकी रूपरेखा एक विरोधाभास को उजागर करती है: 'धर्म' की श्रेणी स्वयं एक अपेक्षाकृत आधुनिक आविष्कार है, जिसे औपनिवेशिक युद्धों के माध्यम से भारत में स्थापित किया गया था।

19वीं शताब्दी में, पश्चिमी ढांचे से जूझ रहे जापानी विचारकों ने महसूस किया कि 'धर्म' रूपांतरण द्वारा परिभाषित एक श्रेणी थी। आप बौद्ध धर्म, ईसाई धर्म या इस्लाम में परिवर्तित हो सकते हैं; इसलिए, ये धर्म के रूप में योग्य हैं। लेकिन शिंटोइज़्म कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसमें कोई धर्म परिवर्तन कर ले; यह कुछ ऐसा है जिसमें व्यक्ति का जन्म होता है, बहुत हद तक हान चीनी होने जैसा। ये जातीय पहचान हैं, इसलिए ऐसी कोई चीज़ नहीं है जिसे आप बदल सकते हैं। इस मत के अनुसार, हिंदू धर्म भी एक जातीय पहचान है जिसमें कोई व्यक्ति जाति के माध्यम से पैदा होता है, किसी धर्म के माध्यम से नहीं। कोई हिंदू नहीं बन सकता. लेकिन कोई भी मुस्लिम या ईसाई बन सकता है।

भारतीयों के पास अपनी श्रेणियाँ परिभाषित करने की सुविधा नहीं थी। औपनिवेशिक शक्तियों ने यह जानने की मांग की कि भारत का 'धर्म' क्या है, और इस दबाव ने 19वीं शताब्दी की शुरुआत में 'हिंदू धर्म' शब्द को जन्म दिया – यह शब्द राजा राम मोहन रॉय जैसे सुधारकों से जुड़ा था, जिन्होंने बाल विवाह, विधवाओं को जलाने और विधवा पुनर्विवाह पर प्रतिबंध जैसी



"पिछले कुछ वर्षों में, भाजपा राजनेताओं के बीच 'सनातन धर्म' के प्रति उल्लेखनीय बदलाव आया है। इसका कारण काफी हद तक रणनीतिक है: हिंदुत्व स्पष्ट रूप से धार्मिक लगता है, जबकि सनातन धर्म को सांस्कृतिक रूप में पेश किया जा सकता है।

सामाजिक कुरीतियों को चुनौती देने के लिए नए ढांचे का इस्तेमाल किया था। 19वीं सदी के उत्तरार्ध में हिंदू सुधारकों के ख़िलाफ़ प्रतिक्रिया देखी गई। परंपरावादियों ने एक अपरिवर्तनीय, शाश्वत परंपरा के साथ निरंतरता पर जोर देने के लिए 'सनातन धर्म' वाक्यांश का आह्वान किया। यह 5,000 वर्षों के हिंदू धर्म के प्रति वर्तमान जुनून को स्पष्ट करता है कि आर्य और घोड़े भारत के बाहर से आए थे।

लगभग इसी समय, लेखक-विद्वान चंद्रनाथ बसु ने 'हिंदुत्व' शब्द गढ़ा, जिसने 20वीं शताब्दी में वी डी सावरकर के माध्यम से शक्तिशाली राजनीतिक अर्थ प्राप्त किया, जिन्होंने इसे एक राजनीतिक विचारधारा के रूप में फिर से परिभाषित किया। आरएसएस ने हिंदुत्व को अपने संगठनात्मक सिद्धांत के रूप में अपनाया और 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह शब्द प्रमुखता से उभरा।

हालाँकि, पिछले कुछ वर्षों में, भाजपा राजनेताओं के बीच 'सनातन धर्म' के प्रति उल्लेखनीय बदलाव आया है। इसका कारण काफी हद तक रणनीतिक है: हिंदुत्व स्पष्ट रूप से धार्मिक लगता है, जबकि सनातन धर्म को सांस्कृतिक रूप से तैयार किया जा सकता है, जिससे जैन, बौद्ध और सिखों को शामिल करने के लिए व्यापक पहुंच की अनुमति मिलती है। फिर भी, लगभग कोई भी स्पष्ट रूप से यह नहीं बता सकता कि सनातन धर्म का वास्तव में क्या अर्थ है।

मर्चेंट्स ऑफ वर्च्यू (2022) में, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी की इतिहासकार दिव्या चेरियन दिखाती हैं कि 17वीं सदी के राजपूत दरबारी इतिहास 'हिंदू' शब्द से परिचित थे। इसे 'तुर्क' या मुसलमानों और 'अच्छेप' या अछूतों को छोड़कर परिभाषित किया गया था। ऐसा लगता है कि इस परिभाषा का राजस्थान-गुजरात क्षेत्र के शक्तिशाली जैन और वैष्णव महाजनों या व्यापारी-नौकरशाहों ने समर्थन किया है। यही विचार लगभग उसी समय महाभारत की भगवद गीता के माध्यम से भक्ति धारा में प्रवेश करता है।

भगवद गीता पहले के उपनिषद ग्रंथों (लगभग 500 ईसा पूर्व) पर निर्मित एक नवीनता थी, जो केवल चेतना (पुरुष, जीव, आत्मा, ब्राह्मण) पर केंद्रित थी। गीता ने आध्यात्मिक सत्य को एक नए विचार के साथ पूरक किया। भौतिकवाद पर इस फोकस ने गीता को सात्विक, तामसिक और राजसिक जैसे शब्दों को पेश करने के लिए प्रेरित किया। आनुवांशिक अध्ययनों के अनुसार, जाति सगोत्र विवाह ने भारत में अपनी जड़ें जमा लीं।

विशेष रूप से, 'सात्विक' भोजन शब्द आयुर्वेद में नहीं आता है, फिर भी यह सनातन धर्म आंदोलन का केंद्र बन गया है। उत्तर भारतीय मंदिरों की अब मांग है कि उनके परिसर के 15 किमी के दायरे में कोई भी मांस परोसने वाला प्रतिष्ठान संचालित न हो। यह आहार संबंधी राजनीति आंदोलन के वास्तविक चरित्र की ओर इशारा करती है: सनातन धर्म मूलतः एक शाकाहारी हिंदू धर्म है, जिसे ब्राह्मण, बनिया और जैन लॉबी द्वारा प्रचारित किया जाता है।

यह शाकाहारी-सात्विक पहचान चुपचाप अन्यथा पूरी तरह से भिन्न संस्थानों को एकजुट करती है – गांधी के साबरमती आश्रम से लेकर आरएसएस मुख्यालय तक, जो अपनी कैंटीन में केवल शाकाहारी भोजन परोसते हैं। इसलिए, सबसे सरल कार्यशील परिभाषा यह हो सकती है: सनातन धर्म हिंदू धर्म है जो सात्विक भोजन की शुद्धता के माध्यम से खुद को परिभाषित करता है।

# रशियन ट्विस्ट से लेकर राजनीतिक पोज़ तक

"करीब 20 साल तक योग करने के बाद मैंने वेट लिफ्टिंग शुरू कर दिया है। यह निजी ट्रेनर व्यवसाय भी खूब है, किसी को घर बुलाओ , उसे चाय पिलाओ और फिर वो मुझे यातना दे, 4 किलो का वजन देकर कहे 'चलो, 60 रशिअन ट्विस्ट करो ,'और मैं उसको इसके लिए पैसे भी दूँ । है न मजेदार बिजनेस ...



## महिला की खीज

कॉफी पीते हुए मैंने एक महिला के बारे में पोस्ट देखी जो एक मंत्री पर चिल्लाने के लिए वायरल हो गई है। मंत्री जी ने अपनी रैली के दौरान यातायात अवरुद्ध कर दिया था। विडंबना यह है कि यह रैली महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने में हो रही देरी को लेकर थी। यह मुंबईकर अपनी कार की पिछली सीट से बाहर निकली, खीझते हुए, पूरी रैली को उड़ा दिया।

## गर्मी बनाम खाकी शॉर्ट्स

ग्लोबल वार्मिंग और गर्म फ्लश ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि मैं अपना दिन लिनेन ड्रेस और शॉर्ट्स में बिताऊं। आजकल मैं भोजन के बाद दस मिनट तक चलकर ब्लड शुगर को कम कर रही हूँ । चूँकि बाहर तेज़ गर्मी है, मैं अपनी खाकी शॉर्ट्स में ही जहाँ होती हूँ , वहीं मार्च करना शुरू कर देती हूँ। जाहिर है ऐसे मे मैं आरएसएस का नया भर्ती सदस्य लग सकती हूं, लेकिन इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

● ट्विंकल खन्ना ●

'आप जानते हैं, इन दिनों स्वास्थ्य की सलाह भी विचारधारा की खुराक के साथ परोसी जा रही है। शार्क टैंक फेम नमिता थापर को देखें। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि नमाज से स्वास्थ्य लाभ होता है, यह कुछ योग मुद्राओं के समान है। नमाज से तुलना से उपजे आक्रोश के कारण उनकी कंपनी के शेयर की कीमत गिर गई। ऐसे मे अगर मैं ये रशिअन ट्विस्ट दिखाते हुए एक वीडियो पोस्ट करता हूं, तो क्या होगा अगर यूक्रेन इसे व्यक्तिगत रूप से ले?'

मैंने अपने ट्रेनर से पूछा 'ये कौन से व्यायाम हैं जो आप मुझसे करवा रहे हैं – रशिअन ट्विस्ट, फ्रेंच प्रेस, अमेरिकी केटलबेल स्विंग?', उसने जवाब दिया रोमानियाई डेडलिफ्ट के दो सेट करवा रहा हूँ । मैंने कहा, 'इसके बाद, जंपिंग जैक के बजाय, आप मुझे द स्ट्रेट ऑफ होर्मुज करने के लिए कहेंगे।

मुझे ऐसा लगता है कि मैं काम करने के बजाय व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रही हूं। आइए ऐसे शब्द खोजें जिनके कोई राष्ट्रीय, धार्मिक या वैचारिक संदर्भ न निकाल सकते हों। पता नहीं, कब कोई नाराज हो जाए और आपकी एक्स टाइमलाइन पर पवनमुक्तासन करने चल आए । ओह, मुझे अब उस मुद्रा के लिए भी एक नया शब्द खोजना होगा, है ना?'

## वजन घटाने वाली दवाएं

ऐसा लगता है कि समाज अधिक वजन वाले लोगों के प्रति द्वेष रखता है। मैं वजन घटाने वाली दवा मौन्जारो के बारे मे एक दोस्त से बात कर रही थी, मौन्जारो लेटे हुए जिसका वजन 5 किलो के बाद कम होना बंद हो गया। 'मुझे लगता है कि यह नकली दवा थी क्योंकि मैंने अभी-अभी गुरुग्राम में एक बड़े घोटाले के बारे में पढ़ा था जहाँ 56 लाख रुपये की नकली मौन्जारो जब्त की गई थी!' 'यह वास्तव में गलत है,' मैंने कहा , 'जो लोग नकली दवाएं बना रहे हैं उन्हें कम से कम सामाजिक सक्रियता के लिए उनका उपयोग करना चाहिए। वे चाहे तो ग्लूटाथियोन ड्रिप, जिसका उपयोग लोग गोरी त्वचा पाने के लिए करते हैं, मे सादे सेलाइन की मिलावट करें , घोटाले वाली अर्थव्यवस्था मोटे लोगों के ख़िलाफ़ क्यों है? उन्हें आनुवंशिक रूप से धन्य दुबले-पतले लोगों से अपना मुनाफा कमाना चाहिए।' हर रात, रात के खाने के बाद, मैं अपने पैरों को अपने नीचे मोड़कर घुटनों के बल बैठ जाती हूं और फिर अपनी एड़ियों पर वापस बैठ जाती हूं। यह कई संस्कृतियों में जानी पहचानी एक मुद्रा है। पहले, मैं इसे वज्रासन कहती थी , लेकिन शब्दों की अपनी नई खोज में, मैंने इसका नाम बदलकर ऑर्थोपेडिक नी होल्ड रख दिया है। शेक्सपियर गलत थे जब उन्होंने कहा, 'किसी भी अन्य नाम से गुलाब की सुगंध उतनी ही मीठी होगी।' अब आप जरा ' गुलाब ' शब्द को व्यायाम के इस पोज़ के नाम से बदलें और फिर, जो उसके बाद सोशल मीडिया पर आक्रोश उपजेगा, उस लानत मलानत को झेलने के लिए तैयार रहें।

# खो गया प्रतिनिधित्व का ऐतिहासिक अवसर

● शाइना एन.सी. ●

वर्षों से अधिक समय से, मेरा जीवन सामाजिक सक्रियता, कानूनी वकालत और राजनीतिक जिम्मेदारी के धागों से बुना हुआ एक टेपेस्ट्री रहा है। मुंबई की हलचल भरी सड़कों से, जहां मैंने स्थानीय जीवन को बेहतर बनाने के लिए आई लव मुंबई और द जाइंट्स इंटरनेशनल जैसे गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से काम किया, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आवाज के रूप में राष्ट्रीय मंच तक, मेरा मिशन निरंतर बना रहा है: महिलाओं का सशक्तिकरण। एक फैशन डिजाइनर के रूप में, एक ही साड़ी को पहनने के 54 तरीके खोजने के लिए मुझे अक्सर 'ड्रेप्स की रानी' कहा जाता है; इसी तरह, मेरा मानना है कि महिलाओं के लिए हमारे राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के अनगिनत तरीके हैं।

हालाँकि, बहुत लंबे समय से, हमारे शासन से एक महत्वपूर्ण सूत्र गायब था। संविधान (एक सौ छठा संशोधन) अधिनियम, 2023, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में भी जाना जाता है, सिर्फ कानून से कहीं अधिक है। इसमें हमारे लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाकर समानता के दृष्टिकोण को साकार करने की क्षमता है। इस कानून के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। दशकों से, महिलाएं भारत की सबसे समर्पित मतदाता रही हैं, फिर भी हम 'पावर बैंक' के बजाय 'वोट बैंक' बने हुए हैं। जब एक महिला नेतृत्व करती है, तो विधायी ध्यान परिवार कल्याण, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और शिक्षा सहित विकसित भारत के मूलभूत स्तंभों की ओर स्थानांतरित हो जाता है। महिलाएं प्रशासन में सहानुभूति और व्यावहारिकता का एक अनूठा दृष्टिकोण लाती हैं जो संतुलित नीति परिणाम के लिए आवश्यक है। यह समझने के लिए कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 की विफलता इतना गहरा झटका क्यों है, हमें इससे पहले की बाधा की विरासत को देखना चाहिए।

बाबासाहेब अम्बेडकर समझते थे कि लैंगिक न्याय के बिना सामाजिक न्याय असंभव है। महिलाओं के अधिकारों पर उनका आग्रह उनकी संवैधानिक परियोजना का केंद्र था। यह विफलता एक समस्या थी क्योंकि इसने महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मात्र 10-15 प्रतिशत पर स्थिर रखा, जिससे संसद काफी हद तक पुरुष-प्रधान हो गई । प्रतिरोध अक्सर 'संभ्रांत चिंता' और पुरुष सांसदों के बीच अपनी सीटें खोने के डर का मुखौटा था। लगभग तीन दशकों तक महिला आरक्षण विधेयक पारित करने में विफलता का मतलब था कि उच्च राजनीति में कांच की छत मजबूत बनी रही। जबकि 1993 के पंचायती राज सुधारों ने स्थानीय स्तर पर 15 लाख महिलाओं को सशक्त बनाया और भारतीय राजनीति को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया। इस अंतर ने एक मजबूत नेतृत्व पाइपलाइन के निर्माण को रोक दिया, जिससे महिलाओं को सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्थाओं में हाशिये पर रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हमने अंततः प्रतीकवाद से परे वास्तविक कार्रवाई की ओर बढ़ने की राजनीतिक इच्छाशक्ति देखी है। 2022 में अनुसूचित जनजाति समुदाय की महिला द्रौपदी मुर्मू का देश के सर्वोच्च पद के लिए चुना जाना एक शक्तिशाली क्षण था। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का तात्पर्य उस दृष्टि की संरचनात्मक प्राप्ति है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाएं अब भारतीय लोकतंत्र की भव्य कथा की परिधि पर नहीं हैं; कि वे इसके भविष्य के लेखक और वास्तुकार हो सकती हैं। यह हमारी भूमिका को सीमांत प्रतिभागियों से संस्थागत प्रतिनिधित्व में बदल देता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अंततः, वास्तव में, उपेक्षित 50 प्रतिशत सहित अपने सभी लोगों का प्रतिनिधि हो सकता है।



"महिला आरक्षण के कार्यान्वयन का विरोध करके, विपक्ष जो कुछ करने में कामयाब रहा है, इससे वह खुद को इतिहास के गलत पक्ष में डाल रहा है।

# बिग बी के 'आशियाना' में शूट हुई थी 'चुपके चुपके'

● पंकज शुक्ल ●

अमिताभ बच्चन ने कुछ साल पहले अपनी एक ट्वीट में इसी फ़िल्म की एक फोटो साझा करते हुए लिखा, 'ये घर जो इस पिक्चर में आप देख रहे हैं, वह अब मेरा घर है। ख़रीदा हुआ। फिर से बनाया हुआ। तमाम फ़िल्में यहां शूट हुईं, 'आनंद', 'नमक हराम', 'चुपके चुपके', 'सत्ते पे सत्ता'। ये तब फ़िल्म निर्माता एन सी सिप्पी का मकान हुआ करता था।' इस ट्वीट में बच्चन ने बहुत चतुराई से जलसा को अपना 'घर' और एन सी सिप्पी का 'मकान' बताया है।

निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी ने फ़िल्म 'चुपके चुपके' बंगाली सिनेमा के महानायक उत्तम कुमार और माधवी मुखर्जी की फ़िल्म 'छद्मवेशी' के रीमेक के तौर पर बनाई। पहले इस फ़िल्म में धर्मेंद्र और आशा पारेख की जोड़ी बननी थी। ऋषिकेश मुखर्जी ने आशा पारेख से इस फ़िल्म में कॉमेडी कराने का पक्का वादा कर रखा था। लेकिन, कहते हैं कि धर्मेंद्र का मन उन दिनों शर्मिला टैगोर पर अटका हुआ था।

ऋषिकेश मुखर्जी के लिए ये एक बहुत ही प्रयोगात्मक फ़िल्म थी और उस समय के माचो मैन या कहें या ही मैन, धर्मेन्द्र का कॉमिक अवतार बड़े परदे पर दिखाने के लिए वह कुछ भी करने को तैयार थे। लेकिन, धर्मेंद्र की शर्त थी कि हीरोइन होंगी तो, शर्मिला टैगोर। उनकी बात मानी गई। आशा पारेख फ़िल्म से बाहर हुईं। शर्मिला टैगोर अपने डिंपल वाले गालों के साथ फ़िल्म की हीरोइन बनीं। लेकिन, आशा पारेख की इसके बाद फिर ऋषिकेश मुखर्जी से ढंग से बात नहीं हुई।

अमिताभ बच्चन और जया भादुड़ी दोनों इस फ़िल्म में बहुत चिरौरी करने के बाद आए। जया का हालांकि बहुत ज्यादा रोल फ़िल्म में है नहीं। और, वह फ़िल्म की शूटिंग करते वक्त गर्भवती भी थीं। ऋषिकेश मुखर्जी ने भी इस बात का पूरा ध्यान रखा कि बच्चन परिवार की जल्द आने वाली लाडली उनकी फ़िल्म के सेट पर गर्भ में ही ग्लैमर सीख रही है। पूरी फ़िल्म में जब भी जया कैमरे के सामने होतीं तो वह या तो साड़ी से अपना बदन छुपाए रखतीं या फिर कैमरा कुछ यूं रखा जाता कि जया परदे पर गर्भवती न दिखें। फ़िल्म में वह वसुधा हैं। सुकुमार के प्रेम में पागल। अब आगे बढ़ने से पहले थोड़ी सी बात फ़िल्म 'चुपके चुपके' के प्रोड्यूसर एन सी सिप्पी की कर लेते हैं, जिनके 'मकान' को अमिताभ बच्चन ने अपना 'घर' बनाया। जिन फ़िल्मों का जिक्र अमिताभ बच्चन ने अपनी ट्वीट में किया, वे सारी फ़िल्में एन सी सिप्पी की बनाई हुई हैं और जिस वक्त ये फ़िल्में बनीं एन सी सिप्पी ने पैसे बचाने के लिए अपने घर का इस्तेमाल इन फ़िल्मों की शूटिंग के लिए किया था। इन फ़िल्मों से ही अमिताभ बच्चन इतने बड़े सुपरस्टार बने कि कहते हैं उनकी फ़िल्म 'सत्ते पे सत्ता' की फीस के एवज में बाद में सिप्पी परिवार का ये 'मकान' अमिताभ बच्चन का 'घर' बन गया। हालांकि, फ़िल्म 'चुपके चुपके' में काम करने के वक़्त अमिताभ बच्चन और जया भादुड़ी ने निर्माता एन सी सिप्पी से दमड़ी तक नहीं ली थी। फ़िल्म 'चुपके चुपके' ऋषिकेश मुखर्जी के करियर का माउंट एवरेस्ट कही जा सकती है। इस फ़िल्म के बाद ऋषिकेश मुखर्जी के करियर का अवरोह शुरू होता है। उन्होंने हालांकि अमोल पालेकर के साथ 'गोलमाल', रेखा के साथ 'खूबसूरत' जैसी कामयाब फ़िल्में फ़िल्म 'चुपके चुपके' के बाद बनाईं लेकिन, 'चुपके चुपके' तो बस 'चुपके चुपके' है। धर्मेंद्र और शर्मिला टैगोर की जोड़ी ने फ़िल्म 'चुपके चुपके' में जो रोमांस परदे पर जिया है, वह बहुत कम देखने को मिलता है। ऋषिकेश मुखर्जी ने फ़िल्म 'चुपके चुपके' से पहले धर्मेंद्र की छवि बदलने का कोशिश फ़िल्म 'सत्यकाम' में भी की थी। लेकिन, फ़िल्म 'चुपके चुपके' ने क़ामयाबी की इतनी लंबी लकीर खींची कि बाकी सब इसके आगे फीका पड़ गया। ये फ़िल्म केंद्र सरकार को भी इतनी संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फ़िल्म लगी कि इसे साल 1980 में पूर्ण सूर्यग्रहण के समय दोपहर में दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया ताकि लोग अपने घरों में ही रहें और नंगी आंखों से सूर्यग्रहण देखने की कोशिश न करें।



"अमिताभ बच्चन को सदी के महानायक का खिताब दिलाने में जिन फ़िल्मों का बड़ा योगदान रहा, उनमें से एक फ़िल्म रही है, 'चुपके चुपके'। फ़िल्म 'चुपके चुपके' जिस 'मकान' में शूट हुई, वही अब सुपर स्टार अमिताभ बच्चन का आशियाना है?

# मानस भवन में श्रीमद् भागवत कथा आज से




**रीवा।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर मानस भवन में सामूहिक श्रीमद् भागवत कथा आज 17 मई से प्रारंभ होने जा रहा है। कथा व्यास रमाकांत दास 'राम जी' महाराज (वेदांती आश्रम चित्रकूट धाम) के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जाएगा। मानस भवन मानस मंडल के समस्त वरिष्ठ जन, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों ने शहर के आध्यात्मिक प्रेमियों से मानस भवन पहुंचकर आध्यात्मिक आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है। मानस भवन के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने बताया कि रविवार प्रातः 8:00 बजे भगवान महामृत्युंजय के पूजन हेतु शोभा यात्रा एवं प्रातः 9:00 बजे कोठी शंकर जी का पूजन अर्चन 10:00 बजे, जय रामदास मंदिर कन्हैया जी एवं श्री राम जानकी हनुमान जी को आमंत्रित किया जाएगा। 11:00 बजे मानस भवन में देव पीठ एवं नवग्रह की स्थापना होगी। शाम 4:00 से भजन एवं श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ होगा। शाम 7: 00 बजे कथा का विश्राम व आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निश्चित है।

शिक्षा विभाग ने बनाई सूची

# 12वीं के 3559 होनहार विद्यार्थियों को मिलेगा लैपटॉप

### रीवा व मऊगंज के वह छात्र जिन्होंने प्राप्त किए हैं 75 प्रतिशत से अधिक अंक

जागरण, रीवा

माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 फीसदी या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को शासन की ओर से लैपटॉप योजना का लाभ मिलता है। योजना शुरू होने के बाद से अब तक 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ी है जो कि शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता सुधार का उत्कृष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय बात यह है कि लैपटॉप की योजना के लिए इस साल शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक है, इसके अलावा छात्राओं की संख्या भी छात्रों से अधिक है।

### निजी की अपेक्षा सरकारी स्कूल रहे अव्वल

इस साल भी निजी स्कूलों की तुलना में सरकारी स्कूलों का परिणाम बेहतर आया था, इसके साथ ही 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी निजी स्कूलों से अधिक है। बताया गया कि इस बार रीवा व मऊगंज जिले के 3559 होनहार छात्रों को लैपटॉप योजना के तहत चुना गया है। जिनको आगामी दिनों में लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी जाएगी।

### 16 छात्रों के ही खाते

बता दें कि अभी तक जो जानकारी पोर्टल में अपडेट की गई है उसके अनुसार फिलहाल



3559 छात्रों में से मात्र 16 छात्रों के ही बैंक खाते की जानकारी दी गई है, इनके खातों का वैरीफिकेशन भी हो चुका है, शेष छात्रों के बैंक खाते की जानकारी अभी तक नहीं पहुंची है। माना जा रहा है आगामी माह में लैपटॉप योजना के तहत राशि इन छात्रों के खातों में भेज दी जाएगी। विद्यार्थियों के खातों में 25-25 हजार रुपए शासन की ओर से डाले जाएंगे। विद्यार्थी इस राशि से लैपटॉप खरीदकर उसका सीरियल नंबर एवं बिल नंबर की इंट्री करेंगे।

> राज्य शासन द्वारा छात्रों की सूची भेजी गई है, रीवा व मऊगंज जिले के 3559 छात्रों को लैपटॉप योजना के तहत चयनित किया गया हैं, योजना के तहत इनके खाते में राशि भेजी जाएगी।
> **अखिलेश मिश्रा, योजना प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।**

## गर्मी में 'तत्काल' टिकट की लाइनें, गिनती के हो रहे कंफर्म

**रीवा।** रेलवे भले ही डिजिटल इंडिया के तहत 70 फीसदी रेल टिकट ऑनलाइन बुक होने का दावा कर रहा हो लेकिन तत्काल टिकट की हकीकत आज भी रेलवे स्टेशन की लंबी कतारों में नजर आ रही हैं। भीषण गर्मी और चढ़ते पारे के बीच रीवा रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर पर हर सुबह यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। तत्काल टिकट बुकिंग शुरू होने से पहले ही एसी और स्लीपर क्लास के टिकट के लिए करीब डेढ सौ यात्री लाइन में लग जाते हैं। पहले टोकन लेने की जद्दोजहद और फिर घंटों इंतजार के बाद भी अधिकांश यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

**काउंटर खुलते ही खत्म हो जाता कोटा**

यात्रियों का कहना है कि काउंटर खुलने के कुछ ही मिनटों में या तो सर्वर डाउन हो जाता है या तत्काल कोटा फुल हो जाता है, हालत यह है कि हर विंडो से मुश्किल से दो से तीन यात्रियों के ही टिकट कंफर्म हो पाते हैं। इसके बाद सैकड़ों लोग बिना टिकट लौटने को मजबूर हो जाते हैं।

**भोपाल व दिल्ली रूट पर सबसे ज्यादा दबाव**

इन दिनों प्रदेश की राजधानी और देश की राजधानी जाने वाले यात्रियों की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ गई है। इन रूटों की ट्रेनों में भारी भीड़ है और वंदे भारत भोपाल के लिए आप्सन में है लेकिन किराया के चलते और बैठकर सफर करने से लोग कतराते हैं।

**प्रीमियम तत्काल भी आम आदमी से दूर**

नियमित और तत्काल टिकट न मिलने पर यात्रियों के पास प्रीमियम तत्काल कोटे का विकल्प बचता है लेकिन इसमें किराया सामान्य तत्काल टिकट से ढाई से तीन गुना तक अधिक पड़ता है। डायनेमिक किराया व्यवस्था के कारण मध्यमवर्गीय यात्रियों के लिए यह विकल्प भी मुश्किल साबित हो रहा है।

# 12वीं में तीन, 10वीं में बना एक नकल प्रकरण


फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा का आयोजन शनिवार को रीवा व मऊगंज के 22 केन्द्रों में आयोजित किया गया। बताया गया कि शनिवार को आयोजित 12वीं के अंग्रेजी व 10वीं के विज्ञान के परीक्षा में नकलची मिले। 12वीं की परीक्षा में 3 नकलची पकड़े गए तो 10वीं की परीक्षा में एक नकलची मिला। जिनके खिलाफ प्रकरण बनाया गया। बताया गया कि 12वीं अंग्रेजी की परीक्षा में 2748 छात्रों ने परीक्षा दी और 101 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं 10वीं में विज्ञान विषय की परीक्षा में 4493 छात्रों ने परीक्षा दी और 115 छात्र अनुपस्थित रहे।

# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कर्मचारी अब करेंगे 10 घंटे ड्यूटी

### अधीक्षक ने जारी किया आदेश, कर्मचारियों में बढ़ा आक्रोश

**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश के सभी 7 आयुर्वेद महाविद्यालय अंतर्गत संचालित चिकित्सालयो में से रीवा आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में नया नवाचार हो रहा है। प्राचार्य और अधीक्षक ने मिलकर कर्मचारियों को 10 घंटे ड्यूटी करने के आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश जारी होते ही कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया है। हालांकि अभी इसका विरोध नहीं हुआ है लेकिन जिस तरह से ड्यूटी लगाई गई है उसका विरोध होना स्वाभाविक ही है। यहां उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार के सभी दफ्तर सुबह 10 बजे से 6 तक संचालित होते हैं उसमें भी कर्मचारियों को सप्ताह में चार रविवार के अलावा दो शनिवार की भी छुट्टी मिलती है लेकिन शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय अंतर्गत अभी हाल फिलहाल जो ड्यूटी लगाई गई है उसमें सुबह 9 से शाम 6 बजे तक ड्यूटी करने का आदेश पारित किया गया है। इसके अलावा वहां कार्य कर्मचारियों को सुबह 8 से योग प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अनिवार्य किया गया है। यानी कि कर्मचारी सुबह 8 बजे महाविद्यालय परिसर में उपस्थित होंगे और शाम को 6 बजे ही उनकी छुट्टी हो पाएगी। बीच में कर्मचारियों को 1 घंटे के लंच का अवकाश तो दिया गया है लेकिन वर्तमान में 43 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर में कोई कर्मचारी खाना खाने जा पाने की स्थिति में भी नहीं रहता है। यहां यह भी उल्लेखनीय की प्रदेश के अन्य सभी आयुर्वेद कॉलेज के चिकित्सालय सुबह 8 से दोपहर 2 तक ही संचालित होते हैं लेकिन रीवा आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा चालू किए गए नवाचार में यह नया आदेश जारी किया गया है। उधर कर्मचारियों ने इसे सीधे-सीधे शोषण किए जाने की बात कही है।

# यूजी में एक सुपरन्यूमेरेटी सीट निर्धारित, शहीद की विधवाएं व बच्चे ले सकेंगे प्रवेश

### उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश, हर पाठ्यक्रम में मिलेगा लाभ

**जागरण, रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण के लिए 1 से 15 मई तक पंजीयन होना था, जिसकी अंतिम तिथि शुक्रवार रही। इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। हालांकि इस बार ऑनलाइन पंजीयन में पोर्टल बार-बार बंद चालू होता रहा है, इससे कई विद्यार्थी अपना पंजीयन नहीं करा पाए है तो कई छात्र व अभिभावक भी परेशान रहे है। वहीं जिन विद्यार्थियों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है वह 28 मई से दूसरे चरण में पंजीयन करा सकेंगे। छात्रों का कहना है कि आवेदन के दौरान बार-बार वेबसाइट हैंग हो रही है। कई बार दस्तावेज अपलोड होने के बाद पोर्टल बंद हो जाता है, जिससे पूरी प्रक्रिया दोबारा करनी पड़ रही है। अभिभावकों का आरोप है कि विभाग ने अंतिम तारीख से पहले पोर्टल की क्षमता और तकनीकी व्यवस्था मजबूत नहीं की, जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

### सुपरन्यूमेरेटी सीट निर्धारित

वहीं पीजी के प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एक सुपरन्यूमेरेटी सीट निर्धारित की गई है, इस संबंध में आदेश शुक्रवार को आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटों के अतिरिक्त, एक सुपरन्यूमेरेरी सीट निर्धारित की गई है। यह सीट नियमित सीटों की संख्या को प्रभावित नहीं करेगी। केवल ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जो पुलिस, होमगार्ड या नागरिक




सुरक्षा के शहीद कर्मियों की विधवा या उनके आश्रित पुत्र पुत्री हों। जिसमें सक्षम प्राधिकारी (गृह विभाग/संबंधित विभाग द्वारा जारी आश्रित होने का प्रमाण-अन्य सामान्य प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज। ऐसे अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर पृथक श्रेणी/विकल्प के माध्यम से आवेदन करना होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अधिकतम एक अतिरिक्त सीट ही प्रदान की जाएगी। यदि एक से अधिक पात्र अभ्यर्थी हों, तो मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। यदि किसी पाठ्यक्रम में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होता है, तो उक्त सीट रिक्त रखी जाए। इस सीट को अन्य किसी श्रेणी अभ्यर्थी को आवंटित नहीं किया जाएगा।

### बढ़ाई गई तिथि

इधर बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएडएमएड तथा बीएलएड में प्रवेश के लिए अपडेट समय सारिणी जारी की गई है। प्रवेश के लिए अब 30 मई तक पंजीयन कराया जा सकेगा। सत्यापन 1 जून तक होगा, मैरिड सूची का प्रकाशन 8 जून को होगा। सीट आवंटन 10 जून, दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन 15 जून तक, 16 जून तक प्रवेश शुल्क का भुगतान करना होगा।

**यह है प्रवेश का शेड्यूल**

**प्रथम चरण**
1 से 15 मई:ऑनलाइन पंजीयन
2 से 16 मई: दस्तावेज सत्यापन
20 मई: सीट आवंटन
20 से 26 मई: फीस जमा
**दूसरा चरण**
28 मई से 3 जून: पंजीयन
29 मई से 4 जून: दस्तावेज सत्यापन
7 जून : सीट आवंटन
7 से 13 जून : फीस जमा
**प्रथम सीएलसी राउंड**
15 से 20 जून: पंजीयन
16 से 21 जून: दस्तावेज सत्यापन
23 जून : सीट आवंटन
23 से 30 जून: फीस भुगतान

> यूजी में एक सुपरन्यूमेरेटी सीट निर्धारित की गई है, जिसमें शहीदों वीरनारियों व बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।
> **महेन्द्र मणि द्विवेदी, एडी उच्च शिक्षा रीवा।**

# धर्म के मार्ग पर चलने वाला ही धर्म के द्वारा रक्षा योग्य होता है

### चिरहुला हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं प्रवचन



**रीवा।** चिरहुला हनुमान जी सिद्ध पीठ में शनिवार को भव्य सुंदरकांड पाठ एवं प्रवचन में तुलसी सम्मान एवं श्री रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित पूर्व जिला न्यायधीश अरुण कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का ध्येय वाक्य वाक्य 'धर्मो रक्षति रक्षितः' है, जिसका आशय है कि यदि आप धर्म की रक्षा करते हैं, तो धर्म आपकी रक्षा करता है। इसका दृष्टांत सुंदरकांड में जब हनुमान जी को मेघनाथ ब्रह्मपाश में बाध कर रावण के दरबार में प्रस्तुत करता है तो हनुमान जी से रावण न्यायाधीश के भूमिका में होकर उदंडता पूर्वक पुछता है, कि तुम किसके बंदर हो और किसके आदेश से अशोक वाटिका उजाड़कर कर राक्षसों का वध किया। ज्ञानियों में अग्रणी हनुमान जी ने अटपटा उत्तर दिया कि मेरा बंदर स्वभाव है इसलिए अशोक वाटिका उजाड़ा,भूख लगने पर फल खाया और फल खाने से रोकने पर जिन लोगों ने मुझे मारा उन्हें मैने मारा क्योंकि सबको अपनी देह से प्रेम होता है। इस उत्तर से हनुमान जी रावण को समझाना चाहते थे कि जिसके अंदर धर्म के चार चरण सत्य, तप,दान ,दया होता है वही रक्षा योग्य होता है। कार्यक्रम के दौरान मनोहारी सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ भक्ति संगीत की भी भाव विभोर करने वाली सुंदर प्रस्तुति रही। कार्यक्रम की आयोजक डॉ अंजना सिंह उप संचालक मत्स्य विभाग एवं सुश्री अधिष्ठा सिंह रहीं । कार्यक्रम में संयुक्त संचालक रोजगार अनिल दुबे, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी एसपी शुक्ला, पूर्व डीआईजी जेल यूपी सिंह, अखंड प्रताप सिंह चौहान, एपीओ डॉ जीएन श्रीवास्तव, डॉ वंदना सिंह, पत्रकार उपेंद्र द्विवेदी, सचिव विवेका पांडेय, पूर्व एसडीओ कृषि चंद्रमणि त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र पांडेय, पूर्व डीएसपी सतीश मिश्रा, सचिव संघ प्रदेश उपाध्यक्ष शिवेंद्र मिश्रा, राजबहादुर सिंह, राम दरबार से डॉ केके शुक्ला, मंदिर के महंत गोकरण महाराज उवं पुजारी गण सहित भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# खेमसागर तालाब में किया गया स्वच्छता श्रमदान



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देश पर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें आमजनों की भागीदारी हो रही है। इसी क्रम में संभागीय आयुष कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा सिद्ध खेमसागर हनुमान मंदिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थित जलाशय में साफ-सफाई का कार्य किया गया। सरपंच लोही निलेश कुमार तिवारी एवं पंडित रामदास शुक्ला पुजारी की उपस्थिति में स्वच्छता का कार्य किया गया। इसके साथ ही रामसागर हनुमान मंदिर में भी स्वच्छता का कार्य किया गया।

# जन संवाद सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

### ब्लॉक कांग्रेस बोदाबाग की बैठक संपन्न

**रीवा।** बोदाबाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन सृजन अभियान के माध्यम से गठित वार्ड कमेटियों ,मंडल कमेटियों के सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जन संवाद सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता बताई। बोदाबाग ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि बोदाबाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंडल कमेटी,वार्ड कमेटियों की गठन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा ब्लॉक कमेटी, मंडलम कमेटी, वार्ड कमेटी एवं पंचायत कमेटियों का गठन किया जा चुका है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के पदाधिकारी वार्डो एवं पंचायतों में पहुंचकर सत्यापन कार्य को पूर्ण कराने का कार्य करेंगे, जिसकी शुरुआत वार्ड क्रमांक 8बोदाबाग वार्ड



7 से हो चुकी है। बैठक मे मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, वार्ड 8के पार्षद उमेश वर्मा, बोदाबाग ब्लॉक अध्यक्ष अधिवक्ता शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, प्रभारी मनोज पटेल, मंडल अध्यक्ष दिलीप चौबे, जमुना प्रसाद चतुर्वेदी, अशोक चतुर्वेदी, प्रमोद कुमार सेन, श्याम लाल चौधरी, गणेश रावत, संजय दुबे, श्यामसुन्दर दुबे, ठाकुरदीन विश्वकर्मा, दिनेश कुशवाहा, घनश्याम पांडे, राजू वर्मा,विवेक सिंह, पुष्पराज, अरविन्द चतुर्वेदी, दीपक पांडे, सुनील पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 'काकू' साइकिल कढ़िलाते हुए चलते थे फिर जो भी मिले, उसे कविता सुनाते थे

### बघेली कवि शम्भू प्रसाद द्विवेदी की मनाई अठारहवीं पुण्यतिथि

### बुद्धजीवियों ने अर्पित की भावांजलि

जागरण, रीवा

स्वागत भवन के महाराजा रघुराजसिंह के सभागार में बघेली के सुप्रसिद्ध कवि शम्भू प्रसाद द्विवेदी काकू की अठारहवीं पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ.प्रभाकर चतुर्वेदी ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ.सत्येन्द्र शर्मा सतना उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में समालोचक डॉ.चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र, पूर्व कुलपति अ.प्र.सिंह वि.वि. डॉ.एन.पी.पाठक, विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.दिनेश कुशवाह जैसे विद्वानों ने काकू के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जगजीवनलाल तिवारी 'कक्का' ने अतिथियों का स्वागत किया और शम्भू काकू की पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि



रामनरेश तिवारी 'निष्ठुर' द्वारा किया गया। उन्होने अपनी तीन-चार किताबें मुख्य अतिथि को भेंट की। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुये डॉ.सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि काकू कबीर से ज्यादा तुलसी के करीब दिखाई देते हैं, क्योंकि उनके कहन में अड़ीबाजी नहीं सपाट बयानी है, वे बड़ी सरलता से अपनी बात समाज तक पहुंचाते हैं। शम्भू काकू का सम्मान हरिदास से लेकर उस पीढ़ी के तमाम कवियों का सम्मान है, बोली का सम्मान है, गांव-गली का सम्मान है, यहां तक कि खेतों और खलिहानों का सम्मान है। डॉ.चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र ने काकू के जीवन की सरलता का शब्द चित्र कुछ इस तरह खींचा। उनकी साइकिल, उस पर टंगी उनकी सुपाड़ी-सरौते से भरी थैली और बकुली। उस पर बिना सवारी किये हुये उसको कढ़िलाते हुए चलना, जो भी मिले उसे कविता सुनाते रीवा आना और दस बजे रात वापस घर लौटना। डॉ.दिनेश कुशवाह ने बताया कि जिस तरह बैजू, सैफू और शम्भू की त्रयी थी, उसी तरह हिन्दी साहित्य के छायावादी कवियों में प्रसाद, निराला और पंत की त्रयी थी, बाद में महादेवी वर्मा को जोड़कर चतुष्टयी बनाया गया।

**मंच पर ही कविता लिखते फिर फाड़कर फेंक देते थे**

विवि के पूर्व कुलपति डॉ.एन.पी.पाठक ने कहा कि जिन लोगों ने परिश्रम करके शम्भू काकू की पुस्तक तैयार की वे प्रणम्य हैं, काकू तो आशु कवि थे, वे कागज की छोटी-छोटी चिन्दियों में मंच पर ही कविता लिखते थे , वहीं सुनाते थे और फिर फाड़कर फेंक देते थे। अपनी रचनाओं के माध्यम से जिन कवियों ने काकू को शब्दांजलि दी उनमें डॉ.रामसरोज द्विवेदी 'शांतिदूत', हशमत रीवानी, डॉ.आरती तिवारी, शिवानन्द तिवारी, सीमारानी झा, रामसुन्दर द्विवेदी, इन्दिरा अग्निहोत्री, नागेन्द्र मिश्रा मणि, गीता शुक्ला गीत', ममता सिंह, प्रवीणा पाण्डेय, नारायण डिगवानी, डॉ.राजकुमार शर्मा, रंजना वंशल, अरूणा पाठक, अमित द्विवेदी, भृगुनाथ पाण्डेय 'भ्रमर', आशीष खरे, मोनिका नारी आदि शामिल हैं। वृद्धाश्रम के लोगों ने भी कविताओं का लुफ्त उठाया।

# संस्कृत भारती के अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

### संस्कृत भारती महाकोशल प्रान्त के सप्तदिवसीय प्रबोधन वर्ग का समापन



**रीवा।** संस्कृतभारती महाकोशलप्रान्त द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय प्रबोधनवर्ग का शनिवार को समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस प्रबोधनवर्ग में संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति, संस्कार, श्लोक, गीत, संवाद एवं व्यवहारिक संस्कृत के विविध आयामों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह में बड़ी संख्या में संस्कृतप्रेमी, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा एवं सांस्कृतिक चेतना की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा, आध्यात्मिकता, विज्ञान एवं जीवन मूल्यों का संरक्षण सम्भव है। उन्होंने संस्कृतभारती द्वारा किये जा रहे जनजागरण एवं संस्कृत संवर्धन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रबोधनवर्ग समाज में सांस्कृतिक जागरण का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृतभारती के जिलाध्यक्ष डी.पी. सिंह परिहार ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संस्कृतभारती वर्षों से जन-जन तक संस्कृत पहुंचाने का कार्य कर रही है और प्रबोधनवर्ग जैसे कार्यक्रम संस्कृत के प्रति नवीन पीढ़ी में रुचि एवं आत्मीयता उत्पन्न करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संविदाकार विनीत मिश्र ने संस्कृत को भारतीय संस्कृति की धरोहर बताते हुए कहा कि संस्कृत भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन प्रत्येक भारतीय का दायित्व है। सारस्वत अतिथि के रूप में पंचमठ आश्रम के संत विजयशंकर तिवारी ने संस्कृत भाषा को देववाणी बताते हुए इसके आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्कृतभारती महाकोशल के प्रान्त संगठन मन्त्री डॉ. मनोज पाण्डेय ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि संस्कृत केवल पुस्तकों की भाषा नहीं, बल्कि व्यवहार एवं जीवन की भाषा बननी चाहिए। उन्होंने संस्कृतभारती के विविध आयामों एवं संस्कृत प्रचार के लिये चलाये जा रहे अभियानों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि परिवार एवं समाज में संस्कृत का प्रयोग बढ़ेगा तो भारतीय संस्कृति और अधिक सशक्त होगी।

समारोह का शुभारम्भ वैदिक मंगलाचरण से हुआ, जिसे ऋतिक एवं अंकित द्वारा अत्यंत प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। सरस्वती वंदना शुभम पाण्डेय एवं ध्येयमंत्र शक्ति शुक्ल द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिनय गीत की प्रस्तुति कृष्णा ने दी, जबकि संस्कृत गीत पर आधारित आकर्षक नृत्य आरती मिश्रा, निराशा एवं कीर्ति गर्ग द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रबोधनवर्ग में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किये। मयंक जैन एवं रैना अग्रवाल ने अनुभव कथन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ग के माध्यम से उन्हें संस्कृत बोलने, समझने एवं भारतीय परम्पराओं को निकट से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने संस्कृतभारती के कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. कीर्तिकुमार त्रिपाठी, पुष्पेन्द्र सिंह, संदीप मिश्रा, डॉ. राजेश शुक्ल एवं सचिन मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी एवं उत्कृष्ट संचालन डॉ. पूजा गौर ने किया। समापन समारोह में नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. महेन्द्रमणि द्विवेदी, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, रामायण तिवारी, रामार्चा चतुर्वेदी, डॉ. भारतेन्दु मिश्रा, प्रो. शिवकुमार दुबे, डॉ. धनेन्द्र द्विवेदी, शिवम चतुर्वेदी, कृष्णमणि शुक्ल, बालाप्रसाद तिवारी, राजीवलोचन मिश्रा, प्रभांशु, संदीप पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं संस्कृतभारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संस्कृतभारती के अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पड़ोसी जिलों में बच्चों के बीच पैर पसार रहा मीजल्स, अलर्ट मोड पर जिले का स्वास्थ्य विभाग

## सतना सहित अन्य जगहों पर सामने आ रहा यह संक्रमण

जागरण,रीवा

पड़ोसी जिले सतना सहित दमोह के साथ ही जबलपुर में बच्चों के बीच मीजल्स (खसरे) के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अगल-बगल के जिलों में इस संक्रमण की पुष्टि होने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। अभी रीवा में मीजल्स शंका होने वाले बच्चों के ब्लड सैंपल की जांच कराने पर इस रोग की पुष्टि नहीं हुई है। जिससे स्वास्थ्य विभाग ने जहां राहत की सांस ली है वहीं सीएमएचओ ने मीजल्स (खसरे) के लक्षण दिखने पर सभी को एहतियात के तौर पर बच्चे के ब्लड सैंपल की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान समय में रीवा में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसे कतई हल्के में नहीं लिया जा सकता। विशेषज्ञों की मानें तो खसरा एक अत्यधिक खतरनाक संक्रामक वायरस है, जो हवा के जरिए तेजी से फैलता है। अगल-बगल के पड़ोसी जिलों में इसकी पुष्टि होने के बाद आने-जाने वाले लोगों और बच्चों पर विशेष नजर रखी जा रही है। डॉक्टरों की मानें तो वायरस के प्रसार की प्रकृति को देखते हुए बच्चों के माता-पिता को सावधान रहने की जरूरत है। खसरा सामान्य बुखार जैसा लग सकता है लेकिन इसके लक्षण तेजी से गंभीर रूप ले सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने माता-पिता को इन संकेतों पर गौर करने की सलाह दी है।

### 9 लोग हो जाते हैं संक्रमित

बताया गया है कि एक संक्रमित व्यक्ति से 9 लोग संक्रमित हो सकते हैं। ऐसे में संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीतों दिनों खसरें से संबंधित लक्षणों की शंका होने पर कुछ बच्चों के ब्लड सैंपल लेते हुए जांच के लिए आईसीएमआर लैब जबलपुर भेजे गए थे। जांच में खसरे के संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। जिसे स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है।




### टीकाकरण ही बचाव

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार खसरे से लड़ने का एकमात्र और सबसे प्रभावी हथियार टीकाकरण ही है। शासन द्वारा संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों को दो महत्वपूर्ण डोज दिए जाते हैं। पहला डोज बच्चे के जन्म के 9 वें माह में व दूसरा डोज 16वें से 24वें माह के बीच लगाया जाता है। ज्यादातर देखा गया है कि अभिभावक पहला डोज तो लगवा लेते हैं लेकिन दूसरे डोज को भूल जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक बच्चा दोनों डोज नहीं लेता, उसकी इम्युनिटी अधूरी रहती है, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है।

**इन लक्षणों को न करें नजर अंदाज...**

- आंखों का लाल होना और पानी आना।
- चेहरे से शुरू होकर पूरे शरीर पर फैलने वाले लाल दाने।
- तेज बुखार के साथ खांसी और बहती नाक।
- छूट गया दूसरा डोज 5 वर्ष से पहले लगवाएं

पड़ोसी जिलों में खसरे की पुष्टि होने के बाद जिला अस्पताल और प्राथमिक केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि सभी सर्तकता रखें। खसरे से संबंधित लक्षण किसी भी बच्चे पर दिखने पर सबसे पहले उसके ब्लड सैंपल लेकर आईसीएमआर जबलपुर में जांच के लिए भेजें। वहीं यदि किसी भी क्षेत्र में एक साथ बुखार और दानों वाले बच्चे मिलते हैं तो तत्काल उनकी रिपोर्टिंग की जाए। यह समस्या वयस्कों में भी हो सकती है।

**डॉ.यत्नेश त्रिपाठी, सीएमएचओ रीवा**

# एसजीएमएच की तीसरी-चौथी मंजिल पर मधुमक्खियों के दर्जनों छत्ते

## छज्जों पर लटके छत्ते अस्पताल आने जाने वालों के लिए कभी भी बन सकते हैं जानलेवा



**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज अब दोहरी जंग लड़ रहे हैं। बीमारी से लड़ने आए लोगों के सामने अब हजारों मधुमक्खियों का खतरा भी खड़ा हो गया है। 800 बिस्तरों वाले इस अस्पताल की तीसरी और चौथी मंजिल पर मधुमक्खियों ने डेरा जमा लिया है। अस्पताल की दीवारों, खिड़कियों और छज्जों पर लटके छत्ते हर आने-जाने वाले के लिए कभी भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इन्हे कई बार हटवाया गया लेकिन ये हर बार हटते हैं और हर बार नये बन जाते हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि छत्ते हटवाने की कार्रवाई समय-समय पर की जाती है, लेकिन सैकड़ों लोगों की भीड़ वाले इस इलाके में नए छत्ते तुरंत बन जाते हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर यह लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकती है।

**मेडिसिन और आईसीयू वार्ड के पास सबसे ज्यादा खतरा :** सबसे ज्यादा छत्ते मेडिसिन विभाग के आसपास हैं, जहां आईसीयू और गंभीर मरीज भर्ती रहते हैं। सांस और संक्रमण जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए मधुमक्खियों का हमला सीधे मौत का कारण बन सकता है। ऐसे में न भाग पाना, न खुद को बचाना मुमकिन होगा। परिजनों का कहना है कि शाम ढलते ही मधुमक्खियों की भिनभिनाहट से वार्डों में डर का माहौल बन जाता है। जरा सी आवाज होते ही झुंड हमले के लिए तैयार हो जाता है। खिड़की खोलना तो दूर, वार्ड के पास से गुजरना भी अब सुरक्षित नहीं बचा।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए लगाए जा रहे हैं विशेष शिविर

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों के सभी खसरा नम्बर एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज करके किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इसके आधार पर ही किसानों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा रहा है। रीवा जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के आयोजन के लिए तहसीलवार स्थल और तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि सभी एसडीएम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन कराएं। शिविरों के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी शिविर में उपस्थित रहकर किसानों के समस्त खसरे को फार्मर आईडी से लिंक कराएं। सभी छूटे हुए किसान अपने आधार कार्ड, खसरा और खतौनी की प्रति, मोबाइल नम्बर तथा समग्र आईडी के साथ शिविर में शामिल होकर छूटे हुए खसरा नम्बर आईडी से लिंक करा लें।

# किसानों को दी गई प्राकृतिक खेती करने की समझाइस



**रीवा।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की समझाइश दी जा रही है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत रीठी में आयोजित किसान संगोष्ठी में किसानों को विकास पोर्टल, ई-उर्वरक, जैविक व प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के साथ ही पराली न जलाने की समझाइश दी गई। किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने फसल विविधीकरण से होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. किंजल्क सिंह, डॉ. स्मिता सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आम सूचना

रीवा, दिनांक-17/05/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चोरहटा हवाई पट्टी पुलिस चौकी के पास, चोंरहटा रीवा स्थित भागीदारी फर्म श्री मंगलमूर्ति एसोसिएट्स जो कि दिनांक 06/12/2022 को पंजीकृत हुयी है। उक्त भागीदारी फर्म में राकेश लखवानी, अमरजीत सिंह, सागर आहूजा, राजकुमार अग्रवाल, राजेश कुशवाहा, विजय लाहौरी एवं संदीप चेलवानी पार्टनरशिप में है। उक्त भागीदारी फर्म के अंतर्गत कुछ भूमियों को क्रय किया गया है। उक्त पार्टनरशिप फर्म में पार्टनरों का आपसी विवाद हो गया है, आपस में उक्त क्रयशुदा भूमियों एवं भागीदारी फर्म से संबंधित कोई भी कार्य की सहमति आपस में नहीं है। जिस कारण से भागीदारी अधिनियम के तहत भागीदारी फर्म के विघटन (Dissolution) के संबंध में नोटिस भी **मुझ संदीप चेलवानी** द्वारा अन्य सभी पार्टनर को दिया जा चुका है भागीदारी फर्म अधिनियम के तहत फर्म विघटित (Dissolved) हो चुकी है एवं उक्त भागीदारी फर्म से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जा रहे हैं एवं **यूनियन बैंक शाखा शिल्पी प्लाजा रीवा** में उक्त फर्म का खाता अस्थाई रूप से बंद करने एवं **उपपंजीयक कार्यालय रीवा** में क्रय-विक्रय न हो, इस हेतु आपत्ति दर्ज करायी गयी है। जिस कारण से आम साधारण को भी इस आम सूचना के माध्यम से आगाह किया जाता है कि उक्त भागीदारी फर्म के तहत किसी भी पार्टनर से उक्त क्रयशुदा भूमियों को किसी भी तरह से खरीद-फरोख्त व अनुबंध न करें और न ही किसी प्रकार का संव्यवहार करें, अन्यथा उसकी संपूर्ण जवाबदेही क्रेता अथवा संव्यवहार करने वाले व्यक्ति की होगी।

भवदीय
**पार्टनर श्री मंगलमूर्ति एसोसिएट्स**
**संदीप चेलवानी पिता श्री भगवानदास चेलवानी,**
निवासी- फ्लैट नंबर- 501, गोल्ट पेटल अपार्टमेण्ट साउथ तुकोगंज, इन्दौर, म.प्र. मो.नं.-6268156107

**माधवी शुक्ला (एडवोकेट)**
**जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा (म.प्र.)**
कार्यालय-सर्विस बिल्डिंग एडवोकेट हॉल नं.02 लॉबी नंबर-02, नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला-रीवा, मो.नं.9644253949
RN- 85068

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)**
क्रमांक/ 67 /प्रावा. /अनु./ 2026
मऊगंज दिनांक 15.05.2026

उमाकान्त पिता स्व. बृजबासी पटेल एवं अन्य 13 सभी निवासी ग्राम पाडर थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)
...................... अपीलार्थीगण
बनाम
1. चित्रसेन पिता बद्री जाति कुर्मी 2. ठगिया पुत्री सुदामा जाति कुर्मी 3. मनुआ पुत्री तेजभान जाति कुर्मी 4. शकुंतला पुत्री मनुआ जाति कुर्मी 5. रामकरण पिता स्व. रामानुज जाति कुर्मी 6. बेवा रामकली पति अच्छेलाल जाति कुर्मी 7. अनिल पिता अच्छेलाल जाति कुर्मी 8. सुनील पिता अच्छेलाल जाति कुर्मी 9. चन्द्रशेखर पिता अच्छेलाल जाति कुर्मी 10. रामकरण पिता रामगरीब जाति कुर्मी 11. रामनरेश पिता रामगरीब जाति कुर्मी 12. राममणि तनय रामानुज जाति कुर्मी 13. रामलखन पिता रामकृपाल जाति कुर्मी एवं अन्य 53 सभी निवासी ग्राम पाडर थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)
.............उत्तरवादीगण

समाचार पत्र के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज के न्यायालय में तहसीलदार तहसील मऊगंज के राजस्व प्रकरण क्रमांक 36/अ-27/2011 आदेश दिनांक 12.09.2011 के विरुद्ध अपील प्रकरण क्रमांक 0026/अपील/2026-2027 इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी आगामी पेशी दिनांक 29.05.2026 को नियत है। उक्त विचाराधीन प्रकरण में उपरोक्तानुसार उत्तरवादीगण उपस्थित नहीं हुए हैं इस कारण उपरोक्त उत्तरवादीगणों को जरिये प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। अतः उपरोक्त उत्तरवादीगण या अन्य हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में उपरोक्त प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 29.05.2026 को न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण दोष के आधार पर किया जायेगा।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मऊगंज
RN-85069 जिला – मऊगंज (म.प्र.)

# कहीं पर भी यात्रियों के बैठने छायादार स्थान नहीं

## सिटी बसों के लिए बने थे स्टॉपर, सिटी बसें चल ही नहीं रही, उन्हें भी तोड़ दिए



**जागरण, रीवा।** रीवा शहर में बस स्टैंडों को छोड़ दें तो कहीं पर यात्रियों के बैठने के लिए छायादार स्थान नहीं है, लोग किसी पेड़ की छांव में अथवा दुकान की ओट में खड़े रहकर अपनी बसों का इंतजार करते हैं, कुछ वर्षों पूर्व शहर में सिटी बसों के लिए स्टॉपर बनाए गए थे, लेकिन सिटी बसें चल ही नहीं रही। जो स्टॉपर बने थे उनमें इक्का-दुक्का यात्री बैठकर अपनी बसों का इंतजार करते थे, किन्तु कुछ समय पूर्व उन्हें भी मॉडल स्टॉपर बनाने के नाम पर तोड़ दिया गया, जो अभी भी अपूर्ण पड़े हैं। जिससे यात्रियों को कहीं भी बैठने के लिए छायादार स्थान नहीं। बस सटैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय की बात करें तो यहां पर गंदगी की भरमार है, यात्रियों के साथ ही यहां पर आवारा मवेशी व श्वानों का जमघट लगा रहता है, नशा करने वाले नशा करने के बाद यहीं पड़े रहते हैं। जिससे चाहकर भी यात्री बस स्टैंड के प्रतीक्षालयों में नहीं बैठते, खासकर महिलाएं। इस भीषण गर्मी में लोग परिवार सहित बसों के इंतजार में पेड़ों के नीचे बैठे रहते हैं, बस आने तक उनकी हालत खराब हो जाती है, खैर गर्मी में तो यात्री जैसे-तैसे अपना समय निकाल लेते हैं, किन्तु बरसात में क्या करेंगे, बरसात में पेड़ों के नीचे भी खड़ा रहना संभव नहीं, ऐसे में यात्रियों को या तो गीला होना पड़ेगा अथवा बस स्टैंड जाकर गंदगी से परिपूर्ण प्रतीक्षालय में बैठे बस का इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन यहां भी समस्या यह है कि अधिकतर बसें बस स्टैंड के अंदर जाने की बजाय बाहर से ही सवारियां उतार और भरकर निकल जाती हैं।

# निगम का पार्क कब्जाने की नीयत से निजी व्यक्ति ने किया कब्जा

## पार्क के अंदर हो रही घरों मे लगने वाले पत्थरों की कटाई, पानी भी यहीं का, वाहन भी अंदर और चाबी भी कब्जा वाले के पास



**जागरण, रीवा।** शहर में शासकीय भूमि पर रसूखदारों ने खुलेआम कब्जे कर रखे हैं, जिन्हें हटा पाने में निगम सहित प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है, निगम और प्रशासन की इस निष्क्रियता के चलते प्रभावी लोग अब शासकीय पार्क को भी नहीं बख्श रहे, कॉलोनी के रहवासियों को सैर करने व बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए पार्क में अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जिसका एक उदाहरण देखा जा सकता है शहर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित पदमधर कॉलोनी में। यहां स्थित पार्क को निगलने की नीयत से एक व्यक्ति ने अपना निजी अधिपत्य जमा रखा है। जो पार्क लोगों के सैर करने, खेलने के लिए निर्मित किया गया था वर्तमान में उस पार्क में कब्जा करने वाले प्रभावी के मकान में लगने वाले पत्थरों की कटाई हो रही है। जागरण की टीम ने यहां चल रहे कार्य के बारे में जब काम कर रहे मजदूरों से पूछा कि पार्क में क्या बनाया जा रहा है तो उन्होंने पार्क के सामने स्थित एक मकान की ओर इशारा करते हुए बताया कि यह मकान दीपावली में बनेगा, जिसके लिए पत्थरों की कटाई की जा रही है।

**उपयोग कब्जा करने वाला कर रहा, बिल निगम वहन कर रहा :** आसपास वालों की मानें तो यह पार्क लंबे समय से निजी व्यक्ति ने हथिया रखा है जिसे कुछ लोगों ने जनप्रतिनिधियों का खास बताया। कॉलोनी के पार्क की चाबी निगम के चौकीदार की बजाय यहां कब्जा करने वाला अपने पास रखता है, जो अपने वाहन भी पार्क के अंदर ही खड़े करता है, इतना ही नहीं, पौधों की सिंचाई के लिए यहां किए गए नलकूप खनन में लगी मोटर का पानी का उपयोग भी यह अपने निर्माण कार्य में करने के साथ ही वाहन आदि धोने में कर रहा है, जिसका बिल नगर निगम वहन कर रहा है। करीब साल भर से अधिक समय से इस पार्क का सामने रहने वाला व्यक्ति निजी उपयोग कर रहा है, जिसका किराया ही लाखों रुपए होगा। लोगों ने बताया कि जिस समय इस पार्क में सामने रहने वाले व्यक्ति ने अपना अधिपत्य जमाया था, उस समय कॉलोनी के रहवासियों ने इसकी शिकायत भी की थी, किन्तु निगम के जिम्मेदारों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। अवैध रूप से पार्क हथियाने वाला आज भी बेखौफ पार्क का उपयोग कर रहा है।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझी जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**कास्ता पाइप बेचना है**
**अजय ट्रेडिंग कंपनी** गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड रीवा कास्ता पाइप के लिए संपर्क करें:- 9425185028
RN-87512 (12/6)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# आइस्क्रीम का पैसा मांगने पर महिला से मारपीट

## पीड़िता का आरोप मारपीट से हुआ गर्भपात

### नईगढ़ी थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव की घटना




**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवराजपुर गांव में आइस्क्रीम का पैसा मांगने पर महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि तीन से चार युवकों ने मारपीट की जिससे उसका गर्भपात हो गया है। शिकायत के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। घटना के संबंध में पुलिस से की गई शिकायत में शिवराजपुर निवासी साधना साकेत 25 ने बताया कि वह घर-गृहस्थी का काम करती है। शुक्रवार की दोपहर उसके जेठ श्रीनिवास साकेत खाना खाने घर चले गए थे, तब वह उनकी जगह आइस्क्रीम बेच रही थी। इसी दौरान गांव का राजेश साकेत अपने रिश्तेदारों के साथ वहां पहुंचा और आईसक्रीम खाने के बाद पैसे मांगने पर विवाद करने लगा। महिला के मुताबिक, रात करीब 9 बजे वह घर के सामने खेत की ओर गई थी। तभी राजेश साकेत, अंकित साकेत, बसंत साकेत और अशोक साकेत वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि एक आरोपी ने उसके पेट में लात मारी, जिससे वह जमीन पर गिर गई। महिला ने बताया कि शोर सुनकर उसकी जेठानी केमलावती साकेत और अन्य महिलाएं मौके पर पहुंचीं, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत में बताया कि घटना के कुछ समय बाद उसके पेट में तेज दर्द शुरू हुआ और देर रात करीब 1 बजे उसका तीन माह का गर्भ गिर गया। महिला ने यह भी बताया कि उसने गर्भ को लेकर किसी अस्पताल या आंगनबाड़ी में जांच नहीं कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया गया कि महिला को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 'सबसे दूर सबसे पहले' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का होगा संचालन

**रीवा।** राष्ट्रव्यापी सूचना शिक्षा और संचार अभियान के तहत आदिवासियों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने तथा प्रधानमंत्री जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के गांवों में सबसे दूर-सबसे पहले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आगामी 25 मई तक आयोजित किए जा रहे अभियान में शिविरों के आयोजन के साथ ही वृक्षारोपण, हितलाभ वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण और आजीविका दृश्यता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमकार्ड एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से दिया जाएगा। मैदानी स्तर पर आयोजित गतिविधियों में आदि कर्मयोगी व एनजीओ ग्रामों का भ्रमण करेंगे और प्रत्येक आदि सेवा केन्द्र में जनसुनवाई कर शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग केके पाण्डेय ने बताया कि अभियान की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर जनजातीय कार्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

## कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति) 35, श्यामला हिल्स भोपाल

E-mail:petcsc.bpl@gmai.com phone 0755-2666615
पत्र/प्रशि/न.स-36/2026-27/96 भोपाल दिनांक 14-05-26

### राज्य सेवा परीक्षा 2027 हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

कार्यालय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र श्यामला हिल्स, भोपाल में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए राज्य सेवा परीक्षा (पी.एस.सी.)2027 का निःशुल्क प्रशिक्षण दिनांक 01-06-2026 से प्रारंभ किया जा रहा है संस्थान में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में व्यक्तिगत रूप से आकर या केन्द्र के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 व ई-मेल petcsc.bpl@gmail.com पर कार्यालयीन दिवस व कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

**प्राचार्य**
**परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र**
**भोपाल म.प्र.**
G-12979/26

## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

**श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा म.प्र.**
कार्यालय दूरभाष नं 07662-241655 ई.मेल- deanmcrewa@rediffmail.com
वेब साईट- www.ssmcrewa.ac.in
क्रमांक 10976/स्था/राज/एमसी/विज्ञप्ति/2026 रीवा दिनांक 12/05/26

// विज्ञप्ति // संशोधित

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-53/2017/1/55 भोपाल दिनांक 12.01.2018 द्वारा जारी मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षाणिक आदर्श सेवा नियम 2018 तथा म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 1105-एफ 2-45/2010/1/55 भोपाल दिनांक 24.07.2024 में किए गए प्रावधानों अंतर्गत श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के अधीन सहायक प्राध्यापक के सीधी भर्ती (बैकलांग सहित) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यालयीन विज्ञप्ति क्र. 32672/स्था/राज/एमसी/2025 रीवा दिनांक 15.12.2025 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे। उक्त विज्ञप्ति की टीप क्र. 01 के अनुसार निम्नानुसार रिक्तियों में संशोधन करते हुए पुनः पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 11.06.2026 सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र. | विषय | कुल रिक्त पद | रोस्टर अनुसार वर्गीकरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अपिव | अजजा | अजा | ईडब्ल्यूएस |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | एनेस्थेरिया | 02 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| 2. | एनाटॉमी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 3. | कम्युनिटी मेडिसिन | 01 | 00 | 00 | 01(BL) | 00 | 00 |
| 4. | जनरल मेडिसिन | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 5. | फार्माकोलॉजी | 01 | 00 | 00 | 01(BL) | 00 | 00 |
| 6. | फिजियोलॉजी | 01 | 00 | 00 | 01(BL) | 00 | 00 |
| 7. | मेडिकल ऑन्कोलॉजी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 8. | प्रसूति एवं स्त्री रोग | 02 | 01 | 00 | 01(BL) | 00 | 00 |
| 9. | ओटो राइनो लैरिंगोलॉजी (ईएनटी) | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | कुल योग | 11 | 03 | 02 | 06 | 00 | 00 |

BL= Backlog

टीपः- 1. जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है यदि पुनः आवेदन मय दस्तावेजों के साथ करना चाहते हैं उन्हें डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की आवश्यकता नहीं है। 2. पदों की संख्या में कमी /वृद्धि हो सकती है। एन.एम.सी. मापदण्डानुसार गैर चिकित्सा स्नातक /स्नातकोत्तर आवेदन न करें। 3. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा की वेबसाइट www.ssmcrewa.in पर उपलब्ध है। 4. साक्षात्कार की तिथि पृथक से प्रकाशित की जावेगी।

**(डॉ सुनील अग्रवाल)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा म.प्र.**
जी- 12952/26

## संक्षिप्त खबरें

### संजीव श्रीवास्तव ने संभाला जनगणना निदेशक का पद

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने जनगणना कार्य निदेशक और नागरिक पंजीकरण निदेशक मध्य प्रदेश का पद संभाल लिया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद 1 मई से शुरू हुए मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग) की जानकारी ली। जनगणना निदेशालय के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्रदेश में अब तक मकानों की लिस्टिंग का लगभग 70



प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और बाकी काम शेष 15 दिनों में पूरा हो जाएगा। तय शेड्यूल के अनुसार प्रदेश में मकानों की गिनती का काम 30 मई तक चलेगा। इस मामले में रायसेन जिला प्रदेश में अव्वल है, जहां दस दिनों में ही फील्ड सर्वे का काम पूरा हो चुका है। केंद्र सरकार ने 23 मार्च को प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश के जनगणना निदेशक के लिए श्रीवास्तव के नाम के आदेश किए थे। इस दौरान वे चुनाव आयोग के निर्देश पर ऑब्जर्वर ड्यूटी के लिए प्रदेश से बाहर थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने अपनी जॉइनिंग दी है। वे अगले 3 साल तक इस पद पर रहेंगे। इससे पहले वे लोक निर्माण विभाग में अपर सचिव थे और भिंड जिले के कलेक्टर भी रहे हैं। इससे पहले इस पद पर तैनात 2008 बैच की आईएएस अधिकारी भावना वालिम्बे पिछले साल 30 सितंबर को रिटायर हो गई थीं।

### बीएसएनएल ने मनाया विश्व दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के मध्य प्रदेश सर्किल ऑफिस में विश्व दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस की 161वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 17 मई को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन रविवार का अवकाश होने के कारण इसे एक दिन पहले मनाया गया। बीएसएनएल ने इस अवसर पर सशक्त दुनिया के लिए डिजिटल लाइफलाइन नामक विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार ने कहा कि दूरसंचार सेवाएं अब केवल संवाद नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार की लाइफलाइन बन चुकी हैं। उन्होंने संचार विहीन ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक टेलीकॉम और इंटरनेट सर्विस पहुंचाकर डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने में बीएसएनएल की भूमिका को बताया। आयोजन में दूरसंचार विभाग के उपमहानिदेशक योगेन्द्र सिसोदिया, निदेशक चेतराम मीणा, उप नियंत्रक गोपाल सिंह कुर्मी समेत बीएसएनएल के कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान साइबर सुरक्षा, डिजिटल संचार के महत्व और विकसित भारत के निर्माण पर भी चर्चा की गई।

### एआई अवेयरनेस पर दो दिनी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान मध्य प्रदेश द्वारा संचालित अभ्युदय शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र ने शिवाजी नगर स्थित केंद्र पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अवेयरनेस को लेकर दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कायक्रम में विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान भोपाल के विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार मंडले, डॉ. अखिलेश शेंडे और डॉ. मीनाक्षी राठी शामिल हुए। उन्होंने शिक्षण, सीखने की प्रक्रिया और शैक्षणिक अनुसंधान (रिसर्च) में एआई की उभरती भूमिका पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने एआई टूल्स का व्यावहारिक उपयोग सिखाने के लिए प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी।

# नीट पेपर लीक: सड़कों पर उतरी कांग्रेस, निकाला मशाल जुलूस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल ने राजधानी में एक मशाल जुलूस निकाला। टीन शेड से शुरू हुआ यह मशाल जुलूस न्यू मार्केट के टॉप एन टाउन होते हुए जवाहर भवन, रोशनपुरा चौराहा तक पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने हाथों में मशालें थामकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि जब तक नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। विद्यार्थियों के हक के लिए सड़कों पर यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा।



#### लाखों युवाओं के सपनों को अंधकार में धकेला

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने जुलूस का नेतृत्व कर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, नीट परीक्षा पेपर लीक ने देश के लाखों होनहार विद्यार्थियों के सपनों और उनके भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। लगातार बढ़ती लापरवाही और गलत नीतियों के कारण देश का युवा खुद को असुरक्षित और निराश महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। पटवारी ने देश के वर्तमान हालातों पर चिंता जताते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। इस प्रदर्शन में संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, विधायक महेश परमार, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, भोपाल लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी पटेल, प्रदेश महासचिव संजीव सक्सेना व अमित शर्मा, महिला कांग्रेस सचिव दीप्ति सिंह, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष साबिस्ता जकी और पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह कंसाना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बंद स्कूटर को धक्का मारकर महिला कांग्रेस ने जताया महंगाई का विरोध

राजधानी भोपाल के नानके पेट्रोल पंप पर शनिवार को महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता बंद स्कूटर को धक्का लगाते हुए पेट्रोल पंप पहुंचीं। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और आसमान छूती महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने इस धक्कामार आंदोलन के जरिए सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राच्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्कूटर को धक्का लगाते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम इतने बढ़ चुके हैं कि अब आम जनता के लिए वाहन चलाना भी भारी पड़ रहा है। महिला कांग्रेस ने चेतावनी भरे लहजे में मांग की है कि पेट्रोल-डीजल के दामों में इजाफे को वापस लिया जाए और बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं। इस दौरान रीना बोरासी ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने जनता को अच्छे दिनों के सपने दिखाए थे, लेकिन आज हालात ये हैं कि लोग पेट्रोल भरवाने की बजाय गाड़ियों को धक्का लगाने पर मजबूर हैं। अगर इसी तरह महंगाई बढ़ती रही, तो आने वाले समय में लोगों के पास बैलगाड़ी पर लौटने या पैदल चलने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस दौरान महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल को याद करते हुए दावा किया कि 2008 की भीषण आर्थिक मंदी के बाद भी तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश की जनता पर बोझ नहीं पड़ने दिया था। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही है और महंगाई नियंत्रण के बाहर हो गई है।

# उपार्जन केंद्रों की क्षमता केवल 250 क्विंटल रोज, स्लॉट नहीं हो रहे बुक



### गेहूं खरीदी के सात दिन बाकी, खुले आसमान में उपज लेकर बैठे किसान परेशान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रशासन के तमाम दावों के बीच जिले के कई किसान अब भी रबी की उपज बेचने के लिए परेशान हैं। दरअसल प्रशासन ने उपार्जन केंद्रों पर उपज बेचने के लिए 23 मई की तारीख निर्धारित कर दी है। इसी के साथ केंद्रों की खरीद क्षमता भी 250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है, लेकिन कई किसानों की उपज 250 क्विंटल से अधिक है। इस कारण उनके स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं। 250 क्विंटल से अधिक उपज वाले किसान पूरे जिले में परेशान हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस बार उपार्जन केंद्र अप्रैल में शुरू किए गए, जबकि हमेशा मार्च में शुरुआत हो जाती थी। इसके अलावा प्रशासन द्वारा इस बार 5 एकड़ जमीन वाले किसानों की उपज पहले खरीद ली गई। इसके बाद अधिक उपज वाले किसानों को उपज खरीदी जानी थी, लेकिन उपार्जन केंद्रों की क्षमता 250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई। ऐसे में यदि किसी किसान के पास 255 क्विंटल उपज है, तो उसका स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि 23 मई तक स्लॉट बुकिंग की तारीख नहीं मिल पा रही है। इसके पहले सर्वर धीमा होने के कारण स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे थे और अब उपार्जन केंद्र की क्षमता सीमित हो जाने के कारण स्लॉट नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में किसान उपज बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। वहीं यदि किसान 23 मई तक अपनी उपज नहीं बेच पाते हैं, तो इसके बाद उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों के चक्कर काटने पड़ेंगे। ऐसे में उपज के दाम 300 रुपए प्रति क्विंटल तक कम मिलेंगे। जिससे 250 क्विंटल पर सीधे सीधे 75 हजार रुपए तक का नुकसान होगा और यदि फसल इससे अधिक है, तो नुकसान और बढ़ेगा। वहीं फसल खुले में होने के कारण यदि मौसम खराब होता है, तो फसल भीगने की भी संभावना रहेगी। फसल भीगने के कारण दाम और भी कम हो जाएंगे।

#### ई-उपार्जन पोर्टल को बंद किया

राजधानी सहित प्रदेश में गेहूं खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन था। इसे बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया था। लक्ष्य पूरा होने पर एनआईसी की ओर से संचालित ई-उपार्जन पोर्टल को बंद कर दिया गया है। इससे किसानों को गेहूं बेचने के लिए संबंधित उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी वजह किसान यह भी बता रहे हैं कि हर दिन एक उपार्जन केंद्र पर 250 क्विंटल गेहूं खरीदी की सीमा तय होने से स्लॉट नहीं मिल रहा। किसान राजेंद्र मीणा बताते हैं कि पिछले साल उनके परिवार द्वारा करीब 800 क्विंटल गेहूं बेची गई थी। उपार्जन केंद्र जल्दी खुलने से और नियम सरल होने से उन्होंने 22 मार्च से 26 मार्च के बीच पूरी फसल बेच दी थी, लेकिन इस बार स्लॉट बुकिंग की समस्या आ रही है। पूरी प्रोसेस करने के बाद जब स्लॉट बुकिंग कन्फर्म होने का मैसेज आता है। उसकी जगह स्क्रीन पर किआपकी उपज उपार्जन केंद्र की क्षमता से अधिक है। अगले उपलब्ध स्लॉट में बुकिंग करें, लेकिन अगले सात दिनों में कोई भी स्लॉट उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उपज बेचने में परेशानी आ रही है।

"1 मई से सर्वर लगातार धीमा चल रहा है, जिसके कारण मैं उपज नहीं बेच सका और अब उपार्जन केंद्रों की क्षमता सीमित होने से स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण मेरी 357 क्विंटल गेहूं के लिए स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है।

● **दीपक मारण**, खेजड़ा देव

"पहले छोटे किसानों से गेहूं की खरीदी की जा रही थी और मेरे परिवार में बहन की सगाई भी थी। इस कारण 1 मई के बाद स्लॉट बुक करने का सोचा था, लेकिन बुकिंग नहीं हो सकी। अब स्लॉट ही नहीं मिल रहा है। इसके कारण मैं अपनी 260 क्विंटल उपज लेकर भटक रहा हूं।

● **महेंद्र मीणा**, किसान खेजड़ा देव

"एनआईसी की ओर से ई-उपार्जन पोर्टल बंद कर दिया गया है। इससे किसानों को स्लॉट नहीं मिल पा रहा है। भोपाल में 3 लाख 50 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 80 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।

● **चंद्रभान सिंह जादौन**, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक

# शहीदों के परिजनों के लिए कालेज और यूनिवर्सिटी में रहेगी सुपर सीट

## उच्च शिक्षा विभाग ने की नई व्यवस्था, हर कोर्स में रिजर्व रहेगी सीट

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश के सभी कालेजों और विश्वविद्यालयों में अब एक सुपर सीट की व्यवस्था भी होगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम में यह सुपर सीट रहेगी। यह सीट पूरी तरह से मध्यप्रदेश के शहीदों के परिजनों के लिए रिजर्व रहेगी। शहीदों के परिजनों को ही इस पर प्रवेश दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन काउंसलिंग में इस सुपर सीट के लिए अलग कैटेगरी शामिल की जा रही है। प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने पुलिस और होमगार्ड में सेवारत रहे अधिकारी-कर्मचारियों की शहादत को सम्मान देने के उद्देश्य से यह पहल की है। विभाग ने प्रदेश के इन शहीदों की पत्नी, पुत्र या पुत्री के लिए स्नातक की पढ़ाई में यह व्यवस्था की है। उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर सभी कालेजों और यूनिवर्सिटी में इस सीट की व्यवस्था करने को कहा है। आदेश में कहा गया है कि अगर किसी शहीद की पत्नी या उसके पुत्र या पुत्री को ग्रेजुएशन की पढ़ाई करना है तो ऐसे लोगों के लिए हर पाठ्यक्रम में कम से कम एक सीट रिजर्व रखी जाएगी। इस सीट पर केवल ऐसे ही परिवार के सदस्यों को प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और सभी



कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय
सतपुड़ा भवन, भोपाल

क्रमांक 1250600/1014779/2026 दिनांक 14-05-2026

प्रति,
1- कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश
2- प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय मध्यप्रदेश

विषय- प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 में एक अतिरिक्त सीट के आरक्षण का प्रावधान के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पुलिस, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) के शहीदों की विधवाओं एवं उनके आश्रित बच्चों के लिए एक अतिरिक्त सीट का आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

उक्त घोषणा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्न अनुसार निर्देश जारी किये जाते हैं:-

प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटों के अतिरिक्त (01) सुपरन्यूमेरेरी सीट निर्धारित की गई है। यह सीट नियमित सीटों की संख्या को प्रभावित नहीं करेगी।
- केवल ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जो—पुलिस, होमगार्ड या नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) के शहीद कर्मियों की विधवा, या उनके आश्रित पुत्र/पुत्री हों।
- सक्षम प्राधिकारी (गृह विभाग/संबंधित विभाग) द्वारा जारी आश्रित होने का प्रमाण-पत्र एवं अन्य सामान्य प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज।
- ऐसे अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर पृथक श्रेणी/विकल्प के माध्यम से आवेदन करना होगा।
- प्रत्येक पाठ्यक्रम में अधिकतम एक अतिरिक्त सीट ही प्रदान की जाएगी।
- यदि एक से अधिक पात्र अभ्यर्थी हों, तो मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा।
- यदि किसी पाठ्यक्रम में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होता है, तो उक्त सीटरिक्त रखी जाएगी।
- इस सीट को अन्य किसी श्रेणी/अभ्यर्थी को आवंटित नहीं किया जाएगा।

Digitally signed by Prabal Sepaha
Date: 14-05-2026 17:11:11

(प्रबल सिपाहा)
आयुक्त

प्रतिलिपि-
1- निज सहायक माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश।
2- निज सहायक अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल

महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र के साथ भेजी गई प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 में एक अतिरिक्त सीट का आरक्षण करना अनिवार्य किया गया है। यह अतिरिक्त सीट प्रदेश के सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में आरक्षित रखी जाएगी। ऐसे निकाली सुपर सीट उच्च शिक्षा आयुक्त अनुपम राजन के मुताबिक हर स्नातक पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीट के अलावा एक सीट सुपर न्यूमेरेरी सीट बनाई गई है। यह सीट नियमित सीट्स की संख्या को प्रभावित नहीं करेगी। इसके तहत प्रवेश के लिए जितनी सीट्स पहले से स्वीकृत हैं उनकी संख्या में कोई कमी नहीं होगी।

#### इन्हें मिलेगी सुपर सीट

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रिजर्व की गई इस अतिरिक्त सीट तय पर केवल ऐसे उम्मीदवार पात्र होंगे जो पुलिस, होमगार्ड या नागरिक सुरक्षा के शहीद की विधवा या उनके आश्रित पुत्र या पुत्री हों। पात्रता प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी घोषित अथवा गृह विभाग या अन्य संबंधित विभाग द्वारा जारी आश्रित होने का प्रमाण पत्र जरूरी होगा। इसके अलावा अन्य सामान्य प्रवेश संबंधी दस्तावेज लिए जाएंगे। किसी पाठ्यक्रम में पात्र उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होता है तो सीट रिक्त रखी जाएगी। यह सीट किसी अन्य श्रेणी या अभ्यर्थी को आवंटित नहीं की जाएगी। वहीं पात्र उम्मीदवारों की संख्या एक से अधिक होने की स्थिति में मेरिट से प्रवेश तय किया जाएगा।

# भोपाल के भाजपा नेता दो दिन बिना मोबाइल के ही रहेंगे

### सीएम ने किया प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा का भोपाल जिले का दो दिनी प्रशिक्षण शनिवार को शुरू हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोलूखेड़ी में स्थित सन स्काई मैरिज गार्डन में प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। यह जिला प्रशिक्षण वर्ग रविवार शाम तक चलेगा। शनिवार रात सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण स्थल पर ही रहना होगा। इस वर्ग में शामिल होने वाले नेताओं को दो दिन तक मोबाइल से भी दूर रखा गया है। मोबाइल रखने के लिए प्रशिक्षण स्थल पर मोबाइल पार्किंग बनाई गई है। सभी को रविवार शाम घर जाते समय ही मोबाइल फोन लौटाए जाएंगे। इस वर्ग में पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा, आदर्श कार्यकर्ता की रहनी-करनी के अलावा विभिन्न प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर




प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण स्थल पर भाजपा की 47 वर्ष की यात्रा, इतिहास पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व समझाने के बाद प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दो दिनी वर्ग में भोपाल जिले के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। समापन सत्र में राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह भी शामिल होंगे।

## परेशानी

### शराब के एक्सपोर्ट पर रोक और राशनिंग के बाद भी सप्लाई नहीं, गर्मी में बढ़ी मांग से परेशान

# शराब दुकानों से बीयर गायब, चुनिंदा ब्रांड के वसूल रहे मनमाने दाम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही शराब दुकानों पर बीयर की कमी ने लोगों और ठेकेदारों दोनों को परेशान कर रखा है। आलम यह है कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में लोकप्रिय ब्रांड्स की बीयर की न तो बोतलें उपलब्ध हैं और न ही कैन। आबकारी महकमे ने प्रदेश में बीयर की कमी को दूर करने के लिए न केवल शराब दुकानों पर राशनिंग लागू कर दी थी, बल्कि प्रदेश से अन्य राच्यों और विदेशों में जाने वाली बीयर पर भी रोक लगा दी है। इसके बाद भी ग्राहकों की डिमांड पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में शौकीन ग्राहक खाली हाथ लौट रहे हैं। इसके साथ ही शराब ठेकेदार भी चिंतित हैं क्योंकि इससे उनकी बिक्री भी प्रभावित हो रही है। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार एमपी में फिलहाल एक शराब दुकान को अधिकतम 300 पेटी बीयर की ही सप्लाई की जा रही है। इधर लोकप्रिय ब्रांड की किल्लत का फायदा शराब ठेकेदार भी उठा रहे हैं और वे पसंदीदा ब्रांड के लिए प्रति बोतल 50 और कैन के लिए 70 रुपये तक अधिक ले रहे हैं। आबकारी विभाग के पास भी ऐसी शिकायतें पहुंच रही हैं। नियम के मुताबिक प्रदेश में एमआरपी से अधिक पर शराब नहीं बेची जा सकती।




#### गर्मियों में अधिक डिमांड लेकिन सप्लाई का संकट

गर्मी के मौसम में बीयर की खपत बढ़ जाती है और पहले ठेकेदार सीजन के लिए स्टॉक कर लेते थे, लेकिन इस बार हालात अलग हैं। भोपाल के एक शराब कारोबारी के मुताबिक आबकारी के वेयरहाउस से सीमित मात्रा में हाई रेंज बीयर की सप्लाई होती है, लेकिन सुबह 11 बजे तक स्टॉक खत्म हो जाता है। बीयर के शौकीन ग्राहक पसंदीदा ब्रांड के अलावा चीप रेंज (सस्ती) वाली बीयर खरीद ही नहीं रहे हैं। कुछ शराब दुकानों में तो महंगी बीयर की बिक्री के लिए प्रति ग्राहक 2 बोतल या कैन की सीमा तय की गई है। इस मामले में नाराज ग्राहक सोशल मीडिया पर भी पोस्ट डाल रहे हैं कि कई ब्रांड की पॉपुलर बीयर महीनों से नहीं मिल रही। कुछ उपभोक्ताओं ने पसंदीदा ब्रांड के लिए अधिक रकम की डिमांड की शिकायतें भी सोशल मीडिया पर डाली हैं।

#### इस समस्या की इनसाइड स्टोरी

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, अलीराजपुर, ग्वालियर आदि जिलों के कई शराब कारोबारियों ने आबकारी अधिकारियों से मुलाकात कर बीयर की सप्लाई बढ़ाने और इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। अफसरों ने इसके समाधान का आश्वासन जरूर दिया लेकिन स्थिति जस की तस है। भोपाल में एमपी नगर की वाइन शॉप पर आए एक ग्राहक ने बताया कि गर्मी में ठंडी बीयर का मजा लेने का मन करता है, लेकिन महंगे ब्रांड्स नहीं मिल रहे या ओवर रेट पर मिलते हैं। आबकारी के अफसर भी दबी जुबान में मानते हैं कि एक बड़ी शराब निर्माता कंपनी का लाइसेंस निरस्त होने के बाद स्थिति बिगड़ी है, क्योंकि चीप और हाई रेंज बीयर की लगभग 50 फीसदी सप्लाई इसी कंपनी से होती थी। इसके अलावा ईरान-अमेरिका विवाद ने भी रही-सही कसर निकाल दी, क्योंकि बीयर की पैकेजिंग के लिए लगने वाली बोतल, कैन और कार्डबोर्ड के दामों में भी काफी तेजी आई है।

#### इन ब्रांड्स की शॉर्टेज

हेवर्ड्स, हेनरिक, हेइनेकेन, किंगफिशर, ट्यूबॉर्ग, हंटर, लीजेंड आदि।

#### ये ब्रांड उपलब्ध

दबंग, माउंट, प्रेसिडेंट, महारानी, बाबा आदि।

#### आबकारी विभाग कर रहा उपाय

इस मामले में आबकारी विभाग के सूत्रों से पता चला है कि जल्द ही जिस कंपनी के लाइसेंस निरस्त किए गए थे, उसके पास पहले से रखा हुआ बीयर और शराब का स्टॉक लेकर शराब दुकानों पर सप्लाई किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को आदेश जारी हो सकते हैं। इस कंपनी के स्टॉक के बाजार में आने से बीयर की शॉर्टेज कुछ हद तक दूर हो सकती है।

### प्रशासन ने 45 दिन में मुक्त कराई 70 करोड़ 50 लाख से ज्यादा की 46 हेक्टेयर जमीन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में जिला प्रशासन द्वारा पिछले 45 दिनों में 70 करोड़ 50 लाख रुपए से ज्यादा की 46 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। 1 अप्रैल से 15 मई के बीच भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद सरकारी जमीन से कब्जे हटाए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा के अनुसार अतिक्रमण के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई हुजूर और बैरसिया इलाकों में हुई है।

अकेले हुजूर तहसील में ही 22 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि भू-माफियाओं के चंगुल से छुड़ाई गई है। इसके अलावा प्रशासन की कार्रवाई कोलार और बैरसिया तहसील के अलावा टीटी नगर, एमपी नगर, बैरागढ़ ,शहर वृत्त और गोविंदपुरा नजूल क्षेत्र से भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाए गए हैं। आने वाले दिनों में अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी। जानकारी के अनुसार अतिक्रमण मुक्त कराई गई 46 हेक्टेयर जमीन की कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार कीमत करीब 70 करोड़ 50 लाख 17 हजार 720 रुपए है। जानकारी के अनुसार कार्रवाई के तहत हुजूर में 22.078 हेक्टेयर, बैरसिया में 21.09 हेक्टेयर, कोलार में 1.0001 हेक्टेयर, एमपी नगर में 0.500 हेक्टेयर, टीटी नगर में 0.478177 हेक्टेयर, बैरागढ़ में 0.415 हेक्टेयर, गोविंदपुरा में 0.330 हेक्टेयर और शहर वृत्त में 0.111 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

## "ट्वीट ऑफ द डे"



केशव मौर्य
डिप्टी सीएम उप्र

परीक्षाओं में पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे छात्रों को कष्ट होता है। सरकार भविष्य में बड़े कदम उठाने जा रही है, जिसके तहत प्रश्नपत्रों को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने की प्रक्रिया समाप्त की जाएगी और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली की ओर बढ़ा जाएगा, जिससे पेपर लीक की घटनाएं समाप्त होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग



**जागरण, इंदौर।** शहर के धार रोड स्थित प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री डीयू ड्रॉप एरिगेशन में शनिवार सुबह करीब 7 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसका काला धुआं और गुब्बार कई किलोमीटर दूर से देखा गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। पोकलेन मशीन और फायर फाइटिंग रोबोट मंगाया गया। फैक्ट्री में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 7 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फायर कर्मी लगातार मशक्कत कर रहे हैं, लेकिन रात तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी थी। फैक्ट्री के अंदर अभी घुसने की स्थिति नहीं हैं। यहां टीन शेड लगा था, जिसे हटाकर आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। शाम तक करीब 45 टैंकर पानी लग चुका है। आरआरसीएटी के डिप्टी फायर ऑफिसर अजय कुमार ने बताया कि आग ज्यादा है। यहां पानी के सोर्स नहीं हैं। इस वजह से परेशानी आ रही है। हालांकि, दूसरे टैंकरों से पानी बुलाकर दमकल को फिलअप कर रहे हैं।

### डेढ़ साल में 56 बार रेड लाइट जंप की, टैंपो जब्त

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर पुलिस ने सख्ती दिखाई है। शनिवार को पुलिस ने एक ऐसे ही 'रिकॉर्डधारी' विक्रम टेंपो को विशेष घेराबंदी कर पकड़ा, जो पिछले डेढ़ साल में 56 बार रेड लाइट जंप कर चुका था, उस पर 56 ई-चालान लंबित थे। करीब 28 हजार रुपए जुर्माना भरने के बाद ही टेंपो छोड़ा जाएगा। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद चालक ई-चालान जमा नहीं कर रहा था। शनिवार सुबह पुलिस ने इस विक्रम टेंपो को ब्लैकलिस्ट कर घेराबंदी की। दोपहर में यह टेंपो न्यू जेएएच के बाहर पकड़ा गया। पुलिस ने टेंपो जब्त कर थाने पहुंचा दिया है। यातायात डीएसपी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर शहर में लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले आदतन वाहनों की एक ब्लैक लिस्ट तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में कंपू यातायात थाना प्रभारी (निरीक्षक) केपीएस तोमर को इस विशेष विक्रम टेंपो को ट्रैक करने की जिम्मेदारी दी थी।

### भीख नहीं मिली तो ताज एक्स. पर किया पथराव, गिरफ्तार



**जागरण, ग्वालियर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से झांसी जा रही ताज एक्सप्रेस पर एक युवक ने पथराव कर दिया। यह घटना प्लेटफार्म नंबर-1 पर हुई, जहां ट्रेन के डी-1 कोच की खिड़कियों पर पत्थर फेंके गए। पथराव से कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं अचानक हुए इस पथराव से ट्रेन के अंदर बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई। हालांकि गनीमत रही कि किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। दरअसल आरोपी युवक ट्रेन के अंदर भीख मांग रहा था। भीख न मिलने पर उसका कुछ यात्रियों के साथ विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवक ट्रेन से नीचे उतर गया और गुस्से में आकर उसने डी-1 कोच पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) तुरंत मौके पर पहुंचा। प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

# भोजशाला में गूंजे पाठ, दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

## पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च, नमाज के लिए 242 पेज का आदेश पलट रहा दूसरा पक्ष

**जागरण, धार।** करीब सौ साल के संघर्ष एवं लंबी कानूनी लड़ाई के बाद मंदिर घोषित की गई प्रसिद्ध भोजशाला में दिन भर भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा की चौपाइयां गुंजायमान होती रहीं। सुबह-सुबह ही दर्शन करने वालों की भीड़ पहुंचने लगी तो बिना रोकटोक हिंदू धर्मावलंबियों ने मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना की। व्यवस्था बनाए रखने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा तो फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस व प्रशासन ने शांति बनाए रखने का संदेश दिया। हाईकोर्ट की इंदौर बैंच द्वारा शुक्रवार को दिए गए आदेश के बाद पहले ही दिन भोजशाला का नजारा बदला हुआ नजर आया। अदालत से पूजा का अधिकार मिलने के बाद सुबह से ही लोग वाग्देवी की पूजा करने पहुंच गए। श्रद्धालुओं और अलग-अलग समितियों से जुड़े लोगों ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा तय की गई व्यवस्था के तहत दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुबह से यहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। सभी ने मां वाग्देवी के स्थान और यज्ञ कुंड के पास पुष्प अर्पित किए। साथ ही भोजशाला में बैठकर बड़ी संख्या में लोग मंत्र जाप और भजन करते रहे।



### उत्सवी माहौल आया नजर

भोजशाला संरक्षित स्थल है। इसका रखरखाव एएसआई के हाथ में है। इससे एएसआई ने कई प्रतिबंध अभी भी लगा रखे हैं। मगर पहले ही दिन मूर्तियों को छूने और चरण स्पर्श की छूट मिलने से लोगों ने पुष्प अर्पित कर समीप से दर्शन किए। इस दौरान भोजशाला में उत्सवी माहौल बना रहा। भोजशाला मुक्ति यज्ञ, भोजशाला समिति आदि के सदस्यों ने दर्शनार्थियों को मिठाई बांटी। एक दूसरे को बधाई भी लोग देते रहे। दर्शन करने पहुंचे लोगों ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद बिना रोक-टोक पूजा करने का अवसर मिलने पर खुशी जताई। भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा ने कहाकि भोजशाला का कण-कण यह दर्शाता है कि यह एक मंदिर है। भोजशाला मंदिर था, है और हमेशा मंदिर ही रहेगा।

### रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

शनिवार को धार पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। मार्च प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। शहर में करीब 1000 पुलिस बल अभी भी तैनात है। वहीं, भोजशाला परिसर में 100 से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल नजर बनाए हुए है। शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट में दूसरी केविएट भी दायर

एक तरफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में जुट गया है। भोजशाला को वाग्देवी मंदिर बताने वाले हाईकोर्ट के 242 पेज के आदेश को पलटा जा रहा है। भोजशाला परिसर को कमाल मौला मस्जिद बताने वालों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दी जाने वाली चुनौती की संभावना को देखते हुए हिंदू पक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय में 2 केविएट याचिकाएं दायर की हैं। ताकि उनके पक्ष को सुने बिना किसी भी तरह का लाभ दूसरे पक्ष को न दिया जा सके। इसके साथ ही हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि हाईकोर्ट ने लंदन के एक संग्रहालय में रखी वाग्देवी की मूल मूर्ति वापस लाने की मांग पर भी विचार शुरू कर दिया है।

## अब हर दिन हिंदू रीति-रिवाज से होगी पूजा, एएसआई ने भोजशाला से हटाया मस्जिद नाम

**जागरण, धार।** हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के आदेश के बाद जहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एएसआई ने भी धार की प्रसिद्ध भोजशाला को वाग्देवी का मंदिर और संस्कृत विद्या व कला केंद्र मान लिया है। अब नियमित रूप से साल के पूरे 365 दिन हिंदू रीति-रिवाजों व परंपराओं से भोजशाला में पूजा-पाठ हो सकेंगे। वहीं परिसर से मौला कमाल मस्जिद का नाम भी एएसआई ने शनिवार को हटा दिया है। एएसआई के दिल्ली स्थित निदेशालय ने भोजशाला परिसर की व्यवस्था में बदलाव करते हुए शनिवार को नया आदेश जारी किया है। इसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा शुक्रवार को दिए गए आदेश को आधार बनाकर एएसआई द्वारा पुरानी व्यवस्था में कई बदलाव किए गए हैं। अव्वल तो एएसआई ने भी इस आदेश में साफ कर दिया है कि भोजशाला की स्थापना राजा भोज द्वारा संस्कृत पाठशाला के रूप में कराई गई थी। साथ ही परिसर से कमाल मौला मस्जिद का उल्लेख भी मिटा दिया है। एएसआई ने पूर्व में शुक्रवार को यहां नमाज पढ़ने की मुस्लिम समुदाय को दी गई छूट भी इस आदेश में खत्म कर दी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में एएसआई के उस आदेश को ही निरस्त कर दिया था, जिसमें यह छूट देते हुए हिंदू पक्ष को पूजा करने से रोक दिया गया था। एएसआई द्वारा जारी नए आदेश को हिंदू संगठनों व सांस्कृतिक विशेषज्ञों ने ऐतिहासिक सत्य की पुनर्स्थापना बताया है। एएसआई के नए आदेश के बाद अब हिंदू धर्मावलंबी सभी 365 दिनों तक बिना किसी रोक-टोक के पूजा-अर्चना कर सकेंगे। इस अधिकार के मिलने पर जहां धर्मावलंबी खुशी जता रहे हैं तो कानूनी विशेषज्ञों इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक पहचान और वैज्ञानिक पुरातात्विक साक्ष्यों (एएसआई सर्वे) के महत्व से जोड़कर देख रहे हैं।

**एएसआई ने जारी किया आदेश, बदली गईं व्यवस्थाएं**

भाजपा विधायक से बोले दिग्विजय

## मैं घोर सनातनी हूं, तुम लोग ही हिंदू-हिंदू करते थे

**जागरण, इंदौर।** ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने दोहराया है कि मैं सनातनी हूं। मैं घोषणा करता आया हूं कि आज फिर कह रहा हूं कि मैं घोर सनातन धर्म का मानने वाला हूं। उन्होंने भाजपा की कट्टरपंथी नेता ऊषा ठाकुर से बातचीत के दौरान यह दावा करते हुए कहाकि तुम लोग तो सिर्फ हिंदू-हिंदू करते थे, मेरे कहने के बाद ही तुम लोगों ने सतातन धर्म स्वीकार किया है। पूर्व सीएम सिंह और भाजपा विधायक ठाकुर के बीच यह रोचक बातचीत शुक्रवार रात इंदौर में हुई। जैसे ही सिंह ने खुद को सनातनी बताते हुए भाजपा विधायक से पूछा कि क्या तुमने नर्मदा परिक्रमा की है? क्या तुम एकादशी का व्रत करती हो? ठाकुर ने माना कि उन्होंने नर्मदा परिक्रम नहीं की, पर दिग्विजय से कहाकि आप व्यक्तिगत रूप से पक्के सनातनी हैं, लेकिन सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं करते। इस पर सिंह ने भाजपा नेता को टोकते हुए कहाकि मैं सार्वजनिक रूप से ही तो कह रहा हूं, अब और कैसे सार्वजनिक करूं? मैं सही सनातनी हूं। आत्मीय माहौल में दोनों का यह संवाद यहीं नहीं रुका, भाजपा विधायक ने फिर सवाल उठाते हुए पूछा..तो आपको हाई कोर्ट के निर्णय का सम्मान करना चाहिए। इस पर कांग्रेस सांसद सिंह ने उनसे पूछ लिया कि उन्होंने कैसे मान लिया कि मैंने विरोध किया? ऊषा बोलीं कि अब ये किसी ने बोला है तो सिंह भी पूछते रहे किसी ने बोला। अंत में ठाकुर ने सिंह को सनातनी होने पर धन्यवाद भी दिया।

# सरकार ने बदली नर्सिंग में प्रवेश प्रक्रिया अब सिर्फ बीएससी के लिए होगी परीक्षा

## प्रवेश परीक्षा का जिम्मा मप्र कर्मचारी चयन मंडल को सौंपा

### एमएससी नर्सिंग में प्रवेश मेरिट के आधार पर मिलेगा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस वर्ष से बीएसएसी नर्सिंग सहित अन्य नर्सिंग कोर्सेस में प्रवेश के नियम बदल दिए हैं। नियम बदलने के साथ ही नया गजट नोटिफिकेशन भी करवा दिया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार अब सिर्फ बीएसएसी नर्सिंग में प्रवेश के लिए विशेष प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बीएससी नर्सिंग में प्रवेश में बीएससी के अंकों के आधार पर दिया जाएगा। जबकि पिछले वर्ष तक उक्त सभी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती थी। विभाग ने इस बार भी प्रवेश परीक्षा का जिम्मा मप्र कर्मचारी चयन मंडल को ही सौंपा है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अब इसी आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेजों को सूचित कर दिया गया है, साथ ही कॉलेजों को निर्देशित किया गया है कि वह नया कैलेंडर जारी करेंगे और इसकी सूचना छात्र-छात्राओं तक पहुंचाएंगे।



### नीट काउंसलिंग जैसी होगी प्रवेश प्रक्रिया

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नर्सिंग की प्रवेश प्रक्रिया को ठीक नीट काउंसलिंग के पैटर्न पर तैयार किया है। इसमें तीन चरणों के बाद चौथा चरण भी जोड़ा गया है। साथ ही यह भी व्यवस्था की है कि यदि अंतिम चरण के बाद भी सीट खाली बचती है तो कॉलेज संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अनुमति लेकर कॉलेज स्तरीय प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन कर सकते हैं। इसके अलावा मैरिट सूची तैयार करना और आरक्षण रोस्टर का पालन करना भी कॉलेज संचालकों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है।

### कॉलेजों को जारी करना होगा काउंसलिंग कैलेंडर

गजट नोटिफिकेशन के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पहले सभी कॉलेजों को अपना काउंसलिंग कैलेंडर जारी करना होगा। इसमें यह बताना होगा कि प्रवेश की तिथियां क्या रहेंगी। कब रजिस्ट्रेशन होगा, कब मैरिट सूची बनेगी और कब सीट आवंटन होगा। इस तरह का शेड्यूल हर चरण में जारी करना होगा।

## दर्शन के बाद पी भांग, फ्लाइट छोड़कर पहुंचा अस्पताल

**जागरण, इंदौर।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद भांग मिली ठंडाई पीना एक यात्री को महंगा पड़ गया। भांग का असर सिर चढ़ते ही इंदौर एयरपोर्ट पर बोर्डिंग का इंतजार कर रहे यात्री के हाथ-पैर कांपने लगे और तबीयत बिगड़ गई। यात्री को रात की उड़ान से दिल्ली जाना था, लेकिन हालत खराब होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। एयरपोर्ट प्रबंधन ने जब देखा कि वह इस स्थिति में विमान यात्रा नहीं कर सकते, तो उनका सामान भी फ्लाइट से उतरवा लिया गया। मालूम हो कि दिल्ली के रहने वाले कृष्णा ढल्ला ने बाबा महाकाल के दर्शन के बाद प्रसाद स्वरूप जरा ज्यादा ही ठंडाई ग्रहण कर ली। इसके बाद वह कार से उज्जैन से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से उन्हें इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली जाने वाली फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, एयरपोर्ट पहुंचने तक भांग ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। कृष्णा को कंपकंपी और सीने में दर्द की शिकायत भी होने लगी। एयरपोर्ट कर्मचारियों ने तुरंत मेडिकल स्टाफ को सूचना दी।

# ट्रस्ट की जमीन बेच 100 करोड़ की धोखाधड़ी, मप्र से जुड़े तार

## दो मास्टर माइंड गिरफ्तार, खाते फ्रीज, वाहन कुर्क

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमपी समेत देश के तीन राच्यों में फैले जमीन घोटाले का भंडाफोड़ करते हुए दो मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। मामला महर्षि महेश योगी द्वारा स्थापित 63 साल पुराने एक आध्यात्मिक और धर्मार्थ ट्रस्ट द स्पिरिचुअल रीजनेरेशन मूवमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया का है। ईडी ने जी. रामचंद्रमोहन और आकाश मालवीय नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ट्रस्ट की बेशकीमती जमीनों को फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेच दिया। इस मामले में जमीन के सौदे कराने वाली सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स के डायरेक्टर प्रदीप सिंह की भी भूमिका सामने आई है।

### कंपनी डायरेक्टर के बैंक खाते और लॉकर फ्रीज

ईडी ने इस घोटाले में सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स के डायरेक्टर प्रदीप सिंह की भूमिका भी संदिग्ध पाई है। प्रदीप को अच्छी तरह पता था कि यह जमीन आध्यात्मिक ट्रस्ट की है और इसे बेचने वाले लोग फर्जी हैं, इसके बावजूद उसने जानबूझकर जमीन खरीदी। जमीन अपने नाम कराते ही प्रदीप सिंह ने तुरंत उसे थर्ड पार्टी को बेचकर भारी मुनाफा कमाया। ईडी ने छापेमारी के बाद फर्जीवाड़े में शामिल सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स और इसके डायरेक्टर प्रदीप सिंह के बैंक खातों, फिक्स डिपॉजिट और लॉकरों को फ्रीज कर दिया है। इसके साथ ही उनके लग्जरी वाहनों जैसे टोयोटा हाइब्रिड, लैंड रोवर डिफेंडर और महिंद्रा थार रॉक्स को कुर्क कर लिया है। अब ईडी इस बात की जांच कर रही है कि इस करोड़ों रुपये के घोटाले में मध्य प्रदेश और अन्य राच्यों के कौन-से रसूखदार लोग या खरीदार शामिल हैं।

### यूपी और छग से भी कनेक्शन 100 करोड़ का खेल

इस घोटाले के तार मध्य प्रदेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी जुड़े हुए हैं। ईडी ने एमपी और अन्य राच्यों में दर्ज एफआईआर के आधार पर मई माह में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने मध्य प्रदेश सहित तीनों राच्यों में स्थित ट्रस्ट की सौ करोड़ से अधिक मूल्य की प्राइम लोकेशन वाली जमीन को अवैध रूप से ठिकाने लगा दिया। जांच में सामने आया है कि जी. रामचंद्रमोहन ने खुद को इस ट्रस्ट का फर्जी कोषाध्यक्ष घोषित कर ट्रस्ट से मिलते-जुलते नाम वाली एक फर्जी संस्था बनाई और पैन कार्ड हासिल कर लिया। इसकी मदद से उसने बैंक खाता खोला और जमीनों को बेचकर आने वाले करोड़ों रुपयों को ठिकाने लगाया। उसका सहयोगी आकाश मालवीय भी खुद को ट्रस्ट का कार्यकारी सदस्य बताकर फर्जी सेल डीड पर हस्ताक्षर करता था। ईडी की दिल्ली यूनिट ने दोनों को गिरफ्तार कर वहां की स्थानीय अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन में पांडुलिपियों का निवारण और संरक्षण को लेकर पांच दिन चली कार्यशाला

**हरिद्वार।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की मुख्य पहल ज्ञानभारतम् मिशन के अंतर्गत, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार में पांडुलिपियों का निवारण एवं संरक्षण पर पंच दिवसीय कार्यशाला पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन हरिद्वार में हुई। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों का स्वागत माला और स्मृति चिह्न भेंट करके किया गया।

पाँचवे दिन आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने देश की मूल संस्कृति व मूल प्रकृति को समझने का उद्घोष करते हुए कहा कि जीर्ण-क्षीर्ण पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण का उद्देश्य हमारी प्राचीन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। उन्होंने आह्वान किया कि 400—500 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों को संशोधित एवं पुनर्संरक्षित करके उन्हें नए स्वरूप में प्रस्तुत किया जाए ताकि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य



धरोहर बन सकें। उन्होंने चरक संहिता, सुश्रुत संहिता और धन्वंतरि जैसे प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए पांडुलिपियों के अध्ययन से इतिहास के छिपे हुए रहस्यों को समझाने की बात कही। वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने पतंजलि कृषि अनुसंधान परिसर का अवलोकन किया। कृषि मृदा अनुसंधान की वैज्ञानिक डॉ. मनोहारी राठी ने प्रतिनिधियों को भारत में पाई जाने वाली आठ प्रमुख प्रकार की मिट्टियों, मृदा परीक्षण की प्रक्रियाओं तथा पतंजलि द्वारा विकसित धरती का डॉक्टर ऑटोमेटेड मृदा परीक्षण मशीन के बारे में जानकारी दी। जीबीएम, नई दिल्ली की वरिष्ठ संरक्षक, अर्चना गहलोत ने अपने दीर्घकालीन प्रयोगात्मक सत्र में पांडुलिपियों के अवलोकन से संबंधित विभिन्न तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। पांडुलिपियों के संरक्षण में माइक्रोफिल्मिंग एवं फोटोग्राफिक तकनीकों की महत्ता पर बल देते हुए उन्होंने नमी से बचाव के प्रभावी उपायों का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया। समापन पर पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन की विभागाध्यक्ष डॉ. वेदप्रिया आर्या ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद पतंजलि योगयात्रा पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया। अंत में, सभी के सहयोग और सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## पावर ग्रिड के लाभ में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के बिजली मंत्रालय के तहत एक 'महारत्न' कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ने चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 26 को खत्म हुए समय के लिए फाइनेंशियल रिजल्ट्स की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2026 के लिए, स्टैंडअलोन बेसिस पर, कंपनी ने टैक्स के बाद प्रॉफिट और टोटल इनकम क्रमशः 15,921 करोड़ और 46,996 करोड़ बताई। कंसोलिडेटेड बेसिस पर, टैक्स के बाद प्रॉफिट और टोटल इनकम क्रमशः 15,928 करोड़ और 47,684 करोड़ थी। चौथी तिमाही के लिए, स्टैंडअलोन बेसिस पर, कंपनी ने 4,553 करोड़ का पेट और 11,955 करोड़ की टोटल इनकम बताई है। कंसोलिडेटेड बेसिस पर, कंपनी ने 4,546 करोड़ का पेट और 11,971 करोड़ की टोटल इनकम रिपोर्ट की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए अब तक दिए गए 7.75/- प्रति शेयर के इंटरिम डिविडेंड के अलावा, 10/- फेस वैल्यू वाले हर शेयर पर 1.25 प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड प्रपोज किया है (पेड-अप शेयर कैपिटल का 12.50 प्रतिशत)।

# सात घंटे लू जैसा एहसास, रात में भी गर्म हवाओं ने सताया

## भोपाल में 42 डिग्री पर ठहरा शहर का पारा ▸▸ तीन दिन बाद 44 तक पहुंचने के आसार ▸▸ प्रदेश के 15 जिलों में 43 डिग्री तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते एक सप्ताह से भीषण गर्मी का दौर जारी है। दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रिकार्ड किया जा रहा है। वहीं बीते तीन दिनों से शहर का तापमान 42 डिग्री के आस पास रिकार्ड हो रहा है। शनिवार को भी यह 42.4 डिग्री रहा। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार शहर में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक तापमान अपने उच्च स्तर पर रहता है। इससे दिन में लू जैसी गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा है। हालांकि भोपाल में इस साल अभी तक एक भी दिन लू नहीं चली है, लेकिन अधिकतम तापमान के कारण गर्मी का स्तर लू से कम नहीं है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार लू की स्थिति तब होती है, जब दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री हो और यह सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा होगा। अभी तक इस साल ऐसी स्थित नहीं बनी है। यही कारण है कि एक दिन भी लू की घोषणा नहीं की गई। लेकिन 42 और 43 डिग्री तापमान के कारण शहर में लू जैसी गर्मी पड़ रही है।




दोपहर में शहर की सड़कें सूनी

### चेतावनी... दो दिन बाद बढ़ेगी गर्मी

भोपाल मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार भोपाल सहित आस पास के जिलों में गर्मी का स्तर अभी और बढ़ेगा। फिलहाल दो दिन स्थिति स्थिर रहेगी। यानि तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी। लेकिन इसके बाद दो से तीन डिग्री वृद्धि होने की उम्मीद है। यदि ऐसा होता है तो शहर का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

### नौगांव में सबसे ज्यादा गर्मी

मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में गर्मी का प्रकोप है। शनिवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्मी छतरपुर जिले के नौगांव में रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री रहा। इसके बाद खंडवा में पारा 44.1 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में 43.2 डिग्री, इंदौर में 41.1 डिग्री, उज्जैन में 42 और ग्वालियर में तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### खंडवा व रतलाम में लू

मौसम विभाग ने खंडवा और रतलाम में लू घोषित की है। जबकि विदिशा, रायसेन, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, आगर, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में रविवार के लिए अलर्ट जारी किया है।

### यहां बारिश की संभावना

डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा।

### दोपहर में 12 से 3 घर से न निकलें

भीषण गर्मी में लोगों को हीट वेव और गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए मौसम केंद्र ने एडवाइजरी जारी की है। इसके अनुसार लोगों को सलाह दी गई है कि वह दोपहर में 12 से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से न निकलें। यदि बहुत जरूरी है तो सर पर सफेद कपड़ा बांध लें। इसके अलावा अपने साथ ठंडे पानी की बोतल जरूर रखें। घर के बाहर लंबे समय तक धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें।



## साहित्य सृजन

### सावित्री



ज्येष्ठ अमावस शुभ करे, सावित्री संकल्प,
पतिव्रत जिसका धर्म तो, पूरे रहें विकल्प।
सावित्री उपवास रख, माँगू अटल सुहाग,
वट तरुवर को पूजती, जलता रहे चिराग।
धर्मराह की दीपिका, नारी शक्ति महान,
सावित्री की भक्ति से, लौटे पति के प्रान।
सावित्री का तप बड़ा, पतिव्रत था आधार,
सत्यवान जीवन दिया, हुई धर्मराज हार।
कच्चा सूत लपेटकर, वट पूजन हो कर्म,
अखंड सौभाग्यमय का, होता पुनीत धर्म।
पति के प्राणों के लिए, यम से ठानी होड़,
सावित्री के धर्म से, आया था इक मोड़ ।
व्रत रखे विश्वास से, भारत की तो नार,
सावित्री के धर्म में, बहती सबकी धार।
सावित्री विख्यात सदा, करते सभी प्रणाम,
महाराज अश्वपति पितु, मातु मालवी नाम।

**रश्मि शुक्ला, पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा रीवा**

### छात्र के अंतर्मन का द्वन्द



पलता ये विश्वास मइया के मन में,
बेटा मेरा कुछ बड़ा करके दिखलायेगा।
पापा को भी है गुमान कि बेटा मेरा
नाम ऊंचाइयों पर ले जायेगा,
पर बेटे को यह डर सताये कि
कहीं वह विश्वासघाती तो न कहलायेगा,
पापा का नाम मिट्टी में तो न मिलायेगा।
भाई और यारो को है उम्मीद की दोस्त
उनका कुछ तो पक्का बन जायेगा,
पर इनको कैसे बतलाये कहीं ऐसा न हो कि
दोस्त टूटकर बिखर जायें।
प्रेयसी को भी उम्मीद बड़ी कि मै पी.एस.सी क्वालिफाई करके आऊंगा
और ढोल-नगाड़ो संग उसको अपने घर ले जाऊंगा।
रिजल्ट से टूटा मैं अपना रिजल्ट किसी को बतला न सका,
हिम्मत करके रिजल्ट प्रेयसी को बतलाया,
पहले तो प्रेयसी कुछ ढाँढस बधलायी
एक रिजल्ट में इतना टूटे हो तो विपत्तियों में साथ क्या निभाओगे।
मैं सुनता रहा कुछ कह न सका पर अंतर्मन खुद में बोला कि
शिवम तू तो है निर्लज्ज बड़ा, या तो निर्लज्जता से जी ले
और कायर कहला, या तो फिर से गाण्डीव उठा दिखा दुनिया
को तुझमें है वीर बसा, अब हार जीत का प्रश्न नहीं
जो भी होगा अच्छा होगा, मरकर ही प्रेयसी के आगे
प्यार तेरा सच्चा होगा, भावुकता से है कर्तव्य बड़ा
कर्तव्य निभे बलिदानों से, दीपक जलने की रीत नहीं छोड़े
डरकर तूफानों से, शिवम तू अर्जुन है गाण्डीव उठा
दिखा दुनिया को तुझमें है वीर बसा...

**शिवम सिंह**

### गजल : हंगामा



किसी की याद में आंसू छलक आये तो हंगामा,
मेरे दिल में कोई गर ख्वाब पल बैठा तो हंगामा
जुबाँ से बात कुछ जा दूर निकली है तो हंगामा,
रहे जो हाशिये पर आज निकले दम पे हंगामा
बने संवरे में कैसे जिन्दगी बोलूँ तो हंगामा
निगाहें नीची करकें गर चला किया मेंनै हंगामा
उठा नजरें मिलाई गर तबस्सुम से तो हंगामा
करूँ दीदार उनसे कब जमाना जान लेता है
किनारे छाँव में बैठूं अकेला तो भी हंगामा
करूं कुछ ना गुनाह तो गुनहगारों में हंगामा
सियासत में नहीं है आबरू की परख
केवल करिश्मा है बनूँ
बापू, जवाहर, बोस, उस पर भी हंगामा
अजब की दास्तानें हैं, गिले-शिकवे किसे दे दूँ
चलूं मरहम लगाने दर्द में भी तो हैं हंगामा
हो के बेपर्दा गुनाहें को छिपाते हो
जमाना जान लेता है जो सदन में करते हंगामा
कैसा मंजर था वतन का रहनुमा जो न रहे
इनकी याद में आंसू छलक आये तो हंगामा

**जवाहर सिंह गहरवार, हिनौता**

### जरौ इया झंझट के गठरी



झंझट कै गठरी लिहे, बूड़ै औ उतराय।
सांझ मुड़ौसे मा धरै, मा बिहान छितराय।।
समय कचोटत बीतिगा,मन मा नहीं उदार।
नदिअउ से सीखिस नहीं,बहत रही रसधार।।
बीति परा जिऊ मा जबै, भा दुःख के अनुमान।
पीरा ओतनय होत है,आपन होय के आन।।
मंत्री जी के द्वार मा, निर्मल जाय न कोय।
मतलब साधै के निता, झूंठी जय-जय होय।
कोयल कूकै बाग में, लगी टिकोरी आम।
मदमायी महकै पवन, रोज सबेरे-शाम।।

**अवध बिहारी पाण्डेय 'अवध', रीवा**

### चल दूर कहीं जग से



चल दूर कहीं जग से तज के अपने घर को अब तो सजना।
घर से कुछ दूर चलो संग में फिर लौट नहीं चलना अँगना।
वन में रहते जँह साधु जती सँग में उनके अब है रहना।
पद के रज को सिर में रख के उनसे विनती सबसे करना।
चल दूर कहीं जग से मितवा अब कौन यहाँ जग में अपना।
सब लोग भरे मद मोह यहाँ लगता जग भी अब है सपना।
प्रभु प्रेम नहीं मन मे अब सोच जरा कब है जग से चलना।
भजले सठ मूरख राम सदा विनती करिए धर के चरना।

**बुद्धसेन शर्मा 'मिसिरा', नईगढ़ी**

### 'नमामि गंगे'



पुण्य प्रदायनि पाप नाशनी, है बूँद-बूँद में महिमा न्यारी।
वामन पदी हो सरिता श्रेष्ठ, तेरा दर्शन तक मंगलकारी।।
हो ब्रह्म कमंडल वासी गंगे, जा शिवशंकर जटा समाई।
भागीरथी की घोर तपस्या, तुम्हें भूमिलोक में ले आई।।
सगर पुत्रों के उद्धार किये, हे माँ अमृत की धार बनी।
कलषु मोचनी हे माँतु गंगे,चरणों में वंदना शब्द सनी।।
गंगोत्री से निकल मेरे अंबे,जा के यमुना मिल प्रयाग।
सरस्वती कि है गुप्त धारा, संगम स्नान में बदले भाग।।
हो मोक्ष दायनी गंगा माता, विनय प्रार्थना सुन लें मेरी।
जलपान सभी संकट हर्ता, जगत जननि हूँ शरण तेरी।।
भव वाधायें सभी दूर होतीं,अमृत बूँदों का है पान करें।
जै गंगा तेरी महिमा अपार, नमामि गंगा संकट को हरें।।

**वीरेन्द्र प्रसाद सोनी, गपोली सदन अमरपाटन**

# मऊगंज कलेक्टर ने हनुमना तहसील का निरीक्षण कर अधिवक्ताओं एवं आमजनों के साथ लगाई चौपाल



## समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गत दिवस हनुमना तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं, ग्रामीणों एवं आमजनों के साथ चौपाल लगाकर आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। चौपाल में मुख्य रूप से पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर श्री जैन ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

## तहसीलदार को प्रकरणों के जल्द निपटारे के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी की बात कलेक्टर के समक्ष रखी गई। कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिवक्ताओं एवं आमजन के लिए शीघ्र बेहतर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के कामकाज की भी समीक्षा की। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, तय समय-सीमा के भीतर पात्र हितग्राहियों को राहत पहुंचाई जाए। राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और गतिशीलता लाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्माणाधीन तहसील भवन के निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। इस दौरान एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, तहसीलदार शिवम गौतम सहित अधिवक्तागण और स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत पूजन

## महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**लालगांव/ दुआरी, नि.प्र.।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर क्षेत्रभर की सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ श्रद्धा एवं विधि-विधान से वट सावित्री व्रत का पूजन किया। सुबह से ही मंदिरों एवं वट वृक्षों (बरगद) के पास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली, जहां महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा लगाते हुए कच्चा धागा बांधा और माता सावित्री एवं सत्यवान की कथा का श्रवण किया। पूजा के दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किए, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। व्रत के दौरान महिलाओं ने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए भगवान से आशीर्वाद मांगा। लालगांव व दुआरी गांव सहित आसपास के क्षेत्र में महिलाएं व्रत-पूजन कर कथा के साथ-साथ वट वृक्ष के आसपास सूत का धागा परिक्रमा के दौरान वट वृक्ष में लपेटती हैं, जिसे रक्षा कहा जाता है। साथ ही पूजन के बाद अपने पति को रोली और अक्षत लगाकर चरणस्पर्श कर प्रसाद वितरण किया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मनगवां में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बताए बचाव के उपाय



**मनगवां निप्र।** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार 16 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनगवां में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी यत्नेश त्रिपाठी एवं डीएमओ डॉ. देवव्रत पांडे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को डेंगू नियंत्रण एवं बचाव के लिए जनभागीदारी का महत्व समझाया गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रीति मिश्रा, मलेरिया निरीक्षक राजेंद्र दुबे सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टॉफ एवं जनसमुदाय की सहभागिता रही। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए बताया कि घर के आसपास गंदगी और कचरा जमा न होने दें, टायर, कूलर एवं अन्य पात्रों में पानी जमा न रहने दें तथा नियमित रूप से सफाई रखें। साथ ही सोते समय मच्छरदानी के उपयोग एवं मच्छरों से बचाव के अन्य उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी लोग सतर्क रहें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

## मकान गणना कार्य का किया गया निरीक्षण

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान गणना का कार्य जारी है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी पीके पाण्डेय ने अमोखर गांव पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणजनों तथा प्रगणकों से जारी मकान गणना कार्य की जानकारी ली और प्रगणकों को निर्धारित तिथि तक मकान गणना का कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

# डीह, पड़री और खड़ारी घाट में हो रहा अवैध उत्खनन, प्रशासन मौन

## सुबह 4 बजे से सक्रिय हो जाते हैं रेत कारोबारी, देर रात तक चलता है परिवहन



**सोहागी, नि.प्र.।** त्योंथर क्षेत्र के डीह, पड़री एवं खड़ारी घाट इन दिनों अवैध रेत उत्खनन को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन घाटों में सुबह होते ही रेत खनन का खेल शुरू हो जाता है और देर रात तक बेखौफ तरीके से परिवहन जारी रहता है। स्थिति यह है कि रेत कारोबारियों में किसी प्रकार की कार्रवाई का भय नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों ने संवाददाता को बताया कि सुबह लगभग 4 बजे से ही ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य भारी वाहन घाटों की ओर पहुंचने लगते हैं। इसके बाद दिनभर रेत का उत्खनन और परिवहन चलता रहता है। कई बार ओवरलोड वाहन मुख्य मार्गों से गुजरते देखे जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में सवाल उठने लगे हैं। समाजसेवियों ने संवाददाता को बताया कि डीह, पड़री और खड़ारी घाट लंबे समय से अवैध रेत कारोबार का केंद्र बने हुए हैं। यह गतिविधियां संगठित तरीके से संचालित हो रही हैं। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर समय-समय पर कार्रवाई के दावे जरूर किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण नदी का स्वरूप लगातार बिगड़ रहा है। भारी मशीनों और लगातार खनन से पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है, वहीं शासन को भी लाखों रुपये के राजस्व की क्षति पहुंचने की बात कही जा रही है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। लोगों के बीच यह चर्चा भी आम है कि यदि प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करे तो अवैध खनन पर काफी हद तक रोक लग सकती है। स्थानीय निवासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से यह मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन की जांच कर कार्यवाही की जाए।

# पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने विशेष आवासीय प्रशिक्षण शिविर होंगे आयोजित : राजेंद्र शर्मा



## कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक सम्पन्न

**सिरमौर, नि.प्र.।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशा के अनुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ जीतू पटवारी के निर्देशन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में नगर कांग्रेस कमेटी सिरमौर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिरमौर की संगठन, सृजन बैठक नगर स्थित मंगल परिणय विवाह घर में बैठ सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अरविंद सिंह चंदेल रहे । अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश सिंह रमेश पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गणेश प्रसाद पाण्डेय तथा चक्रधर सिंह, शिवेन्द्र सिंह, संतोष सिंह ,सुशील चंद्र गुप्ता,पूर्व विधायक राम गरीब वनवासी, चरण सिंह, विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक दो पाली में सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक बुलाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शुक्ला, ब्लाक प्रभारी राजेंद्र शुक्ला, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सिद्ध नाथ पाण्डेय, अंशुमान मिश्रा, अरविंद मिश्रा हीरामणि मिश्रा के अलावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के सभी मंडलम अध्यक्ष, ग्राम पंचायतों के अध्यक्ष तथा बूथ लेवल के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित रहकर पार्टी को जन जन तक पहुंचाने का मार्गदर्शन प्राप्त किया। दूसरी पाली में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व मे नगर परिषद के सभी पन्द्रह वार्डों के अध्यक्षों समेत नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्य गण उपस्थित रहे। जिसमें बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की भागीदारी देखने को मिली । संचालन नगर अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय तथा ब्लाक प्रभारी राजेंद्र शुक्ला ने किया। विधानसभा प्रभारी श्री चंदेल ने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि आप लोगों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करना है । जीतू पटवारी से लेकर राहुल गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे की नजर सभी पर है। हमे व्यक्ति,जाति, सम्प्रदाय के लिए नहीं, कांग्रेस पार्टी के लिए, पंजा निशान के लिए काम करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि 2028 तक निरंतर आपके साथ आपके सम्पर्क में रह कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए काम करूंगा। राजेन्द्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए पार्टी हित में जुट जाने का आह्वान किया। चालू मई माह में पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष आवासीय प्रशिक्षण शिविर लगाने की सूचना दिया। जिसमें प्रदेश स्तर के नेता शिरकत करेंगे।

## ये रहे मौजूद

वार्ड अध्यक्षों में आनंद मिश्रा, रमेश रजक, रज्जब खान, पवन द्विवेदी, अनिल कुमार द्विवेदी, रितेश कुशवाहा, सज्जन सेन, सोमिल गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, विश्वनाथ कोल, प्रवीण राज कुशवाहा,लल्लू प्रसाद लोधी, राकेश पाण्डेय, विकास पाण्डेय तथा सतीश चतुर्वेदी के साथ साथ नगर कांग्रेस कमेटी के राम करण मिश्रा,केशव प्रसाद तिवारी, शीवेन्द्र सिंह, पंच नाथ द्विवेदी, राम नरेश सेन, पार्षद अनीता पाण्डेय, राम नरेश बढ़ई ,स्वामी सुशीलानंद, सतीश चतुर्वेदी सहित 21सदस्यीय कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाये जा रहे हैं विशेष शिविर

**मऊगंज ब्यूरो।** जिले में फार्मर रजिस्ट्री सैचुरेशन की कार्यवाही को पूर्ण करने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसलों के आधार पर उर्वरक प्रदाय किया जाना है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा है कि किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री और बकेट क्लेमिंग कार्य के लिए जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर 20 मई के बीच विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित शिविर से कम से कम एक दिन पूर्व किसानों को फार्मर आईडी बनवाने, छूटे खसरों को जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होने के लिए मुनादी कराई जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाएगी और उनके सभी खसरों को इस आईडी से लिंक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग, पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों द्वारा किसानों के ई-टोकन बुकिंग का कार्य भी संपन्न किया जाएगा, जबकि सहकारिता विभाग द्वारा समिति स्तर पर सदस्यों की ई-टोकन बुकिंग सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा है कि शिविर में आने वाले किसानों को अपने साथ आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण (खसरा खतौनी), मोबाइल नंबर और समग्र आईडी लाना अनिवार्य होगा। यदि किसान की मृत्यु हो चुकी है, तो उस स्थिति में परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य वारिसों का सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संपूर्ण कार्य की प्रगति की जिम्मेदारी संबंधित तहसीलदारों की होगी, जिनका समन्वय कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों की जानकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जाए। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 17 मई को हनुमना तहसील में दामोदरगढ़, बीरादेई, भुअरी, ठुर्रिहा, दुगौली, पिड़रिया, मझिगवां, चंदेह, पटेहरा तथा मतौहा में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए तैनात किया गया है।

# त्योंथर तहसील में हुई लोकायुक्त की कार्यवाही में अभी तक ठोस नतीजे नहीं निकल पाए : दिव्य शंकर शुक्ल



**त्योंथर ब्यूरो।** रीवा जिले की त्योंथर तहसील में लोकायुक्त टीम की बड़ी कार्यवाही से पूरे तहसील में हड़कंप मचा हुआ है। दिव्य शंकर शुक्ल ने संवाददाता से बात करते हुए कहा कि तहसील प्रांगण और तहसील कार्यालय में सन्नाटा रहता है, जहां पर भीड़भाड़ हुआ करती थी लेकिन जो सबसे बड़ा प्रश्न उठता है कि रीवा जिले में लोकायुक्त टीम की ताबड़तोड़ कार्यवाही भी होती रही है किन्तु विगत 5 वर्षों में कितने अधिकारियों कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही हुई कितने पर चालान पेश हुए कितने पेंडिंग हैं इसका खुलासा नहीं हुआ है, जिसका खुलासा भी होना आवश्यक है। सरकारी महकमे में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए लोकायुक्त दृढ़ संकल्पित है किन्तु ठोस नतीजे नहीं निकल पाते, अक्सर इस कार्यवाही में बड़ी मछलियां बच निकलती है और छोटी मछलियां जाल में फंस जाती है। जो एक प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है आखिरकार इसका जिम्मेदार कौन है जिसकी जांच आवश्यक है, जिसका खुलासा तो जांचोंपरान्त ही सम्भव है।

# ईंधन खपत में कमी लाना सामूहिक जवाबदारी



**जवा ब्यूरो।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति संबद्ध विद्यावती जन कल्याण सेवा संस्थान समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सज्जन तिवारी ने कहा है कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और बढ़ती महंगाई को देखते हुए देशवासियों को सादगी अपनाने तथा संसाधनों का सीमित उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल, सोना तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम जनता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में सभी नागरिकों को देशहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। साथ ही सज्जन तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपील का समर्थन करते हुए कहा कि देश हित में हमें ईंधन की खपत कम करने का प्रयास करना चाहिए तथा अधिक से अधिक साइकिल, पैदल यात्रा और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अपने दैनिक कार्यों में साइकिल का उपयोग कर रहे हैं और लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण एवं आर्थिक बचत के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने अपनी पूर्व में निकाली गई सनातन हिंदू जोड़ो भारत संकल्प साइकिल यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि यह लगभग 4000 किलोमीटर की यात्रा थी, जिसका उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने, सनातन समाज को जोड़ने तथा देशभक्ति की भावना को मजबूत करना था। सज्जन तिवारी ने कहा कि देशहित सर्वोपरि है और जब भी देश किसी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से गुजर रहा हो, तब प्रत्येक नागरिक को त्याग, अनुशासन और सेवा की भावना के साथ आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अनावश्यक खर्चों से बचें, स्वदेशी भावना को अपनाएं तथा राष्ट्रहित में सहयोग करें।

# ग्राम पंचायत बिरहा कन्हई में सड़क में गिट्टा बिछाकर डामरीकरण करने भूला सरपंच

## 2 वर्षों से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी



**हनुमना, नि.प्र.।** जनपद पंचायत हनुमना के ग्राम पंचायत बिरहा कन्हई के सरपंच की कार्यशैली से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि अक्टूबर 2024 में बिरहा कन्हई ग्राम पंचायत में सड़क बनाने हेतु पैसा आवंटित हुआ था, उस पैसे से मात्र केवल सड़क में गिट्टा बिछाकर आज दिनांक तक डामरीकरण नहीं कराया गया, जिस कारण से ग्राम पंचायत के लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी और आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है।

## सोलर पैनल की राशि का लगाया पलीता

इसी तरह सोलर पैनल के कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया गया है बिरहा कन्हई में सामूहिक स्थान पर लगा सोलर पैनल तत्काल खराब भी हो गया और अपने (मौजा) नजदीकी आदमी के घर-घर लगा सोलर पैनल लगाया। ग्राम वासियों ने संवाददाता से अपना नाम न बताने की शर्त पर आगे बताया कि बिरहा तालाब में जो खंभा लगा था उसमें मिट्टी डालकर खंभा निकाल कर अपने नजदीकी एवं अपने निजी कार्य में खंभा का इस्तेमाल किया गया है और ग्रामीणों ने बताया जब से बिरहा कन्हई के सरपंच बने हुए हैं तब से ग्राम पंचायत में किसी प्रकार का जन हितैशी कार्य नहीं किया गया, केवल और केवल शासकीय पैसे का दुरुपयोग किया गया है। ग्राम वासियों ने मुख्य कार्यकाल अधिकारी रीवा मेहताब सिंह गुर्जर से यह मांग किया गया है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारी जनपद पंचायत हनुमना के द्वारा ग्राम पंचायत बिरहा कन्हई भेज कर ग्राम पंचायत में किए गए कार्य एवं भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए जिससे सच्चाई जनता के सामने आ सके और दोषियों पर कार्यवाही हो सके।

# प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष का मऊगंज आगमन आज 12 बजे



**मऊगंज ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम टेलर प्रथम मऊगंज नगर आगमन 17 मई को हो रहा, जिससे युवाओं में भारी उत्साह है । श्री टेलर का सादगी से स्वागत करने युवा बड़े ही जोश से भरे दिखाई दे रहे हैं । श्री टेलर मऊगंज भाजपा जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे युवाओ से संवाद कर आगे की रणनीति पर विचार मंथन करेंगे। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी जिला मऊगंज के जिला मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा ( रज्जू) ने दी।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सुदर्शन (गुजरात) | 554 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 552 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 508 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 22 |
| कगीसो रबाडा (गुजरात) | 21 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 19 |

### बाउंड्री मीटर



1150 छक्के

1837 चौके

121 अर्धशतक

कैमरन ग्रीन के आईपीएल में 1000 रन पूरे हो गए। उन्होंने गुजरात के खिलाफ नाबाद 52 रन की पारी खेलकर यह उपलब्धि हासिल की।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 | 1.053 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 | 0.400 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0.331 |
| पंजाब | 12 | 6 | 5 | 13 | 0.355 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 | 0.082 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 | 0.027 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 | -0.038 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 | -0.993 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.505 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.701 |

# केकेआर ने पहली बार गुजरात टाइटंस को ईडन गार्डन्स में हराया

## नाइट राइडर्स 29 रन से जीती, गुजरात का विजयी रथ थमा

जेएनएन, कोलकाता

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन ऐलन ने शुरुआत में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 35 गेंद में 93 रन की विस्फोटकीय पारी खेली, जिसकी बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को आईपीएल के 60वें मैच में गुजरात टाइटंस की खराब फील्डिंग का फायदा उठाते हुए 29 रन से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवंत रखा। इस हार से गुजरात का लगातार पांच मैचों में जीत का सिलसिला भी टूट गया, जो 16 अंक से तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार है। लंबे समय बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो 247/2 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो उनका इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर भी था। इसके जवाब में गुजरात 218/4 ही बना सकी। पिछले सात मैचों में केकेआर को गुजरात पर दूसरी जीत मिली। वहीं कोलकाता में उसने पहली बार टाइटंस को हराया।



प्लेयर ऑफ द मैचः सुनील नरेन

### फिन ऐलन का कैच छोड़ना पड़ा भारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर की शुरुआत धीमी रही और पहले तीन ओवर में टीम ने केवल 25 रन ही बनाए थे। पावरप्ले में केकेआर ने एक विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए थे। सातवें ओवर में जब ऐलन 33 के स्कोर पर थे, तब सिराज ने लांग ऑन पर उनका एक आसान सा कैच गिराया था। इसके अगले ही ओवर में ऐलन ने 21 गेंदों में पचासा पूरा किया। नौवें ओवर में होल्डर को दो छक्के लगाते हुए ऐलन ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया था। हालांकि, 12वें ओवर में वे साई किशोर का शिकार बन गए। आउट होने से पहले उन्होंने रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 95 रनों की साझेदारी की थी। इसके बाद रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन ने तीसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 108 रनों की अविजित साझेदारी की जो गुजरात के खिलाफ केकेआर के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

### गिल की पारी भी नहीं दिला सकी जीत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने पहले तीन ओवरों में 42 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, इसी दौरान सुदर्शन चोटिल होने के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। पांचवें ओवर की पहली गेंद पर सुनील नरेन ने नए बल्लेबाज निशांत सिंधू को शिकार बनाया। पावरप्ले में गुजरात ने 56/1 का स्कोर बनाया था। तीसरे विकेट के लिए गिल और बटलर के बीच 128 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन इसके लिए उन्होंने 73 गेंदों का सामना भी किया। 17वें ओवर में नरेन ने गिल को 85 के स्कोर पर कैच आउट कराया। यहां से मैच बदल गया। सुदर्शन ने वापस आकर पचासा पूरा किया, जबकि बटलर 57 रन बनाकर आउट हुए।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 247/2 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे बो. सिराज | 14 | 14 | 1 | 1 |
| फिन ऐलन का. राशिद बो. किशोर | 93 | 35 | 4 | 10 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 82 | 44 | 4 | 7 |
| कैमनर ग्रीन नाबद | 52 | 28 | 3 | 4 |

**अतिरिक्तः** 6, कुलः 20 ओवर में 2 विकेट पर 247 रन, विकेट पतनः 1-44, 2-139, गेंदबाजीः सिराज 4-0-50-1, कगिसो रबाडा 4-0-40-0, जेसन होल्डर 4-0-39-0, राशिद खान 4-0-57-0, साई किशोर 3-0-38-1, अरशद खान 1-0-22-0.

**गुजरात टाइटंसः 218/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन नाबाद | 53 | 28 | 6 | 3 |
| गिल का. अनुकूल बो. नरेन | 85 | 49 | 5 | 7 |
| निशांत संधू का. पांडे बो. नरेन | 1 | 4 | 0 | 0 |
| बटलर का. सिंह बो. दुबे | 57 | 35 | 5 | 2 |
| तेवतिया स्टं. रघुवंशी बो. ग्रीन | 2 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 20, **कुलः** 20 ओवर में 4 विकेट पर 218 रन, **विकेट पतनः** 1-49, 2-177, 3-207, 4-218, **गेंदबाजीः** सौरभ दुबे 2.4-0-23-1, कैमरन ग्रीन 3-0-25-1, कार्तिक त्यागी 4-0-59-0, मतीशा पथिराना 1.2-0-9-0, सुनील नरेन 4-0-29-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-47-0, अनुकूल रॉय 1-0-17-0.

**93** रन की पारी फिन एलन ने खेली। यह केकेआर के लिए गुजरात के खिलाफ सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। ऐलन ने इस सीजन में दूसरी बार एक पारी में 10 या उससे अधिक छक्के जड़े, जिससे वे आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। क्रिस गेल (4 बार) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दूसरे बल्लेबाज हैं।

**06** अर्धशतक इस मैच में लगे, जो आईपीएल में एक मैच में सबसे ज्यादा हैं।

## आरसीबी की नजरें प्लेऑफ पर पंजाब किंग्स वापसी करने उतरेगी

**धर्मशाला, जेएनएन।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को आईपीएल के डबल हेडर के दिन के मुकाबले में पंजाब किंग्स की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। धर्मशाला के खूबसूरत स्टेडियम में होने वाले इस मैच का मुख्य आकर्षण निश्चित तौर पर विराट कोहली रहेंगे, जिन्होंने पिछले मैच में शतक लगाया था। आरसीबी टूर्नामेंट की एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करने वाले पंजाब पर लगातार पांच मैच में हार के बाद टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। आरसीबी की टीम जहां अंक तालिका में बेहद अच्छी स्थिति में है, पंजाब के लिए एक और हार प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद कर देगी। हाल के सालों में आरसीबी ने पंजाब पर दबदबा बनाया है। 2023 के बाद दोनों टीमों के बीच खेले गए सात मैचों में आरसीबी ने छह जीते हैं। पिछले सीजन के फाइनल समेत चार में से तीन मुकाबले भी आरसीबी के नाम रहे थे। श्रेयस अय्यर आईपीएल में बतौर कप्तान अपना 100वां मैच खेलने उतरेंगे।

## दिल्ली व रॉयल्स के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला, वैभव पर नजरें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए रविवार को यह मुकाबला हर हालत में जीतना होगा और नजरें इस पर लगी होंगी कि वैभव सूर्यवंशी सीम और स्विंग के महारथी मिचेल स्टार्क का सामना कैसे करते हैं। दिल्ली के 12 मैचों में दस अंक है और प्लेऑफ में जगह बनाने की उसकी संभावना नहीं के बराबर है। इस मैच में हार से वह दौड़ से बाहर ही हो जाएगी। वहीं रॉयल्स के 11 मैचों में 12 अंक है और एक सप्ताह के ब्रेक के बाद टीम तरोताजा होकर मैदान पर लौटेगी। दोनों ही टीमों ने आपस में कुल 31 मैच खेले हैं जिसमें से दिल्ली ने 16 और राजस्थान ने 15 मैच जीते हैं। हालांकि अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली का पलड़ा जरूर भारी रहा है। यहां पर उन्होंने सात मैच राजस्थान के खिलाफ जीते हैं, जबकि राजस्थान की टीम तीन मैच ही जीत पाई है। इस मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। राहुल अगर इस मैच में 50 प्लस रन बना देते हैं तो फिर उनके आईपीएल में 50 फिफ्टी प्लस स्कोर हो जाएंगे। जबकि जायसवाल तीन रन और बना देते हैं, तो फिर उनके टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे हो जाएंगे। वहीं जायसवाल को 300 चौके पूरे करने के लिए छह और चौके लगाने हैं।

### सिटी स्पोर्ट्स

## सेंट माइकल जूनियर येलो हाउस की लगातार दूसरी जीत




**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच अदीब खान की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जूनियर येलो हाउस ने सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रीन हाउस को 4 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। बाबेअली मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन हाउस ने 163 रन बनाए। हसन ने 36, शमी ने 30 और यश ने 21 रन की पारी खेली। येलो हाउस के अदीब ने तीन, जबकि जुजर और अयान ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में येलो हाउस ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिए नीलांक ने 27, अदीब ने 22 और अंकुश ने 15 रन बनाए।

## प्रताप हाउस व जयहिंद ने जीते अपने-अपने मुकाबले



**भोपाल, खेप्र।** प्रताप हाउस और जयहिंद ने अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीते। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अंडर-12 ग्रुप में प्रताप हाउस ने 6 विकेट खोकर 114 रन पर बनाए। ओजस ठाकुर ने 19 और संस्कार रघुवंशी ने 14 रन का योगदान दिया। जवाब में पृथ्वी हाउस 8 विकेट खोकर 93 रन बना पाई। जय कामदार और संस्कार रघुवंशी ने 2-2 विकेट लिए। अंडर-14 में सत्यमेव ने विवान द्विवेदी (23) और समर्थ थापक (18) की पारियों की बदौलत 9 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। जयहिंद के देवात्मान नेगी और जय बैरागी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में जयहिंद ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। युवराज जाट ने 40 और अनिका खरे ने 15 की पारी खेली।

# सेमेन्यो के करिश्माई गोल से मैनचेस्टर सिटी ने आठवीं बार जीता एफए कप

## चेल्सी को 1-0 से हराकर सिटी घरेलू ट्रॉफी हैट्रिक की दौड़ में




जेएनएन, लंदन

एंटोनी सेमेन्यो के करिश्माई गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फाइनल में शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में चेल्सी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सिटी ने आठवीं बार एफए कप जीता है और सर्वकालिक विजेताओं की सूची में चेल्सी, लिवरपूल और टॉटनहम के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस हार का मतलब है कि क्लब विश्व कप चैंपियन चेल्सी इस सत्र में बिना किसी ट्रॉफी के रह जाएगी।

ऐसे में 72वें मिनट में एर्लिंग हालांड के क्रॉस पर सेमेन्यो ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुए एड़ी से गेंद को दिशा दी, जो चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को छकाते हुए गोलपोस्ट के अंदर चली गई। इस जीत से सिटी घरेलू ट्रॉफी हैट्रिक की दौड़ में बनी हुई है, क्योंकि वह पहले ही इंग्लिश लीग कप जीत चुकी है।

पेप गार्डियोला की टीम प्रीमियर लीग में भी दूसरे स्थान पर है और दो राउंड बाकी रहते हुए आर्सेनल से दो अंक पीछे है। सिटी में 10 साल के कार्यकाल में गार्डियोला की यह 17वीं बड़ी ट्रॉफी और उनके पूरे करियर की कुल 35वीं ट्रॉफी है।



■ फॉरवर्ड खिलाड़ी सेमेन्यो ने दूसरे हाफ में शानदार 'बैक-हील' गोल से मैच का रुख तय किया। इस टूर्नामेंट के 155 साल के इतिहास में शायद ही कभी इतना कमाल का गोल देखने को मिला हो।

## वाटकिंस के दो गोल से एस्टन विला ने चैंपियंस लीग का टिकट कटाया

**बर्मिंघम, जेएनएन।** ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने प्रीमियर लीग में लिवरपूल को 4-2 से हराकर अगले साल की चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की कर ली। यूरोपा लीग के निर्णायक मुकाबले में विला का सामना फ्रीबर्ग से होगा। विला ने इस जीत से प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में जगह पक्की कर ली है। उसके अभी 37 मैच में 62 अंक है और वह आर्सेनल (79), मैनचेस्टर सिटी (77) और मैनचेस्टर यूनाइटेड (65) के बाद चौथे स्थान पर है। लिवरपूल 59 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। वाटकिंस ने 56वें और 72वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा विला की तरफ से मोर्गन रोजर्स (41वें) और जॉन मैकगिन (88वें) ने गोल दागे। लिवरपूल की तरफ से दोनों गोल वर्जिल वान डिज्क (51वें और 90वें) ने किए।



## लखनऊ के कप्तान पंत पर 12 लाख का जुर्माना

**लखनऊ, जेएनएन।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान रिषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने इस मैच में चेन्नई को सात विकेट से हराकर उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका दिया था। आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का यह पहला अपराध था, इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

## सुपर शतरंज क्लासिकः प्रज्ञानानंदा ने जावोखिर सिंदारोव को दी मात

**बुकारेस्ट (रोमानिया), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को सुपर चेस क्लासिक्स के दूसरे राउंड में मात दी। काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा ने उस मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया, जो शुरुआती और मध्य चरण में ड्रॉ की ओर जाता दिख रहा था। लगातार चालों के दोहराव के बीच संतुलन की स्थिति बनती दिख रही थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जोखिम उठाते हुए मौके को भुना लिया। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और नीदरलैंड के अनीश गिरी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वेसली सो और जॉर्डन वैन फॉरेस्ट का मुकाबला भी ड्रॉ में समाप्त हुआ। फ्रांस के मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने अपने हमवतन अलीरेजा फिरोजा को हराकर दिन की दूसरी जीत दर्ज की। जर्मनी के विंसेंट कीमर ने भी रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेअक को पराजित किया। दूसरे दौर के बाद प्रज्ञानानंदा, कीमर और वाचिए-लाग्रेव 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी तीसरी बार थाईलैंड ओपन के फाइनल में

**बैंकॉक, जेएनएन।** सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने नौवीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी को 82 मिनट में 19-21, 22-20, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी ने 2019 और 2024 में खिताब जीता था और तीसरी बार फाइनल में पहुंची। अब उनका सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन या चीन के हि जि तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी से होगा। डेनमार्क में थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भी बैडमिंटन को भारत में तरजीह और प्रशंसा नहीं मिलने को लेकर अपने बयान से सात्विक और चिराग हाल ही में चर्चा में रहे थे। मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 7-2 का था, लेकिन गोह और इजुद्दीन ने पिछले साल इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उन्हें हराया था। झ मलेशियाई जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 3-1 की बढत बना ली, लेकिन सात्विक और चिराग ने स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया।




## टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान की कमान संभालेंगी फातिमा सना

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान ने फातिमा सना की अगुआई में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में पांच ऐसी खिलाड़ी हैं, जो पहली बार इस वैश्विक टूर्नामेंट में उतरेंगी। चयनकर्ताओं ने शनिवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह टीम विश्व कप से पहले आयरलैंड में होने वाली त्रिकोणीय टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भी हिस्सा लेगी, जिसमें वेस्टइंडीज तीसरी टीम होगी। एमान फातिमा, नतालिया परवेज, रमीं शमीम, साइरा जबीन और तस्मिया रुबाब पहली बार महिला टी-20 विश्व कप खेलने जा रही खिलाड़ियों में शामिल हैं।



**टीमः** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, आयशा जफर, डायना बेग, एमान फातिमा, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली सिद्दीकी (विकेटकीपर), नशरा संधू, नतालिया परवेज, रमीं शमीम, सादिया इकबाल, साइरा जबीन, तस्मिया रुबाब और तुबा हसन।

### खेल एक नजर

## अहमदाबाद में आईसीसी बैठक में वर्चुअली शामिल होंगे नकवी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी को अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सालाना बोर्ड बैठक में वर्चुअली शामिल होंगे। पता चला है कि नकवी आईसीसी निदेशक बोर्ड की बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शामिल होंगे। यह सुविधा उन सदस्य प्रतिनिधियों के लिए हमेशा से मौजूद रही है, जो यात्रा करने में असमर्थ होते हैं। आईसीसी की यह बैठक असल में पिछले महीने दोहा में होने वाली थी, लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संकट की वजह से इसे टालना पड़ा था। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि नकवी के बैठक में खुद शामिल होने की उम्मीद कभी नहीं थी और उनका वर्चुअल तरीके से शामिल होना आईसीसी के सामान्य चलन के मुताबिक ही है।





## सिनर इटालियन ओपन के फाइनल में, रूड से होगा खिताबी मुकाबला

### विश्व नंबर एक सिनर ने मेदवेदेव को बारिश से प्रभावित मुकाबले में हराया

**रोम, जेएनएन।** विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने थकान के बावजूद शानदार जुझारूपन दिखाते हुए बारिश से प्रभावित इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-2, 5-7, 6-4 से हराकर खिताब की ओर अपना कदम बढ़ा दिया। इटली के इस खिलाड़ी के सामने अब फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड की चुनौती होगी। पुरुष एकल का खिताबी मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। लगातार 28 मैचों में जीत दर्ज करने वाले सिनर इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। वह अगर रोम में खिताब जीत लेते हैं, तो वे नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे ऐसे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे, जिन्होंने सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीते हों। रोम टूर्नामेंट ही एकमात्र मास्टर्स प्रतियोगिता है, जो अब तक उनके नाम नहीं हुई है। फ्रेंच ओपन से पहले यह आखिरी अभ्यास टूर्नामेंट है। मैच शुक्रवार को शुरू हुआ था, जहां सिनर ने पहला सेट आसानी से जीत लिया था, लेकिन दूसरे सेट में उनके खेल पर थकान हावी होते दिखा।


महिला वर्ग का फाइनल कोको गॉफ और एलिना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा।

## लिटन दास का शतक, बांग्लादेश पहली पारी में 278 रन पर सिमटा

**सिलहट, जेएनएन।** विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास (126 रन) के शतक से बांग्लादेश की टीम शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरते हुए पहली पारी में 278 रन पर सिमट गई। स्टंप तक पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट गंवाए 21 रन बना लिए थे और वह 257 रन पीछे था। लिटन के अलावा बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच पाया, जिससे पाकिस्तान के अनुशासित तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने उनकी बल्लेबाजी की कमजोरी उजागर हो गई। पाकिस्तान की टीम में शाहीन शाह अफरीदी की जगह शामिल हुए खुर्रम शहजाद ने 81 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि मोहम्मद अब्बास ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए। हसन अली को अपने पहले ओवर में अजीब तरह से गिरने के बाद स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया था। वह बाद में वापस आए, उन्होंने 49 रन देकर दो विकेट के साथ अपनी गेंदबाजी खत्म की।



सच्ची सहेली®
कठिन समस्याओं के लिए भरोसेमंद टॉनिक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट एवं स्वस्थ
Clinically Tested*
67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स
पहले महीने असर देखें
Helps in: • कठिन दर्द • चिड़चिड़ापन • थकान • कमजोरी • कमर कटना • इम्यूनिटी
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in


# हार्डवेयर दुकान से 3 लाख नकद और घर से लाखों के आभूषण पार

### मनगवां के बेलवा पैकान में दुकान सहित 3 घरों को बनाया निशाना



जागरण, रीवा

मनगवां थाना क्षेत्र के बेलवा पैकान गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन घरों समेत एक हार्डवेयर दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने हार्डवेयर की दुकान से तीन लाख रुपए नकद पार कर दिए वहीं घरों से लाखों के आभूषण चोरी हुए हैं। अज्ञात चोरों ने हार्डवेयर एवं बीज भंडार दुकान के संचालक तेजभान कुशवाहा की दुकान को निशाना बनाया। पीड़ित ने बताया की अज्ञात चोर टॉवर के सहारे अंदर घुसे और तीन लाख रुपए नकद व सोने चांदी सिक्का समेत 6 लाख रुपए जेवर लेकर फरार हो गए। अज्ञात चोर पास के ही अन्य तीन घरों में घुसे जहां से एक मोबाइल ले गये हैं। इसके साथ ही दो घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया जिसमें सफल नहीं हो पाए। परिवार के लोगों को चोरी की जानकारी शनिवार की सुबह हुई जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दहशत में ग्रामीण, रात्रिकालीन गश्त पर सवाल

घर सहित दुकान में चोरी की वारदात के बाद ग्रामीण दहशत में है, उन्होंने पुलिस की रात्रिकालीन गश्त पर सवाल उठाए है। आक्रोशित लोगों का कहना है कि पुलिस अगर रात्रिकालीन गश्त करती तो इस तरह की घटनाएं नहीं होती। ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में लगातार, चोरी और लूट की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही। मनगवां पुलिस घटना के बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, साथ ही संदेहियों की तलाश में पुलिस लगी हुई है, जिससे आरोपियों तक पहुंचा जा सके।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श - दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311


# छुट्टी पर घर आए अग्निवीर जवान की सड़क हादसे में मौत, गांव में पसरा मातम

### प्रयागराज आर्मी हॉस्पिटल में चल रहा था उपचार

**जागरण, रीवा।** चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवस्ता चौकी के ग्राम पंचायत छिजवार निवासी भारतीय सेना में कार्यरत अग्निवीर जवान शिवम सिंह की मौत की खबर से गांव मातम पसर गया। 22 वर्ष की उम्र में देश सेवा का सपना लेकर सेना में भर्ती हुए शिवम अब हमेशा के लिए अपने परिवार और गांव वालों को अलविदा कह गए। इस दुःखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, शिवम सिंह पिता रामबहोर सिंह करीब दो वर्ष पूर्व भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के तहत चयनित हुए थे। वर्तमान में उनकी पदस्थापना चंडीगढ़ में थी, जहां वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे थे। शिवम अपने शांत स्वभाव, अनुशासन और देशभक्ति के कारण गांव में युवाओं के लिए प्रेरणा माने जाते थे।

बताया गया है कि बीते दिनों वह छुट्टी लेकर अपने गृह ग्राम छिजवार आए हुए थे। परिवार के साथ कुछ समय बिताने पहुंचे शिवम को क्या पता था कि यह उनकी जिंदगी की आखिरी छुट्टी साबित होगी। 12 मई को वह एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें रीवा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए आर्मी हॉस्पिटल प्रयागराज रेफर कर दिया। परिवार और गांव के लोग लगातार उनके स्वस्थ होने की दुआ कर रहे थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। इलाज के दौरान शिवम सिंह जिंदगी की जंग हार गए। जैसे ही जवान बेटे के निधन की सूचना गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। बताया गया कि आज 17 मई को पूरे राजकीय सम्मान और सैन्य परंपराओं के साथ उनका अंतिम संस्कार किए जाने की तैयारी की जा रही है।

# दुष्कर्म का आरोपी सतना से गिरफ्तार

### रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने की कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने सतनस से गिरफ्तार किया है। आरोपी 2 मार्च से फरार था। मनगवां थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी आशीष प्रजापति पिता संतोष प्रजापति 25 वर्ष निवासी बुड़वा द्वारा उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई। पुलिस ने पाक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। प्रकरण में आरोपी आशीष प्रजापति घटना दिनांक से फरार था। जिसे पुलिस ने सतना से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजाा गया है।


T.D. COLLEGE OF PHARMACY
CHAKGHAT REWA (M.P.)
(PCI Approved)
REQUIRMENT

| S. N. | Post | No of Vac. | QUALIFICATION |
|---|---|---|---|
| 1 | Professor | 01 | M.Pharma + 10 Year Exp. |
| 2 | Associate Professor | 02 | M.Pharma + 07 Year Exp. |
| 3 | Assistant Professor | 03 | M.Pharma + 05 Year Exp. |
| 4 | Lecturer | 02 | B.Pharma + 03 Year Exp. |
| 5 | Librarian | 01 | B.Lib/M.Lib+02 Year Exp. |
| 6 | Computer Operator | 02 | BCA/MCA + 01 Year Exp. |
| 7 | Security Guard | 02 | 12th Pass + 02 Year Exp. |
| 8 | Driver | 02 | 10th Pass + 05 Year Exp. |
| 9 | Gardener | 01 | 10th Pass + 01 Year Exp. |
| 10 | Peon | 02 | 10th Pass |

Note- Pay Scale & Appointment - As per M.P. Govt./RGPV/PCI Norms
Contact Address:
T.D. College of Pharmacy Baghedi Chauraha Satpura Road, Chakghat Rewa (M.P.) 486226
E-mail ID-tdcollegeofpharmacy@gmail.com
Contact- 9425185191, 8349493179, 9399515129



वैवाहिकी
म.प्र. निवासी सरयूपारी ब्राह्मण 'गर्ग गोत्र' शिक्षा- बी.ई., रंग गोरा, उम्र 33 वर्ष, कद 5'8" के विवाह हेतु समकक्षा या तलाक सुदा ब्राह्मण 'कन्या' की आवश्यकता है, विवाह हेतु अतिशीघ्र संपर्क करें।
संपर्क नं. 9826308896


# आकाशीय बिजली से सिंचाई विभाग के कर्मचारी की मौत

### आम तोड़ते समय गिरी बिजली, सिरमौर के शाहपुर की घटना



**जागरण, रीवा।** आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सिंचाई विभाग के कर्मचारी की मौत हो गई। आम तोड़ते समय तेज आंधी और गरज चमक के साथ मौसम बदला और यह घटना हो गई। घटना सिरमौर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव की है। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में दोपहर अचानक मौसम के मिजाज में बदलाव आया। तेज आंधी तूफान के साथ असमान से गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से सिंचाई विभाग में पदस्थ अनिल कुमार मिश्रा उर्फ गप्पू का निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 1 बजे आम के बगीचे में आम तोड़ने के लिए अनिल मिश्रा गए हुए थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई।

# दो दिन पहले डूबे युवक का सिलपरा नहर में मिला शव



**रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव में नहर दो दिन पूर्व शाम को डूबे युवक का शव एसडीआरएफ टीम ने दूसरे दिन की सर्चिंग के दौरान बरामद कर लिया। टीकर से नहर के रास्ते लगभग 15 किलोमीटर दूर शिल्पा नहर में युवक का शव मिला। परिजनों ने शव की पहचान गुरु प्रसाद लोनिया (23) पिता राम सजीवन लोनिया निवासी बांसी टीकर के रूप में की। जानकारी के अनुसार दूसरे दिन सुबह 9 बजे से दोबारा सर्चिंग अभियान शुरू किया गया था। कई घंटों की तलाश के बाद शाम करीब 4.30 बजे शव बरामद किया जा सका। एसडीआरएफ टीम ने शव को बाहर निकालकर अग्रिम कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस शव को पीएम के लिए अस्पताल की मर्चुरी में रखवाई है, साथ ही मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।


DEEP JYOTI HIGHER SECONDARY SCHOOL
Add.: Behind New Bus Stand Saman, Rewa (M.P.)
Cont.: 9575501555, 07662353614
English Medium | Class Nur. to 12th
Bio, Maths, Com., Arts - Available in (11th & 12th)
Congratulations
ABHISHEK MISHRA Rank-2 (Batch- 2024-25) MP STATE MERIT LIST
ADMISSION OPEN Session - 2026-27
DEEP JYOTI MIDDLE SCHOOL Sanjay Nagar Rewa (M.P.)
Class - Nursery to 8th (English Medium)
Cont.: 8225083111, 8349218075



प्रवेश प्रारंभ
NCVT & DGET भारत सरकार से मान्यता प्राप्त
सतपुड़ा I.T.I.
'हुनर से रोजगार तक हम आपके साथ हैं'
ELECTRICIAN 2 YEARS
FITTER 2 YEARS
COPA 1 YEARS
प्रवेश प्रारंभ सत्र- 2026-27
ST/SC/OBC के छात्रों को शासन द्वारा छात्रवृत्ति की सुविधा
Eligibility 10th Pass
प्रवेश हेतु संपर्क करें पता- बांयाकला सीधी रोड, मऊगंज (म.प्र.)
मो.:- 7000558230, 6262604132, 7999190729



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma D.Pharma
REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)



मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फेलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250



SATYA ACADEMY H.S. SCHOOL
Class : 11th & 12th Bio, Maths & Commerce
Session 2026-27 ADMISSION OPEN Nursery to 11th
REQUIREMENT TGT- English & Science Music Teacher
Regular abacus classes
University Road Bypass Ratahara, Rewa, (M.P.)
9425999434, 8827499434
satyaacademyrewamp@gmail.com
satyaacademyrewa.in



डॉ. अनुशा पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन
संबंधित समस्याएं
• सफेद पानी जाना, मासिक में अनियमितता
• मासिक के समय दर्द एवं अधिक रक्त स्त्राव
• पेशाब का लीक होना, बदबू आना, जलन होना एवं पेशाब सम्बन्धी समस्या
• बच्चा रोक थाम का उपाय
• बाँझपन का इलाज
• अंडाशय की गांठ के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के रसौनी का इलाज
• पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजीज का इलाज
• रजोनिवृत्ति (Menopause) की समस्याएँ
• नॉर्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी
परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन
निःशुल्क परीक्षण कैम्प हर महीने की 15 तारीख को समयः सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक
एच.बी. और सुगर जांच फ्री सोनोग्राफी में 20% की छूट
मिलने का पता श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने शॉप नं.-39, 39A समदड़िया मेडिकल मॉल-रीवा
8085813545



टी.डी. शिक्षा महाविद्यालय, चाकघाट रीवा
सम्बद्ध - अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.) | कोड 28 के तहत नियुक्ति हेतु विज्ञापन
निम्नलिखित पदों के लिए महाविद्यालय में कोड 28 के अंतर्गत नियमानुसार नियुक्तियां की जानी है। शैक्षणिक योग्यता, वेतनमान, आरक्षण मध्यप्रदेश शासन / यू.जी.सी. के नियमानुसार देय होगा।
संचालित पाठ्यक्रम – बी.एड., बी.एस.सी.बी.एड., एम.ए., एम.एस.सी., एल.एल.बी., बी.ए.एल.एल.बी., एम.एस.डब्ल्यू एवं पी.जी.डी.सी.ए. आदि।

| पदनाम | पद संख्या |
|---|---|
| • प्राचार्य | 01 |
| • व्याख्याता (बी.एड.) | 15 |
| • व्याख्याता (बी.एस.सी. बी.एड.) | 15 |
| • एम.ए. सहायक प्राध्यापक – हिन्दी, इतिहास, समाजशास्त्र | प्रत्येक विषय में एक-एक |
| • एम.एस.सी. सहायक प्राध्यापक – भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित | प्रत्येक विषय में एक-एक |
| • एल.एल.बी. सहायक प्राध्यापक | 05 |
| • बी.ए.एल.एल.बी. सहायक प्राध्यापक | 05 |
| • एम.एस.डब्ल्यू सहायक प्राध्यापक | 02 |
| • पी.जी.डी.सी.ए. सहायक प्राध्यापक | 02 |
| • स्पोर्ट्स टीचर • संगीत शिक्षक • क्राफ्ट शिक्षक • एकाउंटेंट | 01-01 |
| • कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 |
| • रिसेप्शनिस्ट | 01 |
| • गार्ड / गनमेन • चपरासी | 02-02 |

नोट : 1.प्राचार्य पद हेतु पी.एच.डी. एजुकेशन एवं 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव होना अनिवार्य। 2. व्याख्याता पद हेतु एम.एड. होना अनिवार्य। 3. सहायक प्राध्यापक एम.ए., एम.एस.सी. कृहेतु पी.जी. एवं नेट, एम. फिल. पी.एच.डी. को प्राथमिकता।
आवेदन करने की अंतिम तिथि – 28.05.2026
पता : टी.डी. शिक्षा महाविद्यालय बघेड़ी चौराहा सतपुड़ा रोड चाकघाट रीवा (म.प्र.)
संपर्क : मो. नं. : 8349493179, 9285457277, 9993716073



मेडिनाइन हॉस्पिटल, नागपुर के अस्थिरोग एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब आपके शहर रीवा में
डॉ. नितीन आर. पोथारे
MBBS, MS Orthopedics, D-N-B (Mumbai)
Fellowship in Endoscopic spine surgery
NANAVATI Hospital Mumbai
Fortis Hospital Mumbai
Orthopedics & Spine Surgeon
17 मई 2026, रविवार ओपीडी समय सुबह 11:00 से दोपहर 3:00 तक
दूरबीन से बिना टाके के स्पाइन सर्जरी फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध है।
हड्डियों और रीढ़ से संबंधित समस्याओं के लक्षण
• जोड़ों या हड्डियों का दर्द जो ठीक नहीं होता
• घुटने, कंधे या कमर में दर्द
• हाथों या पैरों में सुन्नता या झुनझुनी
• पीठ या गर्दन में दर्द कुछ दिनों से अधिक समय तक रहना
• कमर से लेकर पैरों तक दर्द (साइटिका)
• बाहों या पैरों में कमजोरी महसूस होना
• चलने या सीधे खड़े होने में कठिनाई
• जोड़ों में सूजन या अकड़न महसूस होना
• मुड़ी हुई या टेढ़ी रीढ़
• किसी दुर्घटना के बाद दर्द
• असंयम (यह एक आपातकालीन स्थिति है)
भाग्यवती मेडिकल स्टोर, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
Call for Appointment: 9201458535



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः– मोबाइल नं रीवा**– 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com